सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
14.06.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित     सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net जेष्ठ, शुक्ल पक्ष, अष्टमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 330



12 सनी देओल ने किया बार्डर-2 फिल्म का ऐलान

## न्यूज डायरी

### झारखंड में लू का रेड अलर्ट जारी 12 राज्यों में भारी बारिश संभव

**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में अगले 3 दिनों असम, बंगाल, सिक्किम समेत 12 राज्यों में मूसलाधार बारिश की संभावना जतायी है। वहीं झारखंड, बिहार और यूपी में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। आइएमडी ने बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में मॉनसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताया है।

### हेमंत की जमानत अर्जी पर फैसला रखा सुरक्षित

**रांची।** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गयी। गुरुवार को दोनों पक्षों की ओर से दलील पेश की गयी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अदालत फैसला सुरक्षित रख लिया है।

### पानी भरे गड्ढे में डूब कर बच्ची की मौत

**हजारीबाग।** बड़की जलौंध निवासी जितेन्द्र भुईया की सात वर्षीय बेटी सीतल कुमारी की गुरुवार को गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गयी। ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को सीतल कुमारी शौचालय के लिए दोस्तो साथ खेत गयी थी। पानी के लिए एक गड्ढे की ओर गई थी तभी उसका पैर फिसल गया और गहरे गड्ढे में गिर गयी।

### चिरूडीह नरसंहार में एक को उम्रकैद की सजा मिली

**जामताड़ा।** चिरूडीह नरसंहार कांड एक बार फिर सुर्खियों में है। इस मामले में एक अभियुक्त रमाकांत दत्ता (75) को जामताड़ा कोर्ट की अदालत ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनायी।

### 12 से अधिक पत्थर माफिया पर विभाग ने केस कराया

**खूंटी।** खनन विभाग ने अवैध पत्थर उत्खनन एवं परिवहन करने वालों को चिन्हित कर खूंटी थाने में 12 से अधिक लोगों पर एफआईआर दर्ज की गयी है।




| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 94000 रु./प्रति किलो |




झारखंड में नौकरियों की बहार : बैठक में सीएम ने कहा रिक्त पद शीघ्र भरें

# अगले तीन माह में 35 हजार नियुक्तियां होंगी

युवाओं को रोजगार देना हमारी प्रतिबद्धता और प्राथमिकता

## सभी नियुक्तियों में नियमावली और रोस्टर का पालन हो

### चयन प्रक्रिया में अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्ध और प्राथमिकता भी है। उन्होंने जेएसएससी को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया सितंबर महीने तक पूरी कर लेने का दिया निर्देश। आयोग द्वारा आठ प्रतियोगी परीक्षाओं के जरिए लगभग 35 हजार पदों पर नियुक्ति की चयन प्रक्रिया शुरू करने को कहा। उन्होंने कहा कि समय सीमा में पूरी हो बहाली प्रक्रिया हो और नियुक्ति नियमावली तथा रोस्टर का हर हाल में हो पालन हो।

श्री सोरेन गुरूवार को वरीय अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे। बैठक में सीएम ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की जानकारी ली।

**खाली पड़े पद शीघ्र भरे जायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में जो भी रिक्तियां हैं, उसकी चयन प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू कर युवाओं को रोजदार दें। सभी नियुक्तियों में सरकार की नियमावली और रोस्टर का पालन करें, इसमें अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। जेएसएससी द्वारा जो भी प्रतियोगिता परीक्षा ली जा रही है, उसमें पारदर्शिता आवश्यक है। अगर पेपर लीक जैसी घटनाएं होती हैं तो जो भी दोषी पाये जायेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पुलिस महानिदेशक और जेएसएससी के अध्यक्ष से कहा कि झारखंड उत्पाद आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के जरिये 580 पद और झारखंड आरक्षी प्रतियोगिता परीक्षा के 4919 पदों पर प्रक्रिया अविलंब शुरू की जाये। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि परीक्षा के अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षण इसी माह शुरू हो जायेगा। प्रक्रिया पूरी होने पर सफल अभ्यर्थियों की सूची जेएसएससी को उपलब्ध करा दी जायेगी।

**सभी परीक्षओं की प्रक्रिया शुरू**

बैठक में जेएसएससी अध्यक्ष प्रशांत कुमार ने मुख्यमंत्री को आयोग द्वारा ली जाने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं की चल रही प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आयोग की ओर से लगभग 35 हजार पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। इसमें स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा के 1868 पद, झारखंड डिप्लोमा स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 153 पद, झारखंड नगर पालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 921 पद शामिल है।

(शेष पेज 11 पर)



### पेसा नियमावली को लागू करने की कवायद तेज

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में पेसा नियमावली लागू किये जाने की कवायद तेज हो चुकी है। सीएम के समक्ष झारखंड मंत्रालय में गुरूवार को पंचायती राज विभाग के अधिकारियों द्वारा पेसा-एक परिचय एवं रोड मैप विषय पर पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दी।

सीएम ने पेसा-एक परिचय एवं रोड मैप की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिये। राज्य में शीघ्र पेसा कानून लागू किया जा सके, इस निमित्त कई अहम बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में एक बेहतर पेसा नियमावली बने, यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। मौके पर मंत्री दीपक बिरुवा, सीएस एल खियांग्ते, सीएम के प्रधान सचिव अविनाश कुमार, पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के सचिव कृपानंद झा, निदेशक पंचायती राज निशा उरांव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# झारखंड में हीटवेव से अभी राहत नहीं

## कमजोर पड़ा मानसून, 20 तक राहत संभव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राज्य के 18 जिलों में हीट वेव की स्थिति है। पलामू, चतरा, गढ़वा में पारा 45 के पार है। लोगों को मानसून का अभी और इंतजार करना होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पहले अनुमान था कि मानसून 13 तक राज्य में प्रवेश कर जायेगा। वहीं अब इसके 20 जून तक प्रवेश करने की जानकारी दी जा रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो पिछले दिनों बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया बना था, जो कमजोर पड़ गया। लो प्रेशर के कमजोर होने से मानसून की गति पर असर पड़ा और गति धीमी हो गयी है। अब मानसून का झारखंड में प्रवेश 20 जून तक होने की संभावना जतायी जा रही है।

**पलामू, गढ़वा, चतरा का पारा 45 पार :** मानसून कमजोर पड़ने के कारण राज्य के लोगों को अभी गर्मी और उमस का कहर झेलना होगा। 16 जून तक पूरे राज्य में गर्मी की विषम स्थिति बनी रहेगी। अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज, चतरा, गढ़वा का दर्ज किया गया। राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में कहीं कहीं मेघगर्जन और आंधी के साथ हल्की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 10.2 मिमी दुमका में रिकार्ड की गयी। राज्य के उत्तर पश्चिमी हिस्से में कुछ जगहों पर हीटवेव का सर्वाधिक असर देखने को मिला।

### लू से एक और रेलकर्मी की मौत

पलामू प्रमंडल में सूरज आग उगल रहा है। तपती धूप में रेलवे ट्रैक पर काम करना काफी कठिन होता जा रहा है। जपला हैदर नगर रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे रेलकर्मी अशोक राम की बुधवार को लू लगने से मौत हो गयी। वह गया का रहने वाला था। इससे पहले लू लगने से रेलकर्मी मुकेश मीना की मौत हो गयी थी। दो दिन पूर्व अंकोरहा रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर कार्य करने के दौरान एक रेल कर्मी की मौत हो गयी थी।

# नीट पर सुप्रीम फैसला : 23 को पुन: परीक्षा का विकल्प

## ग्रेस मार्क्स विवादित, 1563 का स्कोर कार्ड रद्द

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गयी विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधी केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार यह अनुमति थी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिये गये थे। उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनायेंगे। उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किये जायेंगे। इसके साथ ही यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी निर्धारित तारीख पर दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिये गये 'क्षतिपूर्ति अंक' काटकर अंक पत्र जारी किये जायेंगे। इस प्रकार से नयी रैंकिंग के साथ परीक्षा परिणाम जारी किये जायेगे। पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि नामांकन से संबंधित काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी।




जम्मू-कश्मीर पर हाइलेवल बैठक में पीएम का निर्देश

# आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकी घटनाओं पर गरुवार को पीएम मोदी हाईलेवल बैठक की। पीएम मोदी ने बैठक में आतंकियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिये। 9 जून को रियासी में आतंकियों ने श्रद्धालुओं की बस को निशाना बनाया था, जिसमें 10 की मौत हो गयी थी। इस मामले में अबतक 50 से अधिक संदिग्ध आंतकी दवोचे जा चुके हैं। जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति को लेकर हुई बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल शामिल थे। पीएम मोदी को राज्य में सुरक्षा की स्थिति और आतंकवाद विरोधी अभियानों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही पीएम मोदी ने आतंकी हमलों को लेकर गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बात की और घाटी में सुरक्षा बलों की तैनाती और एक्शन प्लान को लेकर जानकारी ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी है और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों के बारे में भी बताया।



(शेष पेज 11 पर)

### डोभाल एनएसए और मिश्रा पीएम के प्रधान सचिव बने रहेंगे

**नयी दिल्ली।** अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त(एनएसए) किया गया है। वहीं डा पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने अमित खरे और तरूण कपूर को भी पीएमओ में प्रधानमंत्री का सलाहकार नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने बताया कि श्री डोभाल और डॉ मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी। पीएम मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी। दोनों अधिकारियों को केबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। वहीं श्री खरे और श्री कपूर की नियुक्ति दो वर्ष के लिए होगी। उन्हें केन्द्र सरकार के सचिव के समकक्ष रखा गया है।



## हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, आदेश सुरक्षित

# वकील ने कोर्ट में कहा- ना ही वो जमीन हेमंत की है, ना ही उसपर उनका कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बरियातू के बड़गाई में 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से झारखंड हाई कोर्ट में दायर जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। इसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी मौजूद थीं।

ईडी के वकील एसवी राजू ने हेमंत सोरेन ने अनधिकृत रूप से बड़गाईं अंचल के 8.86 एकड़ जमीन पर कब्जा कर रखा है, जो पीएमएलए 2002 में निहित प्रावधानों के तहत मनी लाउंड्रिंग है। ईडी ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन काफी प्रभावशाली शख्स हैं और स्टेट मिशनरी का यूज करते हुए उन्होंने खुद को बचाने के तमाम प्रयास किए थे। जमानत मिलने पर सोरेन की ओर से राज्य मशीनरी का दुरुपयोग करके जांच को बाधित करने का प्रयास कर सकते हैं।

बड़गाईं स्थित जमीन पर बैंक्वेट हॉल बनाने की योजना थी। आर्किटेक विनोद सिंह ने नक्शा बना कर हेमंत सोरेन के मोबाइल पर भेजा था। साथ ही विनोद ने सर्वे के दौरान बड़गाईं स्थित जमीन की पहचान की थी। राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद पर भी हेमंत सोरेन की मदद की थी। भानु प्रताप प्रसाद ने अपने बयान में भी यह स्वीकार किया है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले निर्देश पर उसने बड़गाईं स्थित जमीन का विस्तृत ब्योरा तैयार कर उपलब्ध कराया था। हिलेरियस कच्छप ने भी हेमंत सोरेन को इस जमीन पर अवैध कब्जा करने में मदद की थी। संबंधित जमीन पर हिलेरियस ने ही अपने नाम पर बिजली का कनेक्शन लिया था। साथ ही 8.86 एकड़ की इस जमीन की पत्थर से घेराबंदी भी करायी थी।

वहीं हेमंत सोरेन की ओर सुप्रीम कोर्ट की वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा की ओर से कहा गया कि इसमें मनी लॉन्ड्रिंग का मामला नहीं बनता है। राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है और यह जांच एजेंसी यानी प्रवर्तन निदेशालय का दुरुपयोग केंद्र सरकार के द्वारा किया गया दुर्भावनापूर्ण अभियोजन है। विनोद सिंह के व्हाट्सएप चैट में जिस 8.86 जमीन पर बैंक्वेट हॉल की बात कही जा रही है, वह उस जमीन का नहीं है। यह केवल ईडी का अनुमान भर है। हेमंत की वकील ने कोर्ट में कहा कि बड़गाई की जमीन ना तो मेरी है, ना तो मेरा उसपर पजेशन है।

बता दें कि हेमंत सोरेन बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद है। मामले में ईडी ने जांच पूरी करते हुए 30 मार्च को हेमंत सोरेन समेत 5 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इसके अलावा जीमेल नेता अंतू तिर्की सहित 10 आरोपियों पर पूरक आरोप पत्र भी बीते दिनों अदालत में दायर हो चुका है। मामले में हेमंत सोरेन सहित 11 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

# देवघर रोपवे हादसा मामले में कार्रवाई कर कोर्ट को सूचित करने का आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता


फाइल फोटो

**रांची।** देवघर रोपवे हादसे में सरकार की ओर से अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने पर गुरुवार को हाईकोर्ट ने नाराजगी जतायी और पर्यटन सचिव को अदालत में यथाशीघ्र हाजिर होने का निर्देश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद पर्यटन सचिव मनोज कुमार अदालत में हाजिर हुए। इसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस एके राय की अदालत ने सचिव से पूछा कि इस मामले में सरकार ढुलमुल रवैया क्यों अपना रही है। जांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है।

सचिव ने बताया कि इस मामले पर 26 जून को बैठक प्रस्तावित है। इस पर अदालत ने सचिव को 26 जून के पहले बैठक कर निर्णय लेकर कोर्ट को सूचित करने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 26 जून को होगी। अप्रैल 2022 में देवघर के त्रिकुट पर्वत पर रोपवे हादसा हुआ था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। हाईकोर्ट ने इस पर स्वतः संज्ञान लिया था और मामले की सुनवाई कर रहा है।

पिछली सुनवाई के दौरान राज्य की ओर से जांच रिपोर्ट पर निर्णय लेने के लिए समय की मांग की गई थी। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया था कि लोकसभा चुनाव के बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर कंपनी पर निर्णय लिया जाएगा। राज्य सरकार ने बताया था कि त्रिकूट पर्वत पर रोपवे का संचालन करने वाली दामोदर रोपवे इंफ्रास्ट्र^ र लिमिटेड को पूर्व में शो कॉज नोटिस जारी किया गया है। कंपनी से पूछा गया था कि क्यों नहीं, उसको काली सूची में डाल दिया जाए। उसकी ओर से जवाब आ गया है। कोर्ट को आश्वस्त किया गया था कि जल्द ही कंपनी को काली सूची में डालने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

# पीजीटी : सात विषयों में नियुक्ति की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में प्रचंड गर्मी के बावजूद विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी राजभवन के समक्ष पीजीटी के शेष सात विषयों (हिंदी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत, वाणिज्य ,अर्थशास्त्र और इतिहास) में नियुक्ति को लेकर अनिश्चितकालीन धरना मैं बैठे हैं। बीते वर्ष फरवरी 2023 में कुल 11 विषयों के लिए पीजीटी नियुक्ति परीक्षा के लिए विज्ञापन जारी हुआ था। ऑनलाइन परीक्षा का संचालन अगस्त-सितंबर में पूरा कर लिया गया। इसके बाद 11 में से चार विषयों की नियुक्ति 7 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के हाथों से प्रदान कर दी गई। यह एक विडंबना ही है कि एक विज्ञापन होने के बावजूद 11 में से चार विषयों के अभ्यर्थी आज विद्यालय में पदस्थापित हैं और शेष सात विषयों के अभ्यर्थी धरना देने को विवश हैं।

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने बताया कि वे कई माह से नियुक्ति के लिए आला अधिकारियों एवं नेता गणों से संपर्क साध रहे हैं। सभी ने आचार संहिता समाप्त होने के बाद तत्काल नियुक्ति की बात कही थी जो पूरी नहीं हुई। उनकी यह मांग है, कि तत्काल मेरिट लिस्ट जारी करते हुए 20 जून तक सभी सात विषयों के सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाए।

## तीन आईएस अधिकारी का स्थानांतरण, भू-राजस्व विभाग से हटाये गये मनीष रंजन

**चंद्रशेखर बने भू-राजस्व सचिव, अरवा राजकमल को नगर विकास सचिव का प्रभार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। सचिव राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित मनीष रंजन को हटा दिया गया है। वह राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव साथ-साथ भवन निर्माण विभाग तथा प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, रांची के अतिरिक्त प्रभार में भी थे। उन्हें अगले आदेश तक सचिव भवन निर्माण विभाग के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। श्री रंजन अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ प्रबंध निदेशक झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड रांची के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

वहीं, नगर विकास सचिव, अतिरिक्त प्रभार प्रबंध निदेशक जुडको तथा प्रबंध निदेशक ग्रेटर रांची विकास एजेंसी, चंद्रशेखर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक सचिव राजस्व निबंधन भूमि सुधार विभाग, रांची के पद पर नियुक्ति एवं पद स्थापित किया गया है। इनके अलावा मुख्यमंत्री के सचिव झारखंड स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन नई दिल्ली अरवा राजकमल को अगले आदेश तक अपने कार्यों के साथ सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड, रांची तथा प्रबंध निदेशक जुडको तथा प्रबंध निदेशक ग्रेटर रांची विकास एजेंसी को भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## झारखंड में खदानों के 3403 लीजधारकों की लीज अवधि खत्म

**445 लीजधारकों में सिर्फ 765 ही हैं कार्यरत**

**रांची।** झारखंड में खदानों के 3403 लीजधारकों की लीज की अवधि समाप्त हो गयी है। खान विभाग में मेजर व माइनर मिनरल और कोयला खदानों के लिए 4445 लीजधारकों को लीज दिया था। वर्तमान में राज्य में सिर्फ 765 लीजधारक ही कार्यरत हैं, जबकि नॉनवर्किंग लीजधारकों की संख्या 276 है। वहीं, कोयला खदान में 53 लीजधारकों की लीज खत्म हो गयी है।

**साहिबगंज में माइनर मिनरल की 327 लीज खत्म :** साहिबगंज में सबसे अधिक माइनर मिनरल खदानों (पत्थर सहित अन्य छोटे खनिज) के लीजधारकों की लीज खत्म हो गयी है। इस जिले में 327 लीजधारकों की लीज खत्म हुई है। इसके बाद पाकुड़ में 293 लीज खत्म हुई हैं। वहीं कुल 10 जिलों में 100 से अधिक लीजधारकों की लीज खत्म हो गयी है।

# राज्य के 28945 शिक्षकों को एक बार फिर से मिलेगा टैब

**जेईपीसी ने निकाला टेंडर, जुलाई में टैब देने की तैयारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के सरकारी शिक्षकों को एक बार फिर से टैब देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसके लिये झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की ओर से पिछले दिनों टेंडर निकाला गया था, जिसकी प्रक्रिया अब शुरू कर दी गयी है। टेंडर के अनुसार शिक्षकों को अगले महीने के अंत तक टैब देना है। इसके तहत प्रारंभिक विद्यालयों में कार्यरत 28,945 शिक्षकों को टैब दिया जायेगा। बता दें कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण इसे फाइनल नहीं किया जा रहा था। अब आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद इसे शीघ्र फाइनल किए जाने की उम्मीद है। शिक्षकों को टैब देने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ही 10 हजार रुपये की दर से 28.94 करोड़ रुपये राज्य सरकार को दिए थे।

### टैब से नहीं हटा था पूर्व सीएम की वीडियो

केंद्र का आदेश है कि राज्य सरकार चाहे तो इसमें अतिरिक्त राशि वहन कर सकती है। इसके बाद राज्य सरकार ने प्रति टैब के लिए अतिरिक्त पांच हजार रुपये देने का निर्णय लिया। बताते चलें कि पिछली रघुवर सरकार में भी शिक्षकों को टैब दिए गए थे। इनमें ज्यादातर खराब हो चुके हैं। सरकार बदलने के बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के वीडियो आने पर इसपर काफी विवाद हुआ था। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने टैब से इस वीडियो को हटाने के लिए भी कंपनियों से संपर्क किया था। इसमें यह बात सामने आई थी कि वीडियो हटाने पर अधिक राशि खर्च होगी। इस कारण टैब से वीडियो हटाया नहीं जा सका।


**कार्यालय :– जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।**

**मत्स्य बीज उत्पादकों / मत्स्य कृषकों के लिए आवश्यक सूचना**

जिले के सभी मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए तालाबों / नर्सरियों में मत्स्य स्पॉन संचयन का समय प्रारंभ हो चुका है। अतएव सभी मत्स्य मित्रों को निदेश दिया जाता है कि अपने–अपने कार्यक्षेत्र में उपस्थित बीज उत्पादकों को इस हेतु जागरूक कर स्पॉन संचयन कराना सुनिश्चित करें। ज्ञातव्य हो कि स्पॉन में 90 प्रतिशत सरकारी अनुदान एवं 10 प्रतिशत लाभुक अंशदान है। स्पॉन के साथ 2000/–रू0 का फीड एवं 2000/–रू0 का Fry Catching Net भी उपलब्ध कराया जाना है। अतएव निम्नलिखित प्रपत्र में माँग कार्यालय में समर्पित करें :–

| क्रम | मत्स्य बीज उत्पादक का नाम एवं पता | तालाब का नाम एवं पता | जलक्षेत्र | स्पॉन की माँग (लाख में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 326270 (Fish) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला**

**ई० निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० निविदा संख्या–WRD/MID/GUMLA/ F₁-01/2024-25 दिनांक – 12.06.2024**

1. ई– निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।
2. ई निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मोबाईल नं0 :– 0651–2214784 मो0 8986890345
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 15.06.2024 (अपराह्न 02:00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 01.07.2024 (अपराह्न 05:00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.07.2024 (अपराह्न 02:00 बजे)

| क0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | साखु नाला पर चेकडैम निर्माण। | डुमरी | 65,34,200.00 | 1,30,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 2 | पारस नाला पर चेकडैम निर्माण। | डुमरी | 59,31,100.00 | 1,18,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 3 | बहमनि झरिया नाला पर चेकडैम निर्माण। | चैनपुर | 66,95,100.00 | 1,34,000.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 4 | किरतोटोली ढोढा नाला पर चेकडैम निर्माण। | चैनपुर | 64,76,000.00 | 1,29,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 5 | डुमरटोली नाला पर चेकडैम निर्माण। | P.A.E.जारी | 62,88,900.00 | 1,25,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 6 | बर नाला पर चेकडैम निर्माण। | P.A.E.जारी | 54,58,400.00 | 1,09,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 7 | रामपुर नाला में चेकडैम निर्माण। | कामडारा | 58,41,000.00 | 1,16,900.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 8 | बाटालोया नाला में चेकडैम निर्माण। | बसिया | 53,55,000.00 | 1,07,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 9 | बानागुटु नाला में चेकडैम निर्माण। | बसिया | 50,26,000.00 | 1,00,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 10 | सलगी नदी पर एकल चेकडैम निर्माण। | घाघरा | 89,39,700.00 | 1,78,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 11 | पारला बगीचा नाला पर चेकडैम निर्माण। | घाघरा | 55,25,400.00 | 1,10,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 12 | सुधा नदी पर चेकडैम निर्माण। | बिशुनपुर | 79,85,000.00 | 1,59,700.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 13 | जिरहुल नाला 2 पर एकल चेकडैम निर्माण। | भरनो | 64,41,600.00 | 1,28,900.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 14 | समशेरा नाला पर एकल चेकडैम निर्माण। | भरनो | 63,37,800.00 | 1,26,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 15 | सालम नवाटोली नाला पर चेकडैम निर्माण। | बिशुनपुर | 58,05,500.00 | 1,16,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 16 | रांगे नदी पर चेकडैम निर्माण। | बिशुनपुर | 87,39,500.00 | 1,74,800.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 17 | कोसा सरनाटोली नाला में श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | कामडारा | 1,44,55,000.00 | 2,89,100.00 | 10,000.00 | 11 माह |
| 18 | रामतोल्या जक्या टोली नाला में श्रृंखलाबद्ध चेकडैम निर्माण | कामडारा | 1,33,27,000.00 | 2,66,600.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई० निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार होगी।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश / परिपत्र लागु होगें।
(6) विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट– http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,गुमला

PR 326226 Minor Irrigation(24-25).D


# प्रदेश राजद का प्रतिनिधिमंडल नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से मिला, बधाई दी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश राजद का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव के नेतृत्व में गुरुवार को नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से उनके आवास पर मुलकात कर कोटिश बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान सामान्य रूप से राजनीतिक चर्चा भी हुआ। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि कल्पना सोरेन की राजनीति में कदम रखने से काफी कम दिनों में अप्रत्याशित लोकप्रियता बढ़ी है। इनके मेहनत और सकारात्मक लगन के कारण राज्य में इंडिया गठबंधन ने 5 लोकसभा सीट दर्ज किया है और स्वयं अपने भी गांडेय विधानसभा से जीत दर्ज कर मजबूत परिचय दिया है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व विधायक सह प्रधान महासचिव संजय प्र यादव, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव आबिद अली, महासचिव डॉ. अरुण कुमार, सचिव रामकुमार यादव, प्रणय कु बबलू, पलामू जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा, हंसराज यादव शामिल थे।

**सीएम से मिले विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी**

# सिमडेगा में हर घर जल नल योजना में गड़बड़ी की जांच का किया आग्रह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से गुरूवार को झारखंड मंत्रालय में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सिमडेगा जिले में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल नल योजना के क्रियान्वयन में गड़बड़ी की जांच किये जाने तथा वंचित परिवारों को जल जीवन मिशन योजना से जोड़ने का आग्रह किया है। मौके पर मुख्यमंत्री ने मामले की गंभीरता को मद्देनजर रखते हुये इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा यथोचित कार्रवाई किये जाने का आश्वासन उन्हें दिया है।

## मुख्यमंत्री ने जनहित से जुड़ी योजनाओं को लेकर वरीय अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय बैठक

# जरूरतमंदों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ देने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीएम चम्पई सोरेन ने कहा है कि राज्य के गरीब और जरूरतमंदों को जनहित से जुड़ी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ऐसे में नई योजनाओं की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इन योजनाओं के मार्फत लाभुकों को कई और सुविधाएं और रियायत दी जायेगी। मुख्यमंत्री गुरूवार को स्वास्थ्य विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की नई योजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने विभागों से कहा कि जो भी नई योजनायें शुरू की जानी है, इसका प्रस्ताव जल्द से जल्द तैयार करें। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना से वंचित लोगों को भी इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये स्वास्थ्य विभाग करे पहल। 125 यूनिट यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना का बढ़ेगा दायरा, ऊर्जा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश। रसोई गैस सिलेंडर पर भी लाभुकों को राज्य सरकार की ओर से रियायत देने की योजना का प्रस्ताव खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तैयार करे। राज्य की अधिकतम महिलाओं को पेंशन देने की दिशा में सरकार बना रही योजना। समाज कल्याण विभाग को प्रपोजल बनाने का निर्देश।

बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह,वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, खाद्य आपूर्ति विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, योजना एवं वित्त विभाग के सचिव एमआर मीणा, समाज कल्याण विभाग के सचिव मनोज कुमार और झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्र^ र डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबू इमरान उपस्थित थे।

## 16 को जमशेदपुर में फ्लाईओवर का करेंगे शिलान्यास

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन 16 जून को जमशेदपुर में फ्लाईओवर निर्माण का शिलान्यास करेंगे। इसे लेकर मानगो स्थित गांधी मैदान में शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को डीसी अनन्य मित्तल सहित अन्य अफसरों ने तैयारी का जायजा लिया। बताते चलें कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसका शिलान्यास किया था, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ था। अब चंपाई सोरेन के शिलान्यास के बाद निर्माण आरंभ हो जायेगा।

सुप्रभात

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

शुक्रवार 14.06.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 55

epaper.khabarmantra.net

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को सात वर्ष कैद की सजा

**धनबाद।** शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी वर्द्धमान निवासी आकाश डोम को धनबाद पोस्को एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सात वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है 11जून को अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। तथा सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 जून की तारीख निर्धारित की थी। प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर चिरकुंडा थाने में 9 जनवरी 20 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी में आरोप था कि 6 जनवरी 20 को पीड़िता की मां को फोन करके आकाश ने कहा कि तुम्हारी बेटी को लेकरभाग गए हैं खोजबीन मत करना वरना अंजाम बुरा होगा पुलिस ने पांच फरवरी 20 को पीड़िता को बरामद किया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध 26 मई 21 को आरोप पत्र दायर किया था सुनवाई के दौरान आकाश फरार हो गया जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

### कोयला चोरी के आरोपी को सजा

**धनबाद।** धनबाद कोलियरी से कोयला चोरी के आरोपी आमटाल निवासी दिलीप कुमार को अदालत ने सजा सुनाई है। धनबाद के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित की दलील सुनने के बाद आरोपी को आठ हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। प्राथमिकी सीआईएसएफ के गश्ती दल के द्वारा झरिया थाने में 20 दिसंबर 21 को दर्ज कराई गई थी प्राथमिकी के मुताबिक गश्ती के दौरान सीआईएसफ को दोबारी कोल्ड डंप के पास एक बाइक खड़ा मिला था जिस पर चोरी का दो बोड़ा कोयला लदा हुआ था अनुसंधान के दौरान पुलिस ने गाड़ी के मालिक दिलीप कुमार के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था।

### वैष्णो देवी के श्रद्धालुओं पर हमले के खिलाफ विहिप का प्रदर्शन

**गिरिडीह।** वैष्णो देवी जा रहे श्रद्धालूओं पर आंतकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद् ने गुरुवार को शहर के टॉवर चौक में प्रदर्शन करते हुए इस्लामिक जिहादी और पाकिस्तान समर्थित आतंकियों का पुतला दहन किया। भाजपा नेत्री प्रो0 विनीता कुमारी, शिवपूजन कुमार, पवन कंधवे, शिवशक्ति साहा, गुड्डु यादव समेत विहिप के कई कार्यकर्ता झंडा मैदान पहुंचे और आतंकवादियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए टावर चौक पर पुतला दहन किया। मौके पर भाजपा नेत्री प्रो विनिता व विहिप के शिवपूजन ने कहा कि श्रद्धालुओं पर जिस तरह इस्लामिक जिहादियों ने फायरिंग की, उससे साबित होता है कि पाकिस्तान के पाले हुए इस्लामिक जिहादी कभी सुधर नहीं सकते हैं।

रेलवे की उपेक्षा का शिकार धनबाद कोयलांचल, उजड़ता आशियाना, ताकते लोग और खामोश राजनीतिज्ञ

# झरिया के बाद अब कतरास स्टेशन की बारी

**भू धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में बिछी पटरियों पर सरपट दौड़ती है रेलगाड़ी**




ज्ञानवर्द्धन मिश्र

**धनबाद।** झरिया के बाद अब कतरास की बारी है। भू धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में बिछी पटरियों पर सरपट दौड़ती रेलगाड़ियों के पहिये किसी भी क्षण थम सकते हैं। अब से कोई 22 वर्ष पहले धनबाद.झरिया.पाथरडीह के बीच गाड़ियों का परिचालन बंद हुआ था।वर्ष 2002 के जुलाई के महीना में झरिया वासियों ने झरिया स्टेशन पर आखरी सवारी गाड़ी का परिचालन होते देखा था। वर्ष 2004 मे झरिया .पाथरडीह रेल मार्ग मालगाड़ी समेत सभी प्रकार की ट्रेनों का परिचालन बंद हो गया और इसी के साथ सबसे व्यस्तम रेल मार्गो मे शुमार झरिया का रेलवे स्टेशन अतीत के पन्नों मे सदैव के लिए समा गया। अब कतरास गढ़ स्टेशन के भी अतीत का पन्ने में समा जाने का अंदेशा है। वर्ष 2002 के केंद्र की सत्ता पर काबिज स्व अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने झरिया .पाथरडीह रेल लाइन के आसपास कोयले में लगी भूमिगत आग के प्रभाव से हजारों यात्रियों के जान माल की सुरक्षा को देखते हुए उक्त मार्ग पर सवारी गाड़ी का परिचालन बंद करने का आदेश दिया था जिसको लेकर पूरा कोयलांचल मे जमकर विरोध प्रदर्शन हुए थे। झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति के बैनर तले झरिया के लोगों ने हजारों हजार की संख्या पदयात्रा कर धनबाद उपायुक्त कार्यालय समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया था। डीवाईएफआई समेत कई राजनीतिक पार्टियों ने आंदोलन भी किये थे। जिसका नतीजा रहा कि वर्ष 2002 मे पूर्व राष्ट्रपति स्व अब्दुल कलाम ने मजदूर नेता व बोकारो के पूर्व विधायक समरेश सिंह के अथक प्रयास के बाद झरिया के भू.धंसान व अग्निप्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। जायजा लेने के दौरान स्व अब्दुल कलाम ने कहा था कि इस आग को बुझाया जा सकता है। लेकिन ठीक इसके विपरीत 17 दिसंबर 2022 को कोयलांचल के दौरे ओर आये कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने झरिया का दौरा कर साफ कह दिया कि बिना कोयला निकाले भूमिगत आग पर काबू नही पाया जा सकता है।

**जन आंदोलन पर धनबाद-चंद्रपुरा बंद रेल लाइन हुआ था चालू**

धनबाद-चंद्रपुरा रेल लसईं जिसे शार्ट में डीसी लाइन कहा जाता है को 15 जून 2017 को आग और भू.धसान क्षेत्र होने का हवाला देकर बंद कर दिया गया था।डीजीएमएस ने इस क्षेत्र में रेल गाड़ियों के गमनागमन प को खतरनाक बताया था लेकिन जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों के जन आंदोलन के बाद 25 फरवरी 2019 को डीसी लाईन पुन चालू कर दिया गया था। वही बात अगर झरिया की करे तो झरिया के स्थानीय लोगों का आरोप है कि झरिया के जनप्रतिनिधियों ने हमेशा झरिया की आग के मुद्दे पर राजनीति रोटी सेंकी है। अगर अबतक के किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस मामले को गंभीरता से लिया होतो तो शायद ही आज ऐतिहासिक शहर अपनी अस्तित्व को बचाने की लड़ाई ना लड़ रहा होता। यहां की राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने इस मुद्दे को लेकर थोड़ी सी भी ईमानदारी दिखाई होती तो शायद सरकार व रेलवे को अपना आदेश वापस लेने को मजबूर होना पड़ता।

**15 साल के एग्रीमेंट का क्या हुआ**



दरअसल वर्ष 2007 मे रेलवे ने झरिया पाथरडीह रेल मार्ग वाली जमीन को बीसीसीएल को 15 वर्ष के अग्रीमेंट पर 3ए50ए00000 लाख के लीज पर दिया गया था। अग्रीमेंट के अनुसार बीसीसीएल कोयला निकाल भूमिगत आग को बुझा उक्त जमीन को समतलीकरण कर वापिस रेलवे को सौप देगा। वही रेलवे और बीसीसीएल मे हुए इस करार को पंद्रह वर्ष पूरे हो गए लेकिन स्थिति जस की तस है। ना ही आग बुझाने का प्रयास हुआ और ना ही उक्त क्षेत्रों से कोयला की निकासी पूरी हो सकी ।स

## प्रिंस खान के चार गुर्गों को पुलिस ने दबोचा

- **फुसरो में आभूषण व्यवसायी पर जानलेवा हमले के बाद कार्रवाई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बोकारो जिला पुलिस ने गुरुवार की सुबह वासेपुर के आरा मोड़ में छापा मार कर प्रिंस खान के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक लड़की भी है। गिरफ्तार करने के बाद पुलिस तुरंत उन्हें लेकर बोकारो वापस चली गई। छापामारी के दौरान बैंक मोड़ थाना पुलिस भी साथ थी। फिलहाल पुलिस किसी का भी नाम-पता नहीं बता रही है। पुलिस की यह कार्रवाई बुधवार को फुसरो में आभूषण व्यवसायी ज्ञानेश्वर पर जानलेवा हमला के बाद की गई है। ज्ञानेश्वर इस हमले में बाल-बाल बच गए। घटना के बाद फुसरो के सारे व्यवसायी आक्रोशित हो गए और सड़क जाम कर धरना शुरू कर दिया था। रात करीब 11 बजे पुलिस की ओर से अपराधियों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया गया था।

इसके बाद व्यवसायियों ने धरना समाप्त किया, जबकि 17 मई 2024 को भी बेरमो के मोती आभूषण नामक दुकान पर बाइक सवार दो युवकों ने गोली चलाई थी। इसमें भी संचालक बच गए थे। दोनों घटनाओं में प्रिंस खान का नाम सामने आया था और उनसे रंगदारी मांगी गई थी। बुधवार की इस घटना के बाद इंटरनेट मीडिया के माध्यम से मेजर नामक युवक के पेज से इस घटना की जिम्मेवारी ली गई थी।

**थाना प्रभारी ने कहा बरामद किया गया था नक्सली साहित्य, कम्प्यूटर और स्कैनर**

**धनबाद।** माले विधायक कामरेड महेंद्र सिंह हत्याकांड में गुरुवार को लातेहार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा की गवाही हुई। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत में सीबीआई के लोक अभियोजन द्वारा प्रमोद कुमार सिंन्हा को बतौर गवाह के रूप में पेश किया गया। गवाह ने अदालत को बताया कि जनवरी 2006 को वहां पुलिस अधिकारी के साथ छापा मारी के लिए निकला था। छापामारी के क्रम में जगमोहन बानरा के घर से नक्सली साहित्य तथा घर के बगल से पांच लोहे के ड्रम में लगभग 1000 लीटर की किरासन तेल बरामद किया गया था। जगमोहन के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर मशीन बेड़ा नामक जगह से नक्सलियों द्वारा छिपाया गया भारी मात्रा में समान तथा कंप्यूटर स्कैनर नक्सली साहित्य हस्तलिखित दस्तावेज नगद रुपए जनरेटर डेटोनेटर बारूद आदि सामान के साथ एक तनुजा नोटबुक बरामद किया गया था।

## गोदाम में लगी आग, बिचाली जलकर खाक

- **अग्नि शमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के बरमसिया स्थित बिचाली गोदाम में गुरुवार की सुबह लगभग तीन बजे बिजली ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग में लाखों रुपये की क्षति की आशंका जताई गई है। अगलगी की इस घटना में पूरा गोदाम जलकर राख हो गया। आग ने गोदाम में खड़े बिचाली लदे एक पिकअप वैन को भी चपेट मे ले लिया। हालांकि समय रहते लोगों ने पिकअप वैन पर लदे बिचाली को खाली कर दिया, जिसे धनसार पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। अगलगी की इस घटना में अगल बगल की छोटी कई दुकानें जलकर राख हो गई। बरमसिया एफसीआई गोदाम के पीछे यदु यादव के गोदाम में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि घटना के समय गोदाम में कोई आदमी नहीं था। गोदाम से धुआं निकलते देखकर पड़ोसियों ने फोन से सूचना दी साथ ही धनसार थाना और अग्नि शमन विभाग को भी फोन किया। अग्नि-शमन विभाग और स्थानीय लोगों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया ।स

## करंट लगने से युवक की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा अंजना बस्ती निवासी 36 वर्षीय गोबिंद कुमार राम की मौत गुरुवार को बिजली का करंट लगने से हो गई। जोड़ापोखर थाना प्रभारी ने शव का पंचनामा करा कर परिवार के लोगों को सौंप दिया। घटना के सम्बंध में पड़ोसियों का कहना है कि बुधवार की शाम गोबिंद अपने घर के इन्वर्टर में डिसटिल वाटर डाल रहा था, तभी वह बिजली करंट की चपेट में आ कर चिल्लाने लगा। आवाज सुन कर पत्नी रेखा देवी पहुंची। तब तक वह बेहोश हो चुका था। बेहोशी की हालत में उसे जामाडोबा अस्पताल भेज दिया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेज दिया। धनबाद में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुरुवार को शव जोड़ापोखर थाना लाया गया। पड़ोस के लोगों ने थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा को घटना की जानकारी देते हुए पंचनामा कर दिया है। शव का दाह संस्कार कर दिया गया है।

इधर मृतक की पत्नी रेखा देवी का जोड़ापोखर थाना परिसर में रो रो कर बुरा हाल है। पति दिहाड़ी मजदूरी कर घर चलाता था। उसकी तीन बेटियां हैं, जिनमें दो की उम्र 2 वर्ष,1 वर्ष है, जबकि तीसरी 6 माह की है।

**गांडेय में वज्रपात से नौ मवेशियों की मौत**



**गिरिडीह।** गांडेय थाना क्षेत्र के रगांमाटी गांव में गुरुवार को आसमानी बिजली की चपेट में आ कर एक साथ नौ मवेशियों की मौत हो गई। घटना के वक्त ग्रामीण मवेशियों को बांस के पेड़ के पास चराने ले गए थे। तभी आसमानी बिजली कड़की और उसके चपेट में नौ मवेशियों की मौत हो गई। गुरुवार को यह दर्दनाक हादसा दोपहर में हुआ। हालांकि मौसम साफ था और कड़ी धूप के बीच भीषण गर्मी का प्रकोप भी छाया हुआ था, लेकिन अचानक कुछ पलों में ही मौसम ने करवट ली और बिजली कड़कने लगी। जानकारी के अनुसार ग्रामीण मवेशियों को चराने ले गए थे। एक साथ दूधारु मवेशियों की मौत से ग्रामीणों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

## 6 घंटे से अधिक काटी जा रही बिजली, व्यवसाय चौपट

**बैंक मोड़ चेंबर ने कहा सुबह 10 से रात 10 बजे तक मिले बिजली**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर में बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर गुरुवार को बैंक मोड़ चेंबर के प्रतिनिधि मंडल ने अधीक्षण अभियंता सवनीन्द्र कुमार कश्यप से मिलकर ज्ञापन सौंपा। चेंबर के महासचिव लोकेश अग्रवाल ने बताया कि हर दिन 6 घंटा से अधिक बिजली काटी जा रही है। हालत यह है कि व्यवसाय चौपट हो रहा है। ग्राहकों को कंप्यूटरीकृत बिल नहीं दे पा रहे हैं। माल की आवाजाही के लिए ई-वे बिल नहीं बन रहा है। बिजली कटौती के कारण गृहिणी, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से व्यापारिक क्षेत्र में सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक बिजली नहीं काटने, कम क्षमता वाले ट्रांसफॉर्मर की जगह नये उच्च गुणवत्ता वाले ट्रांसफॉर्मर लगाने, प्रत्येक ट्रांसफॉर्मर में अर्थिंग की नमी की जांच निरंतर करने, धनबाद को पूरी बिजली की स्पलाई नेशनल ग्रिड से करने तथा घरों में सोलर सिस्टम लगाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने की मांग की। अधीक्षण अभियंता ने सभी मांगों पर विचार कर समाधान की दिखा में कदम बढ़ाने की बात कही। उन्होंने बताया कि बिजली कटौती में कमी लाने के लिए तैयारी चल रही है। गोविंदपुर और निरसा में ग्रिड बनकर तैयार हो चुका है और बिजली आपूर्ति की जा रही है। इसी तरह बलियापुर और मुकुंदा में भी ग्रिड बनाने की तैयारी चल रही है। लगभग दो साल में ग्रिड बनकर तैयार हो जाएगा।

## होटल से दो बाल श्रमिक कराये गये मुक्त

**गया के हैं दोनों बच्चे**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिले में जोर शोर से अभियान चलाया जा रहा है। डालसा सचिव, लेबर सुपरिंटेंडेंट और सीडब्ल्यूसी के सदस्यों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बैंक मोड़ इलाके के एक होटल से दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। दोनों बच्चे गया जिले के हैं। उनसे और होटल में काम कराया जा रहा था। अब संबंधित विभाग द्वारा उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। डालसा सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन, सहायक लेबर कमिश्नर रंजीत कुमार एवं सीडब्ल्यूसी चेयरमैन उत्तम मुखर्जी ने बताया कि जिले से बाल श्रम के उन्मूलन के लिए धावा दल का गठन किया गया है। डालसा की अगुवाई में कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। अब तक कई बाल श्रमिकों का रेस्क्यू किया गया है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर रखकर उनकी पढ़ाई लिखाई और पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है। यह अभियान जारी रहेगा।

**उदासीनता के कारण ट्रैकमैन आर्थिक उन्नयन के लाभ से वंचित**

**धनबाद।** सहायक मंडल अभियंता की संवेदनहीनता के कारण लातेहार और टोरी डिपो में कार्यरत सैकड़ों ट्रैकमैन को आर्थिक उन्नयन का लाभ नहीं मिल रहा है। जिन कामगारों की बदौलत धनबाद रेल मंडल नंबर वन का डंका बजा रहा है, उन्हीं की अनदेखी की जा रही है। यह जानकारी ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने दी। उन्होंने बताया कि हेन्दगीर से खलारी स्टेशन तथा बीच सेक्शन में काम कर रहे ट्रैकमैन तथा परिचालन विभााग के रेलकर्मियों से मिलने का मौका मिला, जिसमें पता चला कि धनबाद मंडल में इंजीनियरिंग विभाग में 4600 ट्रैकमैन के पद स्वीकृत हैं, जिसमें से करीब 3700 कार्यरत हैं और 900 पद रिक्त हैं। इस कारण कार्यरत ट्रैकमैन पर ही सारा बोझ डाल दिया गया है। लातेहार में पदस्थापित सहायक मंडल अभियंता अपने अधीन कार्यरत सैकड़ों ट्रैकमैन के वार्षिक मूल्यांकन में आवश्यक ग्रेडिंग से नीचे ग्रेडिंग अंकित कर उन्हें आर्थिक उन्नयन के लाभ से वंचित करने का काम किया है।

# गिरिडीह में पांच साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नौ माह में 235 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है गिरिडीह पुलिस**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने एक बार फिर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस विगत नौ माह में 235 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है। बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गिरिडीह के गांडेय थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह साइबर थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक गुंजन कुमार, पुनित कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक संजय मुखियार, आरक्षी जितेन्द्र कुमार महतो, दामोदर प्रसाद मेहता शामिल थे। टीम ने छापेमारी की और 5 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार साइबर अपराधियों में देवघर मारगोमुण्डा थाना के बनसिम्मी का 19 वर्षीय शहनवाज अंसारी, डुमरिया का 22 वर्षीय दीपक कुमार, गिरिडीह हीरोडीह थाना के टिकोडीह का 24 वर्षीय उपेन्द्र कुमार महथा, तिसरी भिता का 25 वर्षीय रंजित चौधरी और बिरनी भदखॉ का 28 वर्षीय प्रकाश कुमार वर्मा शामिल है। पुलिस ने उनके पास से 18 मोबाइल, 29 सीम कार्ड, 13 एटीएम कार्ड, 7 पासबुक, 20 आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, 01 लैपटॉप और 02 क्युआर कोड बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे फर्जी सिम का प्रयोग कर जस्टडेल एप के जरिये ग्राहकों से इनक्वायरी के नाम पर पैसों की ठगी करते हैं। व्हाट्सएप पर गेमिंग एप का लिंक भेज कर आम लोगों को झांसे में लेते हैं।

## स्क्रैप कारोबारी जमाल मिया ने की खुदकुशी, छोड़ा सुसाइड नोट



**धनबाद।** स्क्रैप कारोबारी जमाल मिया ने गुरुवार को डिप्रेशन में आकर आत्महत्या कर ली। घटना बरवाअड्डा के सुसनिलेवा की है। कारोबारी ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें कोलांचल में स्क्रैप कारोबार से जुड़े सिंडिकेट कारोबारी गोल्डन, जीतू समेत कई लोगों के नाम हैं और उन्हीं लोगों पर प्रताड़ित करने का आरोप परिजनों ने लगाया है। फिलहाल घटनास्थल पर बरवाअड्डा थाने की पुलिस छानबीन में जुट गयी है। जमाल मिया के नाती सेराज और दामाद अरदास ने आरोप लगाया है कि लंबे समय से उनका परिवार स्क्रैप कारोबार से जुड़ा है। पहले वह लोग सिंडिकेट के माध्यम से कारोबार करते थे, लेकिन पिछले कुछ महीनों से सिंडिकेट से हटकर कारोबार कर रहे थे। इस बीच बार-बार सिंडिकेट के सदस्यों का फोन आ रहा था और उन्हें सिंडिकेट में शामिल होने का दबाव दिया जा रहा था। कई दफा अपराधी किस्म के लोगों का भी फोन आया और उनसे रंगदारी की मांग की गई। इस वजह से वह डिप्रेशन में चले गए थे और यही वजह है कि उन्होंने सुसाइड कर ली। परिजनों ने पुलिस से निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# बीआईटी सिंदरी में बीटेक में 322 और एमटेक में 36 सीटें बढ़ी : पंकज राय

## झारखंड से रुक सकेगा मेधावी छात्र-छात्राओं का पलायन, वेबसाइट से करें आवेदन

खबर मन्त संवाददाता

**सिंदरी ।** बीआईटी सिंदरी निदेशक डॉ पंकज राय ने संस्थान के कान्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नये सत्र 2024-28 से बीटेक में 41 फीसदी और एमटेक में 36 सीट बढ़ोतरी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब झारखंड से मेधावी छात्र छात्राओं का पलायन रुक सकेगा। बीटेक में नामांकन के लिए जेसीईसीई बोर्ड के वेबसाइट और एमटेक में नामांकन के लिए बीआईटी सिंदरी की वेबसाइट से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बीटेक के केमिकल अभियंत्रण विभाग में 91 से बढ़ाकर 120 सीट की गई है। सिविल इंजीनियरिंग में 98 से 120, कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में 38 से 60, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 99 से 120, इलेक्ट्रिकल एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में 52 से 60, इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में 40 से 120, मेकनिकल इंजीनियरिंग में 105 से 120, मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में 54 से 60, माइनिंग इंजीनियरिंग में 49 से 60, प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में 54 से 60 सीटें कर दी गई। उनके अनुसार नये ब्रांच साइबर सिक्योरिटी इन कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में 60 सीटों पर नामांकन होगा। साथ ही ट्यूशन फीस माफी योजना के



तहत 8 लाख से कम आय वाले परिवार के मेधावी छात्र छात्राओं को प्रत्येक ब्रांच में 5 प्रतिशत, इडब्लयूएस छात्रों को 10 प्रतिशत और मिलिट्री कोटा के परिवार के बच्चों को 1 सीट प्रति शाखा में अतिरिक्त स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस सत्र से पहले बीआईटी सिंदरी में बीटेक में 793 छात्र छात्राओं का नामांकन होता था, जिसे बढ़ाकर नये सत्र से 1115 कर दिया गया है। आवेदनकर्ताओं और उनके अभिभावकों से निदेशक ने अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करने के लिए आग्रह किया है। बीटेक में नामांकन के लिए आवेदनकर्ता जेसीईसीई बोर्ड रांची के पोर्टल डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू जेसीईसीईबी डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन पर 24 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

**एमटेक में दो नई शाखाओं को किया शामिल**

संस्थान निदेशक ने बताया कि एमटेक के नये सत्र में दो नई शाखाओं को 18-18 सीट के साथ जोड़ा गया है। पूर्ववत शाखाओं हीट पावर इंजीनियरिंग में 25, मशीन डिजाइन इंजीनियरिंग में 25, प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट इंजीनियरिंग में 25, कंट्रोल सिस्टम इंजीनियरिंग में 15, पावर सिस्टम इंजीनियरिंग में 15, नैनो टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग में 13, मेटालर्जिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग में 15, अप्लाइड इंस्ट्रूमेंट इन इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल में 13, सव्यॉल मैकेनिक्स एंड फाऊंडेशन इंजीनियरिंग में 25 और स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में 25 में सीटों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त दो नई शाखाओं डाटा साइंस में 18 और एनवायरमेंट इंजीनियरिंग में 18 सीटें रखी गई हैं।

### विष्णुपुर-धनबाद सवारी गाड़ी 20 से 25 जून तक रहेगी रद्द

**धनबाद ।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के इंद्रबिल स्टेशन की रिमॉडलिंग को लेकर एनआई कार्य के कारण तीन जोड़ी ट्रेनों का परिचालन 20 से 25 जून तक प्रभावित रहेगा। गाड़ी संख्या 18024 और 18023 नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो-खड़गपुर सवारी गाड़ी 23, 24 और 25 जून को आद्रा स्टेशन तक ही जायेगी। वापसी में गोमो आयेगी। 23, 24 और 25 जून को खुलने वाली गाड़ी संख्या 18628 और 18627 रांची-हावड़ा रांची परिवर्तित मार्ग कोटशिला, पुरुलिया, चांडिल, टाटानगर, खड़गपुर के रास्ते चलेगी।

### परियोजना पदाधिकारी के विरुद्ध सीवीसी में शिकायत दर्ज

**कतरास ।** बरोरा क्षेत्र संख्या 1 अन्तर्गत एएमपी कोलियरी में प्रबंधक काजल सरकार को प्रमोशन देकर पुनः एएमपी कोलियरी में परियोजना पदाधिकारी पद पर पदस्थापित करने के मामले में बिहार जनता खान मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव महेश कुमार ने मुख्य सतर्कता आयुक्त, केन्द्रीय सतर्कता आयोग नई दिल्ली से शिकायत की है। शिकायत पत्र में कहा कि लगभग 2 वर्ष पूर्व कोलियरी प्रबंधक काजल सरकार के संवेदनशील पद पर रहने के बावजूद प्रमोशन देकर पुनः एएमपी कोलियरी में परियोजना पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित कर दिया गया,जो सीवीसी गाइडलाइन का साफ उल्लंघन है। उन्होंने केन्द्रीय सतर्कता आयोग से मैमले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

### डाटा इंट्री ऑपरेटर पर रिश्वत का आरोप

**कतरास ।** बाघमारा प्रखंड के लोहा पट्टी निवासी दिलीप कुमार महतो ने अंचल अधिकारी को पत्र लिखकर अंचल कार्यालय में पदस्थापित डाटा इंट्री ऑपरेटर पर रिश्वत मांगने एवं नहीं देने पर दादा के नाम में त्रुटि करने का आरोप लगाया है। पत्र में श्री महतो ने कहा है कि उन्होंने अपनी जमीन की ऑन लाइन प्रविष्टि हेतु आवेदन दिया था। काम के एवज में डाटा इंट्री ऑपरेटर ने रिश्वत की मांग की।

### कुमारधुबी में रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति का शव बरामद

**मैथन ।** कुमारधुबी सिलिका के पास रेलवे ट्रैक के किनारे गुरुवार की सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान पंचमहली निवासी बैजनाथ साव के रूप में हुई है। रेल दुर्घटना में उसकी मौत की संभावना जतायी जा रही है। कुमारधुबी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया है। यह जानकारी ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने दी।

### मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट के खिलाड़ियों के बीच जर्सी, टीशर्ट का हुआ वितरण



**गिरिडीह ।** तिसरी मुख्यालय में मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेने वाले पंद्रह पंचायत के खिलाड़ियों के बीच बीडीओ मनीष कुमार की उपस्थिति में जर्सी, टी शर्ट, बूट, गलब्स आदि सामग्री का वितरण किया गया। प्रखंड के तिसरी, चंदोरी, खिजुरी, भंडारी, बरवाडीह, खरखरी सहित पंद्रह पंचायत के खिलाड़ी टीम के बीच बीते वर्ष मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट कराया गया था। उन सभी खिलाड़ियों को राज्य सरकार द्वारा भेजी गई सामग्री का वितरण ब्लॉक के क्लर्क सुनील पांडेय ने किया।

## सीसीएल के सिक्युरिटी गार्ड पर हमला के तीन आरोपी गिरफ्तार,अन्य के लिए छापेमारी जारी

खबर मन्त संवाददाता

**गिरिडीह ।** सीसीएल के सिक्युरिटी पर विगत रविवार की रात हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि डीएवी स्कूल चौक से सीसीएल बनियाडीह जाने वाली सडक में सोलर प्लांट से लगभग 50 मीटर आगे पुल पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करहरवारी निवासी सीसीएल के सिक्युरिटी गार्ड रिंकु कुमार अपने घर से रात्रि पाली की ड्यूटी में बाइक से महेशलुंडी जा रहा था। तभी पुल पर 8-10 अपराधकर्मियों ने मिर्ची का पाउडर उसकी आंख में झोंककर लाठी-डंडा एवं तेज धारदार हथियार से हमला किया। मार पीट कर मरा हुआ समझकर सभी अपराधी भाग निकले। स्थानीय लोगों के सहयोग से रिंकु कुमार को प्रथमतः स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद अच्छे इलाज के लिए चिकित्सक ने रांची रेफर कर दिया। इसके बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर छापेमारी की गई। सभी अपराधकर्मियों की पहचान कर ली गयी तथा पुलिस अब तक 3 (तीन) अपराधियों को गिरफतार कर चुकी है। गिरफ्तार आरोपियों में मुफस्सिल थाना के बनियाडीह कोपा निवासी 25 वर्षीय उमेश दास उर्फ बेगु दास, भीम कुमार दास उर्फ भीम दास और महथाडीह का 20 वर्षीय महेंद्र दास शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त खून लगा 1 लकडी की धारदार फटठी तथा जंगल की सूखी लकडी का मोटा डंडा बरामद किया गया है। गिरफतार सभी आरोपियों ने घटना में स्वयं तथा दोस्तों की संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

## विभिन्न समस्याओं को लेकर झामुमो ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद ।** शहरी क्षेत्र की सड़क, नाली और पानी की समस्या को लेकर झामुमो महानगर समिति के अध्यक्ष मंटू चौहान ने गुरुवार को नगर आयुक्त रविराज शर्मा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड संख्या 18 में जलमीनार का निर्माण कराने, वार्ड 21 में मिडिल स्कूल धैया के पास नाली निर्माण, लाहबनी बस्ती में नियमित जलापूर्ति कराने, वार्डो में कचरा रखने के लिए डस्टबीन की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की साफ सफाई तथा वार्ड 21, 30 और 37 में चिन्हित स्थानों पर सड़क निर्माण कराने की मांग शामिल है। नगर आयुक्त ने उपयुक्त सभी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया। मौके पर महानगर समिति के उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, संयुक्त सचिव सुदीप दत्ता, राजेश तुरी, बुद्धिजीवी मोर्चा उपाध्यक्ष विष्णुदेव विश्वकर्मा पस्थित थे।

## नीट परीक्षा के परिणाम में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराएं

खबर मन्त संवाददात

**धनबाद ।** एनएसयूआई ने नीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए गुरुवार को पीके राय कॉलेज धनबाद में विरोध प्रदर्शन किया। नेताओं ने कहा कि रजिस्ट्रेशन बंद होने के बाद एक दिन के लिए पोर्टल खोलकर किन छात्रों का फॉर्म भरवाया गया तथा सेंटर के एक-एक कमरे से आठ आठ लोगों का 720 में 720 मार्क्स कैसे संभव हो सका, कहीं लेट से क्वेश्चन भेज कर ग्रेस मार्क्स देना कोई साजिश तो नहीं है, इन सभी बिंदुओं पर जल्द से जल्द जांच की जाए तथा



अगर पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं दिखे तो दोबारा एग्जाम लिया जाए। प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी ने कहा किएन ई ई टी परीक्षा में घोटाले की जांच सीबीआई से होनी चाहिए। सभी छात्रों को पुनः परीक्षा में बैठने की अनुमति मिलनी चाहिए। रजिस्ट्रेशन बंद होने के 24 दिन बाद 1 दिन के लिए लिंक विंडो क्यों खोला गया और किन अभ्यर्थियों का उस दिन रजिस्ट्रेशन किया गया, इसकी भी जांच होनी चाहिए। एक ही परीक्षा केंद्र जैसे झारखंड के हजारीबाग जिला, हरियाणा के फरीदाबाद जिला के कई छात्रों को 720 अंक कैसे हासिल हुआ। यह देश के 24 लाख अभ्यर्थियों के भविष्य का मामला है। जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि सिर्फ 1500 बच्चों के भविष्य की बात नहीं है, यह देश के भविष्य का सवाल है। अगर एक सेंटर के एक कमरे से आठ लोगों का 720 मार्क्स आता है तो यह संदेह वाली बात है और हम मांग करते हैं कि सीबीआई जांच की जाए तथा जरूरत पड़ने पर सभी छात्रों का री एग्जाम कराया जाए। एनएसयूआई के जिला उपाध्यक्ष रवि पासवान,धनबाद नगर अध्यक्ष सनी सिंह, जिला महासचिव रोहित पाठक और नितेश शर्मा थे।

### मारवाड़ी महिला समिति ने रक्तदान वीरों को किया सम्मानित

**कतरास ।** रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को मारवाड़ी महिला समिति कतरास के तत्वावधान में रक्तदान वीरों को सम्मानित किया गया। रक्तदान वीर डॉ स्वतंत्र कुमार, संकेत राजगढ़िया, चुन्ना यादव, अंकित राजगढ़िया, योग प्रशिक्षक चंद्रावती देवी एवं संतोष शाह तथा समाजसेवी मधुमाला को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया मौके पर मारवाड़ी महिला समिति के अध्यक्ष रितु अग्रवाल, मीना अग्रवाल,दीपा अग्रवाल, प्रियंका चौधरी,कविता अग्रवाल, श्वेता खंडेलवाल, शिल्पा गोयल आदि मौजूद थी।

## हाई स्कूल मैदान में आज से शुरू होगा घर घर पेड़ लगाओ अभियान

**गिरिडीह ।** जिला प्रशासन व उसरी बचाव अभियान की संयुक्त अगुवाई में 14 जून से घर-घर पेड़ लगाओ अभियान की शुरू किया जाएगा। घर घर पेड़ लगाने के लिए शुक्रवार को झंडा मैदान में सैकड़ों पेड़ का वितरण किया जाएगा। माले नेता सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सिन्हा ने गुरुवार को नए परिसदन भवन में समीक्षा बैठक के दौरान दी। बैठक में सूरज नयन, बबलू शानू, निशांत भास्कर, इरफान आलम, अभिषेक वर्मा, प्रीति भास्कर के अलावा प्रदोष कुमार मौजूद थे। बताया कि उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और



पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा की अनुवाई में जिला प्रशासन द्वारा बरसात शुरू होते ही लगभग एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

शुक्रवार को स्थानीय हाई स्कूल मैदान में अभियान की शुरूआत की जायेगी। कार्यक्रम में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी दीपक कुमार शर्मा, सदर विधाय सुदिव्य कुमार सोनू, पूर्व विधायक निर्भय शहाबादी के अलावा कई प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

### झारखंड बनने के बाद बांग्ला भाषा के साथ हो रही है साजिश : बबलू



**मैथन ।** निरसा काली मंदिर प्रांगण में गुरुवार को झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयन समिति की बैठक अध्यक्ष बबलू दास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में धनबाद जिला प्रशासन से मांग की गई कि निरसा विधानसभा क्षेत्र में 90% लोगों की भाषा बांग्ला है। यहां तमाम विद्यालयों में आदिकाल से बांग्ला में ही पठन-पाठन होता आया है, लेकिन झारखंड अलग राज्य बनने के बाद एक साजिश के तहत बांग्ला भाषा को लुप्त किया जा रहा है। वर्तमान सरकार के निर्देश पर झारखंड में 33 हजार शिक्षकों की बहाली की जाएगी। लेकिन धनबाद जिला शिक्षा अधीक्षक ने जो सर्वे कराया है, उसमें बांग्ला की जगह खोरठा भाषा को शामिल किया गया है। हमारी भाषा को अगर लुप्त करने की साजिश की जाएगी, तो चुपचाप नहीं बैठने वाले हैं। बैठक में संस्थापक वेगु ठाकुर, विवेक मोदक, पार्थो सेनगुप्ता, मनोज मंडल, संजीव मांझी, असित गोराई, बबलू बाउरी, अमोल बाउरी, काजल पाल, ललित गोराई, अमल दे, चन्दना तिवारी, सुबल तिवारी, रूम मुखर्जी, वरुण चौधरी आदि मौजूद थे।

## सरकारी उपेक्षा के शिकार सौ वर्ष पुराने तालाब की खुदाई शुरू

### नवयुवक छात्र संघ व छठ तालाब समिति ने उठाया खर्च का बीड़ा

खबर मन्त संवाददात

**धनबाद ।** मदनाडीह में सौ वर्ष पुराने तालाब की खुदाई गुरुवार को शुरू कर दी गई। 20 साल तक सरकारी उदासीनता से खिन्न ग्रामीणों ने खुद तालाब खुदाई की खुदाई का जिम्मा लिया है। नवयुवक छात्र संघ व छठ तालाब समिति ने खर्च का बीड़ा उठाया है। आपस में चंदा भी इकठ्ठा किया जाएगा। तालाब खुदाई में एक जेसीवी व एक पेलोडर लगाया गया है। पेलोडर जेएमएम नेता हरेंद्र चौहान द्वारा उपलब्ध कराया गया है। वर्षों पुराना यह तालाब कभी



यहां का गौरव हुआ करता था। तालाब पानी से लबालब रहता था। लोयाबाद, कनकनी, मदनाडीह लोयाबाद 6 नंबर बांसजोड़ा 12 नंबर सहित एक लाख आबादी के उपयोग के लिए यह एकमात्र तालाब है। छठव्रतियों के लिए भी तालाब आस्था का प्रतीक रहा है। वर्ष 2003 में किसी की नजर लग गई और तालाब के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा। निकट का इंक्लाइन बंद हो गया। इंक्लाइन का पानी डीवाटरिंग होकर तालाब में आता था। डीवाटरिंग बंद होने के बाद तालाब में पानी की कमी महसूस होने लगी। तालाब के भीतर जमीन में दरार पड़ने लगी है और पानी जमीन में समाने लगा। इस परेशानी की वजह लोग आसपास पुरानी भूमिगत खदान और आउटसोर्सिंग खनन में ब्लास्टिंग को मानते हैं। जमीन में पड़ी दरार को इस समय रिपेयर करने का प्रयास किया जाएगा। गंदगी व कीचड़ भर गई थी। रैयती जमीन पर होने के कारण भी तालाब को सरकारी मदद नहीं मिल सकी। तालाब खुदाई कराने में छात्र संघ के ठाकुर,युधिष्ठीर, विकाश,सोनू शंकर, धर्मेन्द्र, रवि, विक्रम, सागर, राकेश, आदि सक्रिय हैं।

### एक नजर में

### कल्याण गुरुकुल में प्रशिक्षित छात्रों को दी विदाई



**कुमारधुबी ।** झारखंड सरकार प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित कल्याण गुरुकुल मैथन में गुरुवार को विदाई समारोह में प्रशिक्षित सोलह छात्रों को विदाई दी। चेन्नई की अलक्राफ्ट थरमोटेकयांलाजी कंपनी में नियोजन मिला है। गुरुकुल स्टाफ के अलावा छात्रों के परिजन भी भारी संख्या में विदाई देने पहुंचे थे। गुरुकुल के प्राचार्य मुकेश कुमार ने कहा कि अब तक सात सौ पचास छात्रों को प्रशिक्षण देकर नियोजित कर चुके हैं। मौके पर कल्याण गुरुकुल मैथन के स्टाफ व छात्रों के अभिभावकों ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर निर्मल विश्वकर्मा, अमित कुमार बारीक, जयदेव डे, मिथेन चंद्र सेन, रुस्तम आलम, पवन कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### कतरास में यमुना सहाय की पुण्यतिथि मनाई गई



**कतरास ।** साम्यवादी विचारक एवं शिक्षक बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केंद्रीय संगठन सचिव कामरेड यमुना सहाय की पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। सीटू नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा ने कहा कि यमुना सहाय के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। एक शिक्षक के रूप में राजनीतिक कार्यशाला चला कर वह कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते थे। गरीब और मजदूर वर्ग को हक दिलाने में उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। मौके पर रामबली भुईयां, साजन महतो, रेखा देवी, अशोक बाउरी, हरीश बाउरी, प्रदीप महतो, मिथुन कुम्हार मौजूद थे।

### ट्रेनों के समय सारिणी में किया परिवर्तन

**धनबाद ।** रेल मंडल धनबाद होकर दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर जाने वाली ट्रेनों की समय सारणी में परिवर्तन किया गया हैं। 18625पूर्णिया-कोर्ट-रांची एक्सप्रेस, झालिदा शाम 6:14 में आगमन तथा 6:15 प्रस्थान, मुरी 6:35 आगमन 6:40 प्रस्थान, 13303धनबाद- रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस, झालिदा सुबह 07.53 आगमन तथा 07.55 प्रस्थान तथा रांची 09.50 पहुंचेगी। 13301धनबाद-टाटा सुवर्ण रेखा एक्सप्रेस अब टाटानगर स्टेशन दोपहर 12.00 पहुंचेगी। 18104 बक्सर-टाटा एक्सप्रेस का टाटानगर रेलवे स्टेशन अब आगमन शाम 5:35 होगा। 18115 गोमो-चक्रधरपुर एक्सप्रेस को चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर रात 11 बजे पहुंचेगी। 18019 झारग्राम-धनबाद मेमू एक्सप्रेस अब झारग्राम से सुबह 05.40 खुलेगी। 18116चक्रधरपुर-गोमो एक्सप्रेस सुबह 05.35 में खुलेगी। 18105 राऊरकेला-जयनगर एक्सप्रेस शाम 4:45 बजे खुलेगी तथा जयनगर से यह ट्रेन दोपहर 3 बजे खुलेगी। वहीं 18024गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस का खड़गपुर में दोपहर 2 बजकर 20 मिनट पर अब आगमन होगा।

### कोल इंडिया ने कोल कर्मियों के आश्रितों का बढ़ाया दायरा

### अब बेटा, बेटी, बहू और दामाद भी कर सकेंगे अनुकंपा पर रौकरी दावा

**धनबाद।** कोल इंडिया ने कोल कर्मियों के आश्रितों का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है। नये फैसले के मुताबिक अब कर्मी की मृत्यु होने पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कर्मियों के आश्रित नौकरी का दावा कर सकेंगे। प्रत्यक्ष आश्रितों में बेटा या कुंवारी बेटी, पत्नी ,ट्रांसजेंडर बच्चा या गोद लिया बच्चा ही माना जाता था। लेकिन अब इसमें परिवर्तन किया गया है। विवाहित पुत्री, विधवा बहू, दामाद को भी नौकरी मिल सकती है। पहले इन लोगों को अप्रत्यक्ष आश्रित माना जाता था। अब तक उन्हें अनुकम्पा पर नौकरी देने का प्रावधान नहीं था। कोल इंडिया की ओर से जेबीसीसीआई-11 के लिए जारी निर्देश में यह बात कही गई है कि यदि प्रत्यक्ष आश्रित उपलब्ध नहीं है तो अप्रत्यक्ष आश्रित भाई-बहन, विधवा बहू, दामाद आदि, जो मृतक के साथ रहते थे और मृतक की आर्थिक कमाई पर निर्भर थे, उन्हें भी आश्रित माना जा सकता है। आश्रित की उम्र 18 वर्ष से कम और 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। पति-पत्नी के मामले में अधिकतम उम्र 45 वर्ष हो सकती है। नये फैसले के मुताबिक ए 7 से ए 8 ग्रेड के अधिकारियों का प्रमोशन होगा। इस सूची में कई कंपनियों के अधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा कोल इंडिया में अधिकारियों की लाइफ कवर स्कीम में 31,250 रुपये की वृद्धि की गई है। आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जब-जब गैर अधिकारियों के लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि होगी, उस तिथि से अधिकारियों के लिए भी लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि की जाएगी। इन सभी स्कीम का फायदा कोल इंडिया की अनुषंगी ईकाई बीसीसीएल को भी मिलेगा।

## छत के मलबे में दबकर एक छात्र की मौत, दूसरा घायल

**अबूआ आवास निर्माण के लिए घर के जर्जर छत तुड़वा रहे थे इसी दौरान हुई घटना**

खबर मन्त्र संवाददाता

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के तुको दिघिया पहान टोली में गुरुवार की अपराह्न करीब 4रू00 बजे घर के छत के मलबे में दबने से एक 12 वर्षीय छात्र तनवीर हुसैन पिता शमशाद हुसैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 13 वषीर्या छात्र अल्तमस हुसैन पिता शहाबुद्दीन हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद आसपास के लोगों ने मलबे में दबे दोनों छात्रों की सूचना बेड़ो पुलिस प्रशासन को दिया गया। इसके बाद थाना प्रभारी नकुल साह ने सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से मलबे में दबे छात्रों को निकालकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाएं। जहां 12 वर्षीय छात्र तनवीर हुसैन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल छात्र अल्तमश हुसैन को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार दिघिया पहान टोली निवासी 13 वर्षीय घायल अल्तमस हुसैन के पिता शहाबुद्दीन हुसैन के नाम से अबूआ आवास योजना स्वीकृत हुई है और वे अपने घर के जर्जर छत को तोड़वा रहा था। इसी दौरान घर के नीचे खेल रहे दोनों मासूम छात्रों के ऊपर छत का मलवा गिर गया। जिससे तनवीर हुसैन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गईए जबकि दूसरा बच्चा अल्तमस हुसैन गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी देते हुए मृतक तनवीर हुसैन के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# गोड्डा : एसडीपीओ ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** गुरुवार को गोड्डा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जय प्रकाश नारायण चौधरी ने अपने कार्यालय में गोड्डा अनुमंडल क्षेत्र के उन तमाम प्रभाग के पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी और पुलिस तकनीकी बिभाग, महिला थाना प्रभारी के साथ मासिक अपराध समीक्षात्मक बैठक कर सभी पुलिस पदाधिकारीयों को लोकसभा चुनाव में पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा के कुशल नेतृत्व में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त वातावरण में चुनाव कार्य और मतगणना केंद्र पर शांतिपूर्वक मतगणना कराने के लिए धन्यवाद देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। लोक सभा चुनाव के बाद ये पहली पुलिस अधिकारीयों के साथ ये पहली बैठक थी।

जिसमे एस डी पी ओ गोड्डा ने चुनाव के दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात सामने निकल कर आई वो थी जब्त किये गए मादक पदार्थों की तस्करी का मामला, साथ ही अंतर्राज्यीय अपराधियों द्वारा गोड्डा जिला क्षेत्र में सीमा पार आकर अपराध करने कि योजना का भी भंडाफोड़ हुआ जिसमे स्थानीय अपराधियों की सांठ गांठ से बाहर से भी अपराधियों का आना जाना होता है इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि चेक पोस्टों और जिला पुलिस के अन्य थानो द्वारा पेट्रोलिंग पार्टियों द्वारा झारखण्ड से बिहार ले जा रहे शराब, गांजा, आदि मादक पदार्थो की कई खेप पकड़ी गई थी। ये बीमारी चुनाव के बाद भी चलती रहती है बॉर्डर से सटे जो थाना हैं उन्हें सतर्कता के साथ अपने क्षेत्रों पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। टाइगर मोबाईल गश्त लगाते हुए बैंक एटीएम, स्वर्ण आभूषण और बड़े ब्यापारियों की प्रतिष्ठानों पर नजर रखेंगे। महिलाओं, छात्राओं और नाबालिग बच्चों के साथ हिंसक प्रताड़ना और यौन शोषण जैसे मामले पार त्वरित कार्रवाई कर इसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारियों को दें। खनन क्षेत्रों में कोयला बालू स्टोन चिप्स जैसी वस्तुओं का चालान और उसपर लोड की गई वजन की छमता का परस्पर मिलान कर परिवहन निरीक्षक को सूचना दें। भगोड़े फरार आरोपी और वारंटीयों की धर पकड़ और सूचना देकर कुर्की जब्ती की करवाई में तेजी लाएं। बैठक में अनुमंडल के सभी थाना प्रभारी के साथ प्रशिक्षु डीएसपी कुमार गौरव उपस्थित थे।

# बोकारो एसपी ने फुसरो गोलीकांड पर कहा, जल्द मामले का करेंगे खुलासा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** फुसरो में हो रहे गोलीकांड की घटना को लेकर बोकारो पुलिस निरीक्षक पूज्य प्रकाश तथा एसआईटी और एटीएस की टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बुधवार को हुए ज्ञान ज्वेलर्स तथा 17 मई को मोती अलंकार ज्वैलर्स में गोलीकांड की जांच की। साथ ही उन्होंने फुसरो में आने वाले सभी मार्गों का निरीक्षण किया। बेरमो थाना में उन्होंने गोलीकांड के वादी दुकान के मालिक से मिल सारी जानकारी ली। इसके अलावा युवा व्यवसायी संघ के अध्यक्ष बैभव चौरसिया, सचिव बैजू मालाकार, संरक्षक मो कलाम खान आदि से वार्ता कर मामले का जल्द उद्भेदन करने का आश्वाशन दिया। पत्रकारों के साथ बात करते हुए उन्होंने बताया कि फुसरो में हो रहे गोली कांड की घटना को लेकर एसआईटी तथा एटीएस की टीम का गठन किया गया है उसके साथ आज दोनों घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। जो भी दुकानदार को धमकी आदि मिली है उसकी जानकारी ली गई है। इसके अलावा जो भी आवश्यक बिंदु है उसका निरीक्षण किया गया। कहा कि विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जो भी आवश्यक कदम होगा वो पुलिस उठाएगी। फुसरो बाजार में एंट्री के लिए जो भी मुख्य मार्ग है वहां पर वाहनों के स्पीड पर कंट्रोल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा फुसरो में डीएमएफटी मद से लगे 27 सीसीटीवी कैमरे के खराब होने के बारे में बताया कि इसकी जांच की जाएगी। बताया कि फुसरो में हो रहे गोलीकांड की घटना में हर तरफ से तफ्तीश जारी है। पुलिस अपने स्तर से बहुत सारे कार्य कर रही है।जल्द ही इस मामले में सारा उद्भेदन किया जाएगा। मौके पर डीएसपी बशिष्ट नारायण सिंह, सर्किल इंपेक्टर नवल किशोर सिंह, बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर में

### बोकारो थर्मल के अरविंद ज्वेलर्स से 20 लाख रूपये मांगी रंगदारी, मामला दर्ज



बेरमो। बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र स्थित मुख्य मार्केट में अरविंद ज्वेलर्स के मालिक से रंगदारी की मांग की गई है। अरविंद ज्वेलर्स के मालिक ने घटना की लिखित शिकायत बोकारो थर्मल थाना में दर्ज कराई है। रंगदारी मांगे जाने के संबंध में अरविंद ज्वेलर्स के मालिक अमित वर्मा ने मामला दर्ज कराते हुए लिखा कि 10 दिन पहले भी प्रिंस खान के नाम से रंगदारी मांगा गया था और आज फिर से 20 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की गई है। मांग के दौरान कहा गया कि रुपया नहीं दोगे तो अंजाम भुगतने को तैयार रहो। बोकारो थर्मल थाना के इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि अरविंद ज्वेलर्स मलिक के द्वारा रंगदारी मांगे जाने से संबंधित थाना में मामला दर्ज कराया गया है। ज्ञात हो की बुधवार को अनुमंडल के बेरमो थाना क्षेत्र स्थित मेघदूत मार्केट में स्थित ज्ञान ज्वेलरी पर फायरिंग की गई। वहीं अमित वर्मा ने अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है।

### बेरमो : छापेमारी में 15 टन कोयला बरामद



बेरमो। सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के एकेओसीपी में अवैध कोयला धंधेबाजो के खिलाफ 13 जून को छापामारी अभियान चलाया गया। सुरक्षा गस्ती दल ने छापा मारकर पन्द्रह टन अवैध कोयला बरामद किया। जानकारी के अनुसार बीएंडके क्षेत्र के महाप्रबंधक के रामाकृष्णा के आदेश पर क्षेत्रीय गस्ती दल, एकेकेओसीपी गस्ती दल तथा कोनार रेलवे साइडिंग होम गार्ड द्वारा संयुक्त रूप से कोनार रेलवे साइडिंग के समीप में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापा मारा गया। छापामारी दल में महाप्रबंधक कार्यालय क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी मनोज तिवारी, एएसएसआई जटलू महतो, राजेन्द्र विश्वकर्मा, सुरक्षा गार्ड राम विलास मांझी, वरीय सुरक्षा गार्ड अजि बुल्लाह ,शिवनाथ नोनिया, भुपत महतो, कोनार रेलवे साइडिंग के पविता टुडू, विक्की कुमारी, सविता कुमारी, होम गार्ड इंदु कुमारी, महिला होम गार्ड और सीआईएसएफ के गस्ती टीम शामिल थे।

### योगेंद्र महतो ने किया ट्रांसफार्मर का उदघाटन



बेरमो/ललपनिया। शुक्रवार को राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह गोमिया लोकप्रिय पूर्व विधायक योगेन्द्र प्रसाद महतो गोमिया प्रखंड क्षेत्र ग्राम पंचायत टिकाहारा पहुंचे।यहां उन्होंने आम ग्रामीणों को राहत प्रदान करते हुए 100 केवीए का नए ट्रांसफॉर्मर का विधिवत उदघाटन नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। जिसके बाद बाधित गांव बिजली की आपूर्ति सुचारू हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने अध्यक्ष महतो का जोरदार स्वागत करते हुए धन्यवाद कहा। सभी ग्रामीण बहुत खुश हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद महतो ने कहा कि हमेशा किसी भी परिस्थिति में ग्रामीणों के बीच रहता हूं। हर सुख दु:ख में साथ निभाते आया हूं।

### जिला धावा दल ने बाल श्रमिकों को कराया मुक्त



बोकारो। उपायुक्त के निदार्शुनार गठित जिला धावा दल ने श्रम विभाग के नेतृत्व में बोकारो के सेक्टर 9 के कार वाशिंग गैराज पर धावा बोलकर पांच बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। जिला धावा दल तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंकर रवानी ने कहा कि बाल मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। उसपर त्वरित कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया की रेस्क्यू किए गए 3 बाल श्रमिक 14 वर्ष से कम उम्र के है। इस दौरान सीडब्ल्यूसी सदस्य प्रीति प्रसाद जिला बाल संरक्षण इकाई के सरिता कुमारी चाइल्ड लाइन से अनिता कुमारी श्रम विभाग से सुबल चंद्र गोप नेपाल मुंडा महेंद्र महतो सहयोगिनी के फुलेंद्र रविदास अनिल कुमार हेंब्रम शामिल थे। बाल मजदूरों को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया गया है। मुक्त किए गए बाल श्रमिकों को तत्काल आश्रय के लिए बाल गृह चास भेजा गया।

### बिजली समस्या को लेकर विधायक ने किया दौरा



बोकारो। बोकारो जिलान्तर्गत बास्तेजी गांव में नदी के किनारे 33000 वोल्ट का टावर गिरने से बोकारो की बिजली व्यवस्था काफी दयनीय हो गई है और चास बोकारो के कई इलाकों में अंधेरा छाया हुआ है। इसे लेकर बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कार्यस्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बास्तेजी व बूढ़ीडीह में दो बिजली के टावर आंधी तूफान मे गिर गए थे जिसके कारण बिजली की सप्लाई में काफी परेशानी हो रही है। उन्होने जिला प्रशासन व बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने और बाधित कार्य की शुरूआत कर बिजली सुचारू रूप से जनता को देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कार्यपालक अभियंता ने बताया कि बूढ़ीडीह के ग्रामीणों द्वारा कार्य को रोका गया है जिसके कारण वहां कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है। संवेदक के मजदूरों को ग्रामीणों द्वारा पीटा भी गया। उन्होंने चास एसडीओ से वार्ता कर फोर्स देकर जल्द से जल्द कार्य शुरू करने को कहा। निरीक्षण के दौरान विधायक के साथ संजय त्यागी महेंद्र राय मनराज सिंह पन्नालाल कान्दू अजय महतो आदि मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### बेरमो : गड्ढे से एक व्यक्ति का मिला शव

बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत झब्बू सिंह मेमोरियल कॉलेज के निकट रेलवे डायवर्सन के लिए सीसीएल द्वारा बनाए गए गड्ढे के पानी में एक अज्ञात व निर्वस्त्र व्यक्ति का तैरता हुआ शव बृहस्पतिवार की शाम को लगभग 5 बजे देखा गया, शव फूल चुका है। शव दो दिन पूर्व की हो सकती है। इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बेरमो थाना पुलिस को दे दी है।समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस शव को निकालने के लिए सफाईकर्मी को ढूंढ रहीं है।

### बेरमो : जंगली हांथीयो ने उत्पात मचाया

बेरमो/ललपनिया। गोमिया प्रखंड क्षेत्र ललपनिया पंचायत के ग्राम केरी में बीते रात जंगली हांथीयो ने जमकर उत्पात मचाया। यहां केरी, ऐदेलकोचा टोला निवासी सरजू सोरेन पिता फूलचंद मांझी का कच्चा मकान को 4-5 हाथियों के झुंड ने गिरा दिया।हाथियों ने न सिर्फ घर गिराया, बल्कि घर में रखा हुआ चावल, महुआ इत्यादि जो भी उपयोगी समान थे सारा सामान छतिग्रस्त कर दिया,इसमें बर्तन भी शामिल है। स्थिति यह हो गई है कि सरजू सोरेन का पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। बता दें कि विगत 2019 में उक्त आदिवासी का घर हाथियों ने गिराया था,जिसमें वन विभाग ने मात्र 5000 की सहायता राशि दिया था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इफ्तेखार महमूद ने बतलाया कि बीते दिनों डीएफओ बोकारो से मिलकर बात किया था और सलाह दिया थाकि हाथी प्रभावित गांवों में ही नौजवानों का दस्ता बनाया जाए, क्योंकि वन विभाग का दस्ता गांव जब तक पहुंचता है। उसके पहले ही हाथी अपना काम तमाम कर देता है। महमूद के प्रस्ताव पर डीएफओ ने विचार करने की बात अवश्य किया, किंतु कई महीना बित जाने के बाद भी वन विभाग संवेदनशील दिखलाई नहीं पड़ रही है और हाथियों का कहर ग्रामीणों पर गिरता जा रहा है।

### बागदा में अंतराष्ट्रीय बाल मजदूर निषेध दिवस हुआ संपन्न



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के बागदा पंचायत में विश्व बाल मजदूरी निषेध दिवस पर किशोरियों की बैठक को संबोधित करते हुए सहयोगिनी की समन्वयक कुमारी किरण ने कहा कि कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से कोई भी काम लेना तथा किशोर-किशोरियों 14 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम से खतरनाक व्यवसायों एवं प्रक्रियाओं में काम लेना दंडनीय अपराध है। साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी से कम मजदूरी पर उनसे काम लेना दोहरा अपराध है। इस दौरान सहयोगिनी की उत्प्रेरक आरती देवी ने कहा है कि होटल ढ़ाबा रेस्टोरेन्ट ईंट भट्ठा एवं घरेलू कामगार आदि में 14 वर्ष से कम उस के बाल श्रमिकों से काम लेने वाले सावधान हो जाएं। खतरनाक व्यवसायों और प्रक्रियाओं जैसे पटाखे उद्योग ईट भट्ठा कागज के उद्योग आदि में 14 वर्ष से अधिक उस के किशोर किशोरियों या 14 से अधिक और 18 वर्ष से कम उम्र से काम लेने वाले सावधान हो जाऐं। दोषी नियोजको (काम कराने वाला) को 50000 रुपए तक जुमार्ना हो सकता है। इस दौरान प्रतिमा सिंह पूनम देवी, मंजू देवी उपस्थित थे।

# दुमका : प. बंगाल से शादी समारोह में आयी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, पांच हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता

**घर से कुछ दूरी पर फोन पर बात करते निकली थी किशोरी दरिंदों की पड़ी नजर**

**दुमका।** जिला के थाना क्षेत्र के एक गांव में सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आया है। घटना बुधवार देर रात की है।

पश्चिम बंगाल से शिकारीपाड़ा रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए आयी किशोरी से पांच दरिंदो ने मिलकर दुष्कर्म किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस से त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस मीडिया को कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। सूत्रों की माने तो बुधवार को शिकारीपाड़ा के एक गांव में विवाह समारोह था। पश्चिम बंगाल की रहने वाली किशोरी परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने दुमका आई थी। समारोह चल रहा था, तभी किशोरी के मोबाइल पर किसी का फोन आ गया। वह पंडाल से निकलकर बात करते हुए घर से कुछ दूर निकल गई। पहले से एक जगह पर बैठे पांच युवकों की नजर किशोरी पर पड़ी। युवक उसे उठाकर खेत की ओर ले गए और सामूहिक दुष्कर्म किया। जाते समय युवकों ने किशोरी को धमकी दी कि अगर किसी को कुछ बताया तो परिणाम बुरा होगा। किशोरी ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। गुरुवार की सुबह पीड़िता ने परिवार वालों के साथ थाना जाकर सारी बात बताई। जानकारी मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपी को हिरासत में लिया। सूचना मिलते ही एसडीपीओ विजय महतो थाना पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेने के बाद गांव जाकर छानबीन की।

## शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार



**शिकारीपाड़ा।** दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना की पुलिस ने नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर यौन शोषण करने वाले राजा अंसारी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। यह मामला पिछले महीने सात मई को थाने में दर्ज कराया गया था। एफआईआर होने की जानकारी पाकर आरोपी राजा महानगर काम करने भाग गया था। लेकिन पुलिस ने उसे बहला-फुसलाकर बुलाया और गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने खुद थाने में लिखित आवेदन दिया था कि उसके कुछ माह पहले वह अपने मां के घर पाकुड़ जिले के पाकुड़िया थाना क्षेत्र में गई थी। कुछ माह पूर्व एक दिन वह जब पाकुड़िया बाजार गई तो वहां मोगलाबांध गांव के राजा अंसारी से उसकी मुलाकात हुई। पहले परिचय हुआ और मोबाइल नंबर का आदान प्रदान चला। धीरे-धीरे एक दोनों एक दूसरे से बातें करने लगे और यह मुलाकात प्यार में बदल गई। राजा अंसारी ने नाबालिग को शादी का प्रलोभन दिया और उसके साथ लगातार कई बार यौन शोषण किया। इधर जब भी नाबालिग शादी के लिए कहती तो वह टाल जाता। एफआईआर दर्ज के तीन दिन पूर्व राजा अंसारी पाकुड़िया से शिकारीपाड़ा आया और नाबालिग से कहा कि पश्चिम बंगाल के बीरभूम में जो पथलचपड़ी मजार है, वहां चलो, वहीं शादी कर लेंगे और वहां एक होटल में फिर से शारीरिक संबंध बनाया और छोड़कर भाग गया।

# बोकारो : चिन्मय विद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों का स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में नव नियुक्त हुए 31 शिक्षकों के लिए कार्यभार ग्रहण करने से पहले विद्यालय द्वारा दस दिवसीय अधिष्ठापन और अनुस्थापन समारोह आयोजित किया गया।

इस इंडक्शन कार्यक्रम में अनेक चरणों में हुई चयन प्रक्रिया से चयनित होकर आए नवागंतुकों को विद्यालय भ्रमण से लेकर विद्यालय की कार्यप्रणाली गतिविधियों और चिन्मय मिशन के बारे में अवगत कराया गया। शिक्षण प्रशिक्षण के क्षेत्र में चिन्मय विद्यालय बोकारो की विशिष्ट छवि है उक्त कार्यक्रम द्वारा सभी को स्वामी चिन्मयानंद की जीवनी एवं विचारों द्वारा प्रोत्साहित किया गया और एक नए सिरे से विभिन्न शिक्षण व शिक्षणेत्तर गतिविधियों में निरंतर मूल्य व चरित्र निर्माण पर बल देने की बात की गयी।

दस दिवसीय अधिष्ठापन समारोह में प्रशिक्षक के रूप में स्वामिनी संयुक्तानंद जी अध्यक्ष बिश्वरूप मुखोपाध्याय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उपप्राचार्य नरमेंद्र कुमार कार्यकारी-मानव संसाधन सुप्रिया चौधरी व विभिन्न शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक कर्मचारियों ने नवागंतुक शिक्षकों का स्वागत सहित दिशा-निर्देश किया।

# साहिबगंज : आचार संहिता के कारण कार्यप्रणाली में हुआ विलंब: अशोक दास



खबर मन्त्र संवाददाता

**साहिबगंज।** बरहरवा प्रखण्ड/अंचल कार्यालय स्थित 20सूत्री कार्यालय में आज अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे ग्रामीणो ने शिकायत की कि अंचल एवं प्रखण्ड कार्यालय में कोई काम ठीक से नही हुआ है इस पर 20सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने लोगों को समझाते हुए कहा कि आचार संहिता के कारण काफी व्यस्तता थी जिसके कारण कार्य प्रणाली में थोड़ा विलम्ब हुआ लेकिन अब विलम्बित कार्य सही समय पर होंगे। साथ ही अब हर गुरुवार को जनता की समस्याओं को सुनने के लिए मैं सदैव अपने कार्यालय में मौजूद रहूंगा। वही ग्रामीणों ने ज्यादातर जमीन विवाद से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए 20सूत्री कार्यालय में गुहार लगाई इस पर 20सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने संबंधित पदाधिकारियों से फोन पर वातार्लाप कर जल्द निदान करने को कहा। मौके पर जिला महासचिव मिठुन कुमार मंडल, कांग्रेस नगर उपाध्यक्ष छोटेलाल रमानी, विकास कुशवाहा, दिनेश तुरी, रतन पाइन सहीत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता से कई ग्रामीण मौजूद थे।

### नये जीएम रंजय सिन्हा ने पदभार ग्रहण किया

बेरमो। सीसीएल ढोरी एरिया के नए जीएम रंजय सिन्हा ने पदभार ग्रहण किए। उनका स्वागत एसओपी प्रतुल कुमार सहित अन्य ने किया। पिपरवार के जीएम ऑपरेशन रंजय को जीएम के रुप में तबादला की गई थी।

# आम आदमी पार्टी ने सभी सदस्यों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** आम आदमी पार्टी के बोकारो जिला कमिटी की बैठक सेक्टर 12ए स्थित कार्यालय में जिला संयोजक विधान चंद्र राय की अध्यक्षता व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश की उपस्थिति में हुई। बैठक का संचालन जिला संगठन प्रभारी मो मेहबूब आलम ने किया। बैठक के दौरान प्रस्ताव पारित कर धनबाद और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अनुपमा सिंह और मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में वोट देने के लिए आम आदमी पार्टी के सभी सदस्यों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। बोकारो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भीषण गर्मी के बीच बिजली पानी संकट के लिए सांसदों विधायकों जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को दोषी करार देते हुए आम लोगों से खुद अपनी लड़ाई के लिए तैयार रहने की अपील की गई। नगर निकाय चुनाव में चास और फुसरो के सभी वार्ड व मेयर पद के लिए योग्य प्रत्याशियों को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। प्रदेश मीडिया सह प्रभारी राकेश ने कहा कि पूरे देश में सिर्फ आम आदमी पार्टी ही जन समस्याओं की लड़ाई लड़ती आयी है। जिला संगठन प्रभारी आलम ने कहा कि हमें लोगों के समस्याओं की लड़ाई से पूर्व जनसंपर्क अभियान को हर घर तक ले जाना होगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल राहुल कुमार वसु जिला प्रवक्ता अरविंद विकास महिला प्रकोष्ठ संयोजक मंजुला देवी, आनंद कुमार, प्रदीप कुमार झा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### एसकेएमयू में परीक्षा का ऑनलाइन फॉर्म 18 जून से भरे जायेंगे

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन बीएड समेत कुल 6 परीक्षाओं का ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि गुरूवार को घोषित किया। उक्त परीक्षाओं में बीएड सेमेस्टर-4, सत्र-2022-24, बीएससी ओप्थल्मिक फर्स्ट ईयर, बीएससी एमएलटी फर्स्ट ईयर, बीपीटी सेमेस्टर-1, बीपीटी सेमेस्टर-1 बैकलॉग औरबीफार्मा सेमेस्टर-1 शामिल है। उक्त परीक्षा फॉर्म भरने संबंधित अधिसूचना विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने जारी किया है। बीएड सेमेस्टर-4 परीक्षा में शामिल होने वाले छात्र 18 से 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। वहीं 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 29 जून से 2 जुलाई फार्म भरे जायेंगे।


## कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।

### आवेदन आमंत्रण (आम सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वितीय वर्ष 2024-25 में विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0 04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है-

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना ईकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक का अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य नाव (सं0 में) | 16 | 30000/- (प्रति नाव) | 3000/- (प्रति नाव) | |
| 2 | वर्ष-2019-20 के पूर्व तक निर्मित केज के लिए ग्रो आउट नेट (सं0 में) | 30 | 22650/- (प्रति इकाई) | 7550/- (प्रति इकाई) | अनुदान 75% |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए मोटर चालित नाव (सं0 में) | 2 | 372600/- (प्रति इकाई) | 41400/- (प्रति इकाई) | अनुदान 90% |
| 4 | केज हाउस अधिष्ठापन (सं0 में) | 2 | 540900/- (प्रति केज हाउस) | 60100/- (प्रति केज हाउस) | अनुदान 90% |
| 5 | केज रिपेयरिंग (सं0 में) | 10 | 25000/- (प्रति केज) | 10000/- (प्रति केज) | |
| 6 | पुराने रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) | 40 | 25000/- (प्रति यूनिट) | - | |
| 7 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/ सदस्यों के लिए गिल नेट (अधिकतम 05 कि0ग्रा0) | 27 | 2655/- (प्रति लाभुक) | 295/- (प्रति लाभुक) | अनुदान 90% |
| 8 | नया रिवराईन फिश फार्मिंग (ईकाई में) (40 मीटर x 05 मीटर) | 10 | 86000/- (प्रति 40 मी0 x 05 मी0) | - | |
| 9 | मछली-सह-बत्तख पालन (यूनिट में) | 06 | 122680/- (अ0ज0जा0, अ0ज0 एवं महिला कोटि) | 30670/- | अनुदान 80% |
| | | | 107345/- (अन्य कोटि) | 46005/- | अनुदान 70% |
| 10 | तालाबों में मत्स्य पालन से आच्छादन (एकड़ में) | 650 | 1875/- (अधिकतम) | - | |
| 11 | 2mm अथवा इससे छोटे फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 80 | 17500/- अधिकतम (700 कि0ग्रा0) | - | |
| 12 | झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल/PMMSY अन्तर्गत निर्मित फिश फीड मिल से फ्लोटिंग फीड का क्रय (टन में) | 165 | 25/-रू0 कि0ग्रा0 | - | |
| 13 | 2mm से बड़े 4mm तक के फ्लोटिंग फीड का क्रय | 140 | 30000/- अधिकतम (1200 कि0ग्रा0) | - | |
| 14 | खदानों में केज कल्चर द्वारा मत्स्य पालन | 02 बैट्री | 322200/- (प्रति बैट्री) | 35800 (प्रति बैट्री) | |
| 15 | खदानों में केज कल्चर हेतु नाव (सं0 में) | 1 | 30000/-(प्रति नाव) | - | |
| 16 | खदानों में केज कल्चर हेतु लाईफ जैकेट (सं0 में) | 2 | 1815/- (प्रति लाईफ जैकेट) | 605 (प्रति लाईफ जैकेट) | |

उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुकों से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 13.07.2024 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते है। विशेष जानकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। क्रम सं0 3, 4, 5, 6, 8 एवं 14 के लाभुकों को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी तथा लाभुक अंशदान की राशि एक माह के अंदर उक्त खाते में जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान राशि जमा करने के उपरांत ही योजना का लाभ दिया जायेगा। तत्पश्चात संपूर्ण राशि एजेंसी/आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में एक मुश्त हस्तांतरित की जायेगी। क्रमांक 10, 11 एवं 13 में लाभुकों का चयन "पहले आओ, पहले पाओं" को आधार बना कर किया जायेगा। सभी योजनाओं में दिव्यांगों को 3% तक का लाभ दिया जायेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा।

PR 326273 Fish(24-25)D

# परीक्षा बना प्रहसन

केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित ह्वाराष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा -स्नातक (नीट-यूजी), 2024 के 1,563 अभ्यर्थियों को कृपांक (ग्रेस मार्क) देने के फैसले को निरस्त कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को पुनः परीक्षा देने का विकल्प मिलेगा। केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वकीलों ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ को बताया कि जिन विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए थे, उन्हें पुनः परीक्षा का विकल्प दिया जाएगा। वहीं न्यायालय ने कहा कि वह प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा। केंद्र ने कहा कि यदि इन 1,563 छात्रों में से कोई परीक्षार्थी पुनः परीक्षा नहीं देना चाहता तो परिणाम में उसके मूल अंकों को शामिल किया जाएगा जिसमें कृपांक नहीं जोड़े जाएंगे। केंद्र ने न्यायालय को बताया कि पुनः परीक्षा का परिणाम 30 जून को घोषित किया जाएगा और एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग छह जुलाई को शुरू होगी। दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि एडटेक फर्म फिजिक्स वाला के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे समेत अन्य लोगों द्वारा कृपांक दिए जाने के मुद्दे पर दायर याचिका सहित सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। इनमें प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य धांधली के आरोपों में नीट-यूजी 2024 परीक्षा को निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। एनटीए ने 5 मई को 4,750 केंद्रों पर नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी और करीब 24 लाख उम्मीदवारों ने इसमें हिस्सा लिया था। प्रश्नपत्र लीक होने जैसे आरोपों और 1,500 से अधिक परीक्षार्थियों को कृपांक दिए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए और सात हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट में मामले दायर किए गए।

# भविष्य दांव पर

दरअसल, देश के विभिन्न राज्य भी इस परीक्षा प्रणाली को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। खासकर कोचिंग सेंटरों के खेल व अंग्रेजी के वर्चस्व के चलते आरोप लगाये जाते हैं। मेडिकल, शिक्षा, न्याय, पुलिस सहित हर क्षेत्र में परीक्षा पत्र का लीक होना एक आम बात सी हो गयी है। प्रतिभा कराह रही है और भ्रष्टाचार का नंगा नाच हो रहा है। करोड़ों युवाओं का आत्मविश्वास ही कम हो गया है और भविष्य दांव पर लग गया है। देश में उत्तर और दक्षिण के साथ भेद भाव के आरोप लग रहें हैं। तमिलनाडु समेत दक्षिण भारत के कई राज्य आरोप लगाते रहे हैं कि राज्य की भाषा के छात्रों को नई परीक्षा प्रणाली से नुकसान उठाना पड़ रहा है। निश्चित रूप से जहां इस परीक्षा के पेपर लीक व ग्रेस मार्क्स में अनियमितताओं को लेकर उठे सवालों के समाधान तलाशने की जरूरत है, वहीं हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के परीक्षार्थियों के साथ न्याय होना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जब पूरे देश में हजारों छात्र पुनः परीक्षा कराने की मांग पर अड़े हैं और पूरे देश में इसके खिलाफ याचिकाएं दायर की जा रही हैं तो नीति-नियंताओं को मामले की तह तक जाना चाहिए। ऐसे में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों को शत-प्रतिशत अंक मिलने तथा पंद्रह सौ छात्रों का अनुग्रह अंक पा जाना तार्किकता की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। निस्संदेह, लाखों छात्रों के लिये परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था संदेह से मुक्त होनी चाहिए। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने के लिये निष्पक्ष जांच जरूरी है। अन्यथा छात्रों का व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि इन्हीं अव्यवस्था व अनियमितताओं के चलते हर साल लाखों छात्र पढ़ाई व नौकरी के लिये लगातार विदेश जा रहे हैं। भारतीय प्रतिभाओं व धन का बाहर जाना देश के हित में कदापि नहीं हो सकता है।

# ऋण का बोझ से वैश्विक अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी?



विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपये के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है।

साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से एक देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं।



-पी सबनानी

> इसके अलावा 2018 में शीर्ष 1,000 विनिर्माण कंपनियों में से करीब 700 का प्रतिफल उनकी पूंजीगत लागत से कम रहा। जबकि जिन क्षेत्रों का प्रतिफल बेहतर रहा उनमें सन 2016 से 2020 के बीच निवेश में इजाफा हुआ था। रिपोर्ट के लेखकों का सुझाव है कि भारत में विनिर्माण क्षेत्र की बड़ी शक्ति बनने की क्षमता है, बशर्ते कि वह वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी विनिर्माण केंद्र विकसित कर ले।

वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है।

भारत के बैकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋण:सकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्व में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रान्स में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है। अर्थात, विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों में ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 100 प्रतिशत के ऊपर ही है। भारत में इस अनुपात का 81 प्रतिशत के आसपास रहना संतोष का विषय माना जा सकता है। हाल ही के समय में भारत में विनिर्माण इकाइयों की उत्पादन क्षमता का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है, वित्तीय वर्ष 2022-23 के चौथी तिमाही में विनिर्माण इकाईयों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता का 76.3 प्रतिशत उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण उद्योग जगत को ऋण की अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है। बढ़े हुए ऋण की आवश्यकता की पूर्ति भारतीय बैंकें आसानी से करने में सफल रही हैं।

## खास बात

# योग के नियम

**स्वामी मुक्तरथ**



जैसा कि हम आपको पहले के लेख में बता चुके हैं, कि योग अपनाने से आपको न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य में मदद मिलती है, बल्कि आप मानसिक परेशानियों से उबरने में भी सक्षम हो पाते हैं। हालांकि, ये सभी लाभ आप सिर्फ तभी प्राप्त कर पाएंगे जब आप सभी नियमों का पालन करते हुए योगासन करेंगे। निम्न कुछ विशेष सुझावों की मदद से यह बताया गया है कि योगाभ्यास के समय क्या करना चाहिए और

**क्या नहीं - क्या करें -**

योगाभ्यास करने से पहले अपने शरीर, मन और आसपास साफ-सफाई करना जरूरी है।

योगासनों को खाली पेट किया जाना चाहिए। यदि आपको कमजोरी महसूस हो तो गुनगुने पानी में थोड़ा सा शहद डाल कर पी सकते हैं।

कोई भी योगासन शुरू करने से पहले मूत्राशय और आंते खाली होनी चाहिए। इसलिए पहले ही पेशाब व मल त्याग दें।

योग शुरू करने से पहले प्रार्थना व वंदना करें, ऐसा करने से मस्तिष्क में अच्छे विचार आते हैं और आपको योग करने के लिए मानसिक रूप से तैयार होने में मदद मिलती है।

योगिक क्रियाओं को सामान्य रूप से सांस लेते हुए और पूरी सतर्कता व ध्यान के साथ किया जाना चाहिए। क्रियाओं को धीरे-धीरे और आराम से शुरू करें।

कोई भी आसन शुरू करने से पहले स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज और वॉर्म-अप कर लें, ऐसा करने से योग करते समय मांसपेशियां क्षतिग्रस्त नहीं होती हैं।

किसी आसन को पहली बार करने से पहले उसका अच्छे से अभ्यास कर लें और यह सुनिश्चित कर लें कि आप सही मुद्रा और तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं।

यदि संभव हो तो आपने आहार को सात्विक रखें, जिनमें मीट, अंडे, प्याज, लहसुन और मशरूम से परहेज किया जाता है।

रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी न हो पाए।उचित व आरामदायक कपड़े पहनें। इस दौरान आपको ढीले-ढाले सुती कपड़े पहने की सलाह दी जाती है।

(सत्यानंद योग मिशन रांची)

# न्याय और प्रेम

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**न्याय** भी हो जाए और प्रेम भी ऐसा सिर्फ ईश्वर ही कर सकता है। रांची के बसारगढ़ स्थित ब्रंहा विद्यालय एवं आश्रम में भक्तों के साथ सतसंग में स्वामी सत्यानंद परमहंस ने कहा कि ईश्वर ही ऐसा कर सकता है जिसमें न्याय भी हो और प्रेम भी। राजा दिलीप की कथा बताते हुये उन्होंने कहा कि गुरु वशिष्ठ की गाय नंदनी की रक्षा में उन्होंने अपने प्राण की परवाह नहीं की। इस जीवन में जो कुछ भी किया जाता है उसका परिणाम अवश्य मिलता है। इस त्याग के बाद ही राजा दिलीप पिता बने और पुत्र रधु के नाम पर ही रधु कुल को संसार जानती है जिस कुल के राजा राम की चर्चा सर्वाधिक होती है। कश्यप मुनि और तक्षक के प्रकरण पर स्वामी जी ने कहा कि कश्यप मुनि ने तक्षक को दिखा दिया कि वे राजा परीक्षित को बचा सकते हैं। तब तक्षक ने कहा कि क्या आप प्रकृति के न्याय को बदलना चाहते हैं। कश्यप मुनि लौट गये उन्होंने ईश्वर के न्याय का सम्मान किया। वहीं शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सात दिनों में ही ज्ञान और वैराग्य से परिपूर्ण कर दिया जिसके कारण तक्षक के काटने और प्राण निकलने का कष्ट उन्हें नहीं हुआ। इस प्रकार न्याय और प्रेम दोनों संभव हुआ। कश्यप मुनि का न्याय और शुकदेव जी के प्रेम से ईश्वर के नियम की रक्षा हो सकी। भारतीय संस्कृति, धर्म का आधार क्षमा है। ईश्वर आपको अनेको बार क्षमा करता है। आपको सुधरने, परोपकारी बनने का अवसर देता है आवश्यकता है आप उसे समझें और गंभीरता से लें। (ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम रांची

**अज्ञान** आवरण,विषयों के विविध प्रलोभन-आकर्षण,पदार्थ-प्रियता व स्वयं के अस्तित्त्व की अनभिज्ञता के कारण ही मनुष्य स्वयं को अपूर्ण व अभावग्रस्त मानता रहता है!

**-स्वामी अवधेशानंद गिरी**

## आपके ट्वीट

लोक कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की जबावदेही में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। विशेषकर भूमि से संबंधित मामलों में यह अनिवार्य रुप से अपनाई जाए।

**-चंपई सोरेन, सीएम**





**हमें** हमारा नेतृत्व एक ही बात के लिए हमेशा आगाह करता है कि हमारा मिशन केवल सत्ता प्राप्त करना नहीं, हमारा मिशन देश होना चाहिए, देश के हित के लिए कार्य करना होना चाहिए।

**- आदित्यनाथ योगी**

# आड़िशा में लोस, विस में भाजपा की प्रचंड जीत राजनीतिक पंडितों के लिये शोध का विषय



**मनोज शर्मा**

भाजपा ने इन लोकसभा चुनावों में ओड़िशा में अप्रत्याशित सफलता प्राप्त की है। एक ऐसे राज्य में जहां बीजद के शोर में किसी और दल की उपस्थिति न दिखती हो वहां चुपचाप बिना किसी करंट के दिखे भाजपा ने 21 में से 19 सीटें जीत ली। फिर भी बिना शोर या किसी नायक के भाजपा ने राज्य में लोक सभा और विधानसभा कैसे विजित किया? यह राजनीतिक विश्लेषकों, पंडितों और एग्जिट पोल वालों के लिये भी शोध का विषय है।भाजपा की जीत अप्रत्याशित क्यों है इसे जानने के लिये उड़िसा, बीजद और नवीन पटनायक के अतीत को देखना होगा।

4जून से पहले आड़िसा के पूर्व सीएम नवीन बाबू सदैव अपराजेय लगते थे। मेरा भी मानना था कि ओड़िसा में बीजू जनता दल को कहीं से कोई चुनौती नहीं है। एक दूसरा तथ्य भी जुड़ा रहा कि ओड़िसा में नवीन बाबू भारतीय राजनीति में अजातशत्रु सी छवि के साथ रहे हैं। मुझे याद है भाजपा कभी भी उनके खिलाफ आक्रामक नहीं रही और नवीन पटनायक को अघोषित रूप से एनडीए का साथी मानती रही, वहीं यूपीए के भी किसी पार्टी ने उनके खिलाफ कोई तल्खी या विरोधी रूख नहीं दिखाया। सिर्फ इन चुनावों में भाजपा और पीएम मोदी ने उनपर कुछ विरोधी बयानबाजी की । जैसे पीएम मोदी का ये कहना कि नवीन पटनायक अस्वस्थ हैं वो सीएम की कुर्सी और बीजद की कमान संभालने की स्थिति में नहीं हैं। किसी ने कहा कि वो अपना उत्तराधिकारी किसे बनायेंगे? एक

## सामयिक

ब्यूरोक्रेट को जो उनका करीबी और विश्वासपात्र है? नवीन पटनायक पर ये सारे हमले चुनावी थे। एक बार मैं भुवनेश्वर में था। वहां एक लोकल टैक्सी ड्राइवर ने बातचीत में कहा कि जब तक नवीन पटनायक स्वस्थ हैं तब तक वही उड़िसा के सीएम रहेंगे और किसी पार्टी के लिये कोई चांस नहीं। नवीन बाबू सीएम रहने का हर रिकार्ड तोड़ देंगे।

नवीन पटनायक संयोग से राजनीति में आये थे और ओड़िसा के सीएम बने और रिकार्ड बार सीएम बनते रहे। वर्ष 2000 में वह अपने पिता बीजू पटनायक की मृत्यु के बाद अचानक बीजद पार्टी के उत्तराधिकारी के तौर पर विदेश से उड़िसा अवतरित हुये, पार्टी नेताओं के कहने पर बागडोर संभाला तब वे उड़िया भी नहीं बोल पाते थे, फिर भी पहली बार जीतने पर जनता से वादा किया कि मैं अगली बार उड़िया सीख कर आऊंगा । मैंने उन्हें हमेशा दबी और धीमी आवाज में अंग्रेजी बोलते ही सुना है। फिर भी वह 24 साल तक सीएम बने रहे।

**अपने पिता बीजू पटनायक के उलट हैं नवीन पटनायक**

अन्यथा नवीन बाबू आये हरख न गये विसाद वाले व्यक्ति हैं।?आज हार भी गये तो न कोई बयान न कोई दुख या अफसोस पूर्ववत भावहीन हैं नवीन बाबू। वहीं उनके पायलट पिता बीजू पटनायक एक मुखर और वाचाल राजनेता थे। वह चुनाव हारने पर पुरी जाकर भगवान जगन्नाथ से भी लड़ आते थे। एक बार बीजू चुनाव हारे तो पुरी मंदिर में भगवान जगन्नाथ से तल्खी में पूछ रहे थे कि आखिर ऐसा क्यों हुआ मैं चुनाव कैसे हार गया, कहां गलती थी मेरी? एक बार बीजू पटनायक को किसी बेरोजगार युवक ने थप्पड़ मार दिया तो बीजू ने भी पलट कर थप्पड़ मारा। लेकिन नवीन पटनायक बिल्कुल शांत सौम्य मुख्यमंत्री रहे। आज इंजीनियरिंग प्रबंधन की उत्कृष्ट पढ़ाई के लिये बिहार ,झारखंड,बंगाल का छात्र ओड़िसा का रुख करते हैं, पुरी और भुवनेश्वर में पेयजल की व्यवस्था ऐसी कि आप कहीं भी नल से पानी लेकर पी सकते हैं। अमूमन उड़िसा को एक शांत राज्य माना जाता है। ओलंपिक खेलों में दशकों बाद हौकी में कांस्य पदक जीतने वाली हमारी टीम को जब कोई प्रायोजक नहीं मिला तो नवीन पटनायक ने ओड़िसा सरकार के माध्यम से पूरा खर्च उठाया था।

## कॉर्टून वर्ल्ड

मैं बरकरार हूं ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडीटर

### राजनीतिक पराभव

**अपनी** निष्ठा बेचने वाले दर-दर खड़े मिलेंगे। अब सब बाजारवाद का हिस्सा बन चुका है। इसके लिए कानून क्यों नहीं बनता? क्योंकि, यह हर दल को सूट करता है! चुनाव के समय यह खेल चरम पर होता है पूरी मृदंग की थाप के साथ। अगर इस पर कानून बन गया तो पूरी राजनीति ही बैठ जायेगी। मतदाता इस ठगोरी में क्यूं आ जाता है। सार्थक पड़ताल के लिए साधुवाद! **- प्रकाश सिंह, रांची**

### कृर्षि से उम्मीद

**कृषि** क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने में रबी फसलों की पैदावार, खासतौर से गेहूं की भारी पैदावार ने प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि तीन फीसद ही थी। इस वर्ष कृषि विकास दर में वृद्धि के साथ कृषि निर्यात की बढ़ने की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कोरोना के संकट में कृर्षि क्षेत्र ने देश में अनाज की कमी नहीं होने दी। **-विवेक, हजारीबाग**

# भारत में भारतीय होना चाहिए शिक्षा का मॉडल

**डॉ. नितिन सहारिया**

भारतीय संस्कृति मूल्य आधारित संस्कृति है। मूल्यों को धारण करने के कारण ही मानव के अंदर मानवीयता का आभास होता है। मूल्य ही दो पैर- दो हाथ वाले प्राणी मनुष्य को मनुष्यत प्रदान करते हैं अन्यथा वह पशुवत है। मूल्य मानवता का आधार हैं। मूल्य की मनुष्य के अंदर स्थापना होने से मनुष्ययत्व की गरिमा बढ़ती है। मूल्य मानवता के प्राण हैं। मूल्य विहीन मनुष्य का जीवन बगैर खुशबू के पुष्प की तरह से निरर्थक है। अतः इन मूल्यों को धारण करने के कारण भारतीय संस्कृति में वैश्विकता, निरंतरता, जीवंतता, श्रेष्ठता, शाश्वतता, आध्यात्मिकता की अनुभूति होती है, जो इसे वैश्विक संस्कृति ऋंड्डु' ्४'३४९ बनाते हैं। भारतीय संस्कृति के मूल्य सार्वभौमिक हैं।

मूल्य वे तत्व या गुण हैं जो मानवीय आचरण में श्रेष्ठता, विशिष्टता, दिव्यत्व, उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं। मानव के व्यक्तित्व को सुगंध, दिव्य आचरण से भर देते हैं। इनके अभाव में मानव अमानव बन जाता है। भारतीय संस्कृति के मूल्यो में सत्य, प्रेम, दया, करुणा, अहिंसा, आस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, सहिष्णुता, "वसुधैव कुटुंबकम" , तें त्यतेंन भुन्जिथः, "मातृवत पदार्रेशु-परद्रव्येसु लोस्टवत्त", आत्मवत्त सर्व भूतेषू , त्याग, सेवा इत्यादि को शामिल किया गया है।

भारतीय संस्कृति में धर्म के दस लक्षण/गुण ही मानवीय मूल्य है; जो मनुष्य को महामानव, संत, महात्मा, धर्मनिष्ट बनाते हैं। सभी प्रकार का श्रेष्ठ आचरण, गुण, व्यवहार मूल्य की श्रेणी में आता है अतः मूल्य का जीवन में बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान है। मूल्य विहीन जीवन निरर्थक है। मूल्य की इसी महत्ता के कारण स्वामी विवेकानंद जी माता काली से प्रार्थना करते हुए कहते थे- "हे ! मां मुझे मनुष्यत्व दो !! माँ ! मेरी कापुरुषता, दुर्वलता नष्ट कर दो,हे मां !! मुझे मनुष्य बना दो।"

वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति विगत 72 वर्षों से चलती चली आ रही है। वह "अंग्रेजी शिक्षा पद्धति" मैकाले के द्वारा भारत पर थोपी गई थी। पश्चात शिक्षा पद्धति थी जिसमें मूल्यो का अभाव था। जो व्यक्ति को बाबू , क्लर्क, अधिकारी तो बनाती थी किंतु व्यक्ति को मनुष्य नहीं बनाती थी। वह पद्दित मूल्य विहीन थी, जिसने डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, वकील तो पैदा किये किन्तु उनमें मानवीय मूल्यों को न भर सकी। अतः वह बड़े अधिकारी बनकर भी मानवी गरिमा के अनुरूप संवेदना, सत्य निष्ठा, त्याग, प्रेम, परोपकार का व्यवहार नहीं करते जो की अपेक्षित है। ऐसी मूल्य विहीन शिक्षण पद्धति से तैयार होने वाले नागरिक देखने में मनुष्य नजर आते हैं किंतु आचरण में सत्यनिष्ठा, कर्तव्य निष्ठा, देशभक्ति का अभाव सदैव बना रहता है। तब ऐसे नागरिकों के व्यवहार, आचरण से देश का किंचित भी भला होने वाला नहीं है। तभी शासन के द्वारा भारी भरकम बजट से तैयार योजनाएं फेल होती दिखाई देती हैं।

बिहार में पुल बनने से पहले ही गिर जाता है। सड़क जल्दी ही उखड़ जाती है। बिल्डिंग गिर जाती है, कोई मंत्री चारा खा जाता है तो कोई शेयर या बोफोर्स, 2जी स्पेक्ट्रम, कोल ब्लॉक, कॉमनवेल्थ घोटाला कर जाता है। इसका कारण व्यक्तित्व निर्माण के दौरान उन मूल्यों को व्यक्तित्व में समावेश नहीं करा सके जो की प्राचीन "गुरुकुल शिक्षा पद्धति" में करा दिया जाता था। आज समाज में दिखाई देने वाली अव्यवस्था, अशांति, अपराध, भ्रष्टाचार के मूल/जड़ में यही मानवी मूल्यो का अभाव दिखाई देता है। सारी बुराइयों की जड़ मूल्य हीनता अथवा संस्कारहीनता ही है।अतः यदि हमें भविष्य में सुंदर समुन्नत समाज का निर्माण करना है। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" बनाना है तो बचपन से ही बच्चों के कोमल मस्तिष्क में मानवी मूल्यो की प्रतिष्ठा करना आरंभ करें। नैतिक शक्ति/धर्म ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इसी के कारण व्यक्ति बगैर दंड, सिग्नल या आदेश के स्वप्रेरणा से श्रेष्ठ, लोक कल्याणकारी आचरण/व्यवहार करता है। जिससे समाज में शांति, सुव्यवस्था, निर्भयता श्रेष्ठता के वातावरण का निर्माण होता है; अन्यथा मूल्य हीनता, श्रेष्ठ मानवीय गुणौ के अभाव में व्यक्ति उच्छश्रृंखल, निठल्ले, असंवेदनशील, चोर, बेईमान, अनुशासनहीन, अनैतिक बनता है।

# सांसद ने शुरू की आभार यात्रा

## बड़कागांव में कार्यकर्ताओं ने जायसवाल का किया स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव ।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने जीतने के बाद बड़कागांव विधानसभा के केरेडारी प्रखंड अंतर्गत कंडाबेर माता स्थान से बुधवार को पूजा अर्चना कर माता रानी से क्षेत्र की सुख समृद्धि और खुशहाली के कामना करते आभार यात्रा शुरू की। इस दौरान भाजपाइयों ने भव्य स्वागत किया ।वे सीधे तौर पर जनता जनार्दन से मिलकर अपने जीत पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, मतदाताओं, समर्थकों एवं एनडीए गठबंधन के लोगों से मिलकर धन्यवाद एवं आभार प्रकट कर रहे हैं। बुधवार देर शाम को बड़कागांव दोनों मंडल के कई गांव में लोगों से मिलकर उनका आभार प्रकट किया कहा कि अपने बूथ, पंचायत एवं प्रखंड से प्रचंड बहुमत से जिताया है, इसके लिए आप तमाम लोगों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। सेवा व विकास का पिछले 10 वर्षों में जो काम हुआ है, वह निरंतर जारी रहेगा।आप लोगों को





आभार यात्रा के तहत यह बताने आया हूं कि आपका यह भाई,आपका बेटा आपकी हर छोटा से बड़ा काम के लिए आपके बीच तत्पर रहेगा। गरीबों को उठाने का काम चल रही है। बड़कागांव में विस्थापन एक विशेष मुद्दा है और मैं इसी गांव घर से पैदा हुआ हूं छोटा से बड़ा काम करूंगा।

जायसवाल बड़कागांव डेली मार्किट , गुरूचट्टी, सांढ, बिश्रामपुर, हरली, बादम, सोनपुरा इत्यादि क्षेत्रों का सघन दौरा किया जहां पर चुनाव जीतने के हफ्ते भर के अंदर सांसद को अपने बीच पाकर ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिला लोगों ने सांसद को आरती उतार कर एवं फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया।

मौके पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, पुर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, अनिल मिश्रा,मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,भवानी प्रसाद,जय नारायण प्रसाद,बालेश्वर कुमार,राजेश गुप्ता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी , पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, श्रीकांत निराला,भीखन महतो,उपेन्द्र प्रसाद, किशोर राणा,बासमती कुमारी, इंद्र भूषण, शिवशंकर उर्फ शिबू मेहता, उदय मेहता, सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज़

### कल्पना सोरेन को बेदिया ने दी बधाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पिछले दिनों हुए गिरीडीह जिला के गांडेय विधानसभा उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी कल्पना सोरेन की जीत पर कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है। गुरूवार को झामुमो के केंद्रीय सचिव सह राज्य परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान संजीव बेदिया ने कल्पना सोरेन को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही उम्मीद जताई की आने वाले विधानसभा चुनाव में झामुमो राज्य में दुबारा सरकार बनायेगी। राज्य की जनता ने झामुमो व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को इस चुनाव में भरपूर समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन व कल्पना सोरेन के नेतृत्व में राज्य में झामुमो और तेजी से मजबुत होगी। श्री बेदिया ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार एक षड्यंत्र के तहत राज्य के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजकर झामुमो को कमजोर करने की साजिश की थी। लेकिन जनता ने भाजपा को मुहतोड़ जवाब दे दिया है। जल्द ही हेमंत सोरेन जेल से छुटकर झामुमो को और मजबूत करेंगे।

### सांसद से मिले कई भाजपा नेता



**कुजू।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जयसवाल से हजारीबाग स्थित उनके आवास पर भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने बूके देकर उनका स्वागत किया। साथ ही रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा किया। जिसमें क्षेत्र में होल्डिंग टैक्स कम करने, विभिन्न वार्ड में गर्मी को देखते हुए टैंकर से जल की व्यवस्था करने के अलावे एनएच 33 दिगवार बाईपास से परमेश्वर होटल होते हुए देवकी नंदन कुशवाहा के घाट तक पीसीसी पथ निर्माण, दिगवार पारटांड़ के अरुण महतो के घर से लेकर मुंडा टोला तक पीसीसी पथ निर्माण, दिगवार हेठबांध में कालीचरण महतो के घर से लेकर सत्येंद्र प्रसाद के दुकान तक पीसीसी पथ निर्माण, दिगवार पारटांड़ में बने हुए नवनिर्मित सामुदायिक भवन में विद्युत एवं शौचालय का निर्माण, देवनाथ कुशवाहा के घर से लेकर रवि कुशवाहा के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण, पोचरा काली मंदिर नदी के पास स्नान घाट का निर्माण, पोचरा काली मंदिर से लेकर रउता तक पीसीसी पथ एवं नाली का निर्माण, बोंगावार करमाली मुहल्ला में डीप बोरिंग एवं जल मीनार निर्माण, दिगवार दुर्गा मंदिर के पास डिप बोरिंग एवं जल मीनार का निर्माण, मुकेश रजक के घर से लेकर प्रमोद गिरी के घर तक एलईडी लाइट लगवाने आदि की मांग की गयी। जिस पर सांसद मनीष जायसवाल ने जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। सांसद से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में रामगढ़ नगर परिषद भाजपा अध्यक्ष मनोज गिरि, वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा, भाजपा नेता अरुण कुशवाहा, पुण्य प्रकाश कुशवाहा, सुरेश महतो आदि शामिल थे।

### श्री राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर का तीसरा वर्षगांढ धूमधाम से मना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पटेलनगर सीसीएल कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री राधा-कृष्ण ठाकुर बाड़ी मंदिर का गुरुवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ तीसरा वर्षगांठ मनाया गया। इस अवसर पर श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमा को आर्कषक रूप से सजाया गया था। पूरा मंदिर परिसर रंग-बिरंगे विद्युत सज्जे से रौशन दिख रहा था। पुरोहित राम कुमार पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्री राधा-कृष्ण की विशेष पूजा की गई। पूजा में बतौरयजमान रामाकान्त दुबे और सत्येंद्र प्रसाद सिंह सपत्नी शामिल हुए। कलश पुजन के साथ विभिन्न अनुषठान करते हुए हवन व आरती का आयोजन हुआ। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा के दौरा आराध्य देवी-देवताओं के जयकारों से पजा क्षेत्र गूंजता रहा। मंदिर के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर राधे-राधे महिला मंडली द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। जो देर शाम तक चलता रहा। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में मुन्ना यादव, रामाकांत दुबे, सरोज राणा, जितेंद्र पांडेय, नरेन्द्र सिंह, उत्तम राज सिन्हा, अशोक सिंह, अशोक राम, सुरेन्द्र सिंह, मनोज श्रीवास्तव, शंकर दयाल यादव, मनोज सिंह, भोला सिंह, श्रीकांत गुप्ता सहित पटेलनगर कॉलोनी वासियो का विशेष योगदान रहा।

# चरही में धड़ल्ले से जारी है अवैध कोयले की तस्करी

- आरा कांटा के पास फैक्ट्री में बाइक, वाहन, ट्रेक्टर,ट्रक और साइकिल से हो रही है ढुलाई
- ट्रक पर लादकर बिहार,यूपी के कोल मंडियों और आरा कांटा और रामगढ़ के स्पंज आयरन फैक्ट्री में की जा रही है आपूर्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

चरही / हजारीबाग। लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही जिले के कई जगहों से कोयले की तस्करी धड़ल्ले शुरू हो गयी। सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के घाटो ओपी क्षेत्र के परसाबेड़ा,गोसी, बसंतपुर और कलाली मोड़ तथा मांडू और कुज्जू थाना सीमा के बीच हेसागढ़ा के समीप शनि मंदिर के पास के क्षेत्रों से कोयले की तस्करी जारी है। आरा कांटा के पास निर्मित फैक्ट्री में बाइक,चार पहिए वाहन, ट्रेक्टर,ट्रक और साइकिल के माध्यम से कोयले की ढुलाई की जा रही है।क्षेत्रों से चोरी कर कोयले की लगातार ढुलाई कर निर्जन स्थानों पर कोयले को ट्रक पर लादकर बिहार,यूपी के कोल मंडियों तथा आरा कांटा और रामगढ़ के स्पंज आयरन फैक्ट्री में आपूर्ति की जा रही है।इस पर अंकुश लगाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन के द्वारा टास्क फोर्स का गठन भी किया गया है। इसके बावजूद भी कोयला तस्करी बदस्तूर जारी है। उपरोक्त क्षेत्रों से प्रतिदिन 5 से 10 ट्रक कोयले निकाले जा रहे हैं। प्रशासन के कार्रवाई के बावजूद भी कोयला तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि पिछले 18 फरवरी को हजारीबाग डीआईजी के टीम ने अवैध कोयला व्यवसाय पर अंकुश लगाने को लेकर देर रात्रि गए टीम पर ही घाटो ओपी क्षेत्र में तस्करों द्वारा हमला कर दिया गया था। व्यापक पैमाने पर क्षेत्र में कोयला तस्करी जारी है। जिला और पुलिस प्रशासन के कार्रवाई के बावजूद भी कोयला तस्करों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।इस तस्करी मे अधिकारियों,



पदाधकारियों, राज्य के नेताओं, सिपाही सहित कई विभाग के लोगों की मिलीभगत के कारण यह धंधा लागातार फल-फूल रहा है। प्रतिदिन कोयला तस्करी होने से सरकार को प्रतिदिन लाखों रुपयों के राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है। इस संबंध में रामगढ़ एसपी से दूरभाष के माध्यम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जहां भी अवैध तरीके से कोयला तस्करी की जा रही है सभी जगह पर जल्द ही छापेमारी की जाएगी। साथ ही इसमें संलिप्त तस्करों पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### पानी की किल्लत को लेकर सांसद से मिले अमित साहू



**बरही।** बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सांसद मनीष जायसवाल से मिला। साहू सहित अन्य ने जायसवाल को जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े ऐसे कर्मठ व्यक्ति मनीष जायसवाल का सांसद होने से क्षेत्र के लोगों के लिए सौभाग्य की बात है। वह पिछले 10 सालों से लगातार विधायक रहते हुए जनता की सेवा कर रहे हैं। अमित साहू, सिंघरावा के पूर्व मुखिया सुरेश शाह, विकास गुप्ता, डेबो पंचायत के मुखिया मोहन साव ने बधाई देते हुए बरही में पानी की समस्या को लेकर बात रखी। सांसद से आग्रह किया कि पानी समस्या का जल्द समाधान किया जाए। जायसवाल ने जल्द निदान करने का आश्वासन दिया।

# रामगढ़ में 50 साल पुराना है दक्षिणेश्वरी काली मंदिर

## दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं मन्नत मांगने

**रामगढ़।** रांची रोड स्थित माता दक्षिणेश्वरी काली मंदिर की पूरे देश में ख्याति है। संध्या शर्मा ने बताया कि यह 50 वर्ष पुराना मंदिर है। बताया कि पहले यह मंदिर खपरैल था। लेकिन सभी श्रद्धालुओं के प्रयास से 10 मार्च 2018 को मंदिर के सुंदरकरण का कार्य पूर्ण हुआ । उन्होंने बताया कि मंदिर के सुंदरकरण के कार्य में तरह तरह कि बढ़ाएं आई । लेकिन मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरुण महतो के प्रयास से मंदिर के पुर्ननिर्माण का कार्य बेहतर तरीके से हुआ । संध्या शर्मा ने बताया कि पहले मंदिर के भंडारे में भी परेशानी होती थी । पर माता काली कि ऐसी कृपा रही कि भंडारा हमेशा सफलता के साथ होते आया । संध्या के अनुसार मंदिर में



दूर दूर से श्रद्धालु मन्नत मांगने के लिए पहुंचते हैं और मन्नत पूरी होने पर भव्य भंडारा का आयोजन करवाते हैं ।विधायक सुनीता चौधरी कि मन्नत पूरी होने पर उनके द्वारा मंदिर में भंडारे का आयोजन कराया गया। झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने मनोकमना पूरी होने पर भंडारे का आयोजन किया । वे मंदिर समिति के सदस्यों का हौसला बढ़ाते आ रहे हैं । वहीं , विक्रम कुमार तिवारी ने मनोकामना पूरी होने पर भव्य भंडारा कराया । साथ प्रत्येक पूर्णिमा एवं अमावस्या को उनके द्वारा 201 रुपए कि सहयोग राशि दी जाती है। टाटा के राजेश यादव ने मनोकामना पूरी होने पर भंडारे करवाया । बेगलुरु के प्रियंका पाठक ने मनोकामना पूरी होने पर भंडारे करवाया । साथ ही प्रत्येक माह भंडारा में सहयोग करती हैं । संध्या शर्मा ने बताया कि प्रनीत टावर की पिंकी प्रत्येक माह भंडारा में मदद करती हैं

### उपायुक्त की अध्यक्षता में आत्मा की बैठक आयोजित

रामगढ़। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में केंद्र प्रायोजित एग्रीकल्चर एक्सटेंशन /आत्मा एवं खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना(वित्तीय वर्ष 2024 - 25) के क्रियान्वयन हेतु आत्मा शासकीय निकाय एवं जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा मिशन समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्ष 2023- 24 के लिए विभिन्न प्रशिक्षण, प्रत्यक्षण, परिभ्रमण, कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला, किसान गोष्ठी, किसान मेला सहित अन्य योजनाओं में किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024 - 25 किए जाने वाले कार्यों व योजनाओं के प्रस्ताव के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।

डीसी ने परियोजना निदेशक आत्मा को समेति आत्मा सहायय अनुदान के विभिन्न गतिविधियों यथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा योजना के संबंध में प्रत्यक्षण हेतु भूमि का चयन कर किसानों को नई तकनीक की अच्छी तरह से प्रशिक्षण देकर प्रत्यक्षण का कार्य करने का निर्देश दिया।

# रामगढ़ के कई वार्डों में पानी की घोर किल्लत

- कुछ कर्मियों के रवैये से लोगों को हो रही है परेशानी: फजलू

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** इस भीषण गर्मी में शहर का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं, शहर के कई वार्डों में पेयजल का सही तरीके से आपूर्ति नहीं होने से कई सार्वजनिक पोस्ट जहां से लोग पानी भरते हैं वे बेकार पड़े हैं। जिससे लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। फजलू खान ने बताया कि इस भीषण गर्मी के मौसम में शहर के गोलपार में पेयजल आपूर्ति की स्थिति सबसे खराब है। कहा कि वहां पेयजल आपूर्ति के अभाव में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में भी पेयजल आपूर्ति के लोगों को परेशानी हो रही है। कहा कि



इस भीषण गर्मी में शहर वासियों को पर्याप्त पेयजल मिले इसकी जवाबदेही छावनी परिषद की है। उन्होंने कहा कि छावनी में कुछ ऐसे कर्मी हैं जो वर्षों से यहीं कार्य कर रहे हैं और अपनी जवाबदेही ठीक तरीके से नही निभाते हैं। कहा कि ऐसे कर्मी कुछ प्रभावशाली लोगों के पक्ष में कार्य करते हैं और कमजोर लोगों को परेशान करते हैं। फजलू खान ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सूचना के अधिकार के तहत छावनी परिषद से कोई जानकारी मांगता है तो छावनी परिषद द्वारा उसे सही जानकारी नही दी जाती है। कहा कि यदि ऐसे कर्मी अपनी कार्य संस्कृति में 15 दिनों के अंदर सुधार नही करते हैं तो हम उनके विरूद्ध आंदोलन को विवश होंगे। कहा कि इसके तहत हम लोग छावनी परिषद कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे।

**संजय सेठ के रक्षा राज्यमंत्री बनने से लोगों को उम्मीद बंधी :** शहर वासियों को रांची के सांसद संजय सेठ के रक्षा राज्यमंत्री बनने से उम्मीद बंधी है कि उनकी समस्याएं अब दूर हो सकेंगी। शहर के लोगों ने कहा कि जो छावनी कर्मी और अधिकारी वर्षों से यहां जमे हैं और ठीक तरह से अपनी जवाबदेही नही निभा रहे हैं शायद अब उनका तबादला हो। कहा कि ऐसा होने पर शायद शहर वासियों की परेशानी दूर हो सकेगी।

## एक नजर में

### सड़क हादसे में महिला की मौत और तीन घायल

**चरही।** चरही घाटी के समीप हनुमान मंदिर के पास गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई, जबकि तीन बच्चों को मामूली चोटें आई है। घायल महिला को इलाज के मांडू अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। सुबह करीब 9 .30 बजे स्कूटी सवार महिला अपने तीन बच्चों के साथ आगे चल रही थी।इसी बीच तेज रफ्तार में आ रही अनियंत्रित बारह चक्का ट्रक जिसका नंबर एपी31टीएन/1259 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया।स्कूटी सवार महिला रामगढ़ निवासी प्रतिमा कुमारी ( 28 वर्ष )पति सुनील कुमार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना स्थल पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी चरही थाना को दिया। पुलिस ने घायल महिला को सड़क से उठाकर मांडू अस्पताल ले जाने लगी।रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने चालक और उपचालक सहित ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी अस्पताल हजारीबाग भेज दिया।

### धर्मपुर में रोजगार दिवस को लेकर बैठक



**टाटीझरिया ।** धर्मपुर पंचायत के पंचायत भवन परिसर में गुरुवार को रोजगार दिवस को लेकर बैठक हुयी । इसकी अध्यक्षता मुखिया कांति देवी और संचालन पंचायत सचिव संजय कुमार ने किया। रोजगार सेवक निरंजन प्रसाद ने कहा कि अबुवा आवास तथा बिरसा सिंचाई कुप, आबुवा आवास वर्ष 2024- 2025 के तहत लाभुको का आम बागवानी के लिए चयन किया जाना है। जो योग्य लाभुक है वे स्वेक्षापूर्वक योजनाओ का नाम सूची में चयन कर दे। मौके पर कुंती देवी, लोकनाथ गोप, बिना देवी, रंजीता देवी, तिलकी देवी ,हेवंती देवी,रिंकी देवी ,पिंकी देवी, चेतलाल महतो ,अनिल प्रसाद, भवानी कुमार,हेमंती देवी, आसमा खातून , काजल कुमारी ,महेंद्र तुरी , शंकर रविदास, विक्की मोदी ,रंजित प्रसाद , प्रकाश प्रजापति ,सिकेंद्र साव , तौफीक आलम, ओम प्रकाश साव समेत अन्य कई महिलाएं पुरुष शामिल थे।

१३ है पी २ : मौके पर उपस्थित लोग

### डोभा में डूबकर सात साल की बच्ची की मौत

इचाक। बड़की जलौंध निवासी जितेन्द्र भुईया के बेटी सीतल कुमारी उम्र सात ,एक डोभा में डूबने से बच्ची मौत हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह 7 बजे के करीब सीतल कुमारी शौचालय के लिए दोस्तो साथ खेत गई थी। पानी के लिए डोभा की ओर गई। डोभा गहरा था। बच्ची पानी के नजदीक जा पाती लेकिन फिसलकर उसी गहराई वाली डोभा में जा गिरी। बच्ची की दोस्त घर में बताया और घरवाले जाकर बच्ची को निकालते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इचाक ले गया लेकिन हॉस्पिटल में डॉक्टर की अनुपस्थिति में कंपाउंडर स्थिति देखते हुऐ सदर अस्पताल हजारीबाग जाने को कहा। सदर अस्पताल ले जाने के क्रम में बच्ची रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

### शराब लदा पिकअप पलटा , लूटने लगे लोग

दारू। बगोदर से हजारीबाग एन एच 522 में पिपचो के पास सुबह पांच बजे के करीब शराब लदा पिकअप वाहन संख्या जेएच0 1डी ए 5355 जिसमे मैजिक मोमेंट वोदका अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन आबकारी विभाग से रांची से गिरिडीह जा रहा था । इसी क्रम में पिपचो के पास अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग 20 फीट की दूरी तक जाकर पलट गई । सुबह सुबह मॉर्निंग वॉक में निकले ग्रामीणों ने शराब की बोतले लेकर भागने लगे । इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा दारू थाना प्रभारी को दिया गया । थाना प्रभारी सफीक खान दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर शराब की बोतलों को जब्त किया और छतिग्रस्त वाहन को जेसीबी की मदद से दारू थाना लाया ।

### बिजली चोरी में 11 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

बरही। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के निर्देश पर बरही के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें 11 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाया गया। इस बाबत बरही थाना में विद्युत कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज करवाया है। कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने हरिनगर बरही के रहने वाले अवधेश कुमार पिता जीवलाल नायक, बाराटांड निवासी पंकज कुमार पिता रामदेव राम, आकृति तिर्की पति मनीष लिंडा, साधुशरण दास पिता बिहारी राम, यशोदा देवी पति मुरारी रविदास, रूपेश चन्द्रवंशी पिता स्व. मुरारी प्रसाद, रेखा देवी पति अशोक रविदास, उमेश रविदास पिता बंगाली रविदास, कौशल्या देवी पति बीरेंद्र यादव, नंदलाल रविदास, पिता काली रविदास व रणधीर रविदास पिता तोखन रविदास को नामजद अभियुक्त बनाया है। जेई ने कहा कि अवैध रूप से विद्युत जलाने का काम कर रहे है वह मीटर अवश्य लगाएं।

### अंबा प्रसाद दिल्ली में आज करेंगी प्रेस कॉन्फ्रेंस



**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद को इंडियन स्कूल आफ डेमोक्रेसी उत्कृष्ट भारत के तत्वाधान में नेशनल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में बतौर स्पीकर शामिल होने का न्योता दिया गया है। 14 जून को विधायक अंबा प्रसाद लोकतांत्रिक परिपेक्ष पर उक्त कॉन्फ्रेंस में बतौर स्पीकर संबोधित करेंगे। नेशनल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद दिल्ली पहुंच गई है जहां दिन शुक्रवार को कॉन्फ्रेंस किया जाएगा। उक्त कॉन्फ्रेंस में देश के कोने कोने से अलग अलग पार्टियों के गीने चुने विधायक, सांसद, मंत्री, युवा नेता भी शामिल होंगे।

### दारू प्रखंड के कई क्षेत्रों में जल संकट

दारू । दारू प्रखंड के कई क्षेत्रों में लंबे समय से खराब पड़े जलमीनार और चापाकलों के कारण लोगों को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी में यह समस्या और विकराल हो गई है। दारू पंचायत के बक्शीडीह में दो जलमीनार है लेकिन इस भीषण गर्मी में दोनों जल मीनार खराब होने के कारण घोर पानी की समस्या उतपन्न है । ग्राम तिउज का जलमिनार एक भी दिन पानी नहीं दे पाया है। सुलतानी रविदास टोला में जलमिनार एक महीने से खराब पड़ा है। इरगा में जलमिनार लगभग एक साल से खराब है, ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कोई इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। हर बार अधिकारियों द्वारा 1-2 दिन में ठीक करने का आश्वासन देकर बात टाल दी जाती है। उचाबेड़ा में भी जलमीनार से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। रहमदगा टोला बसरिया में जलमिनार एक साल से खराब है, जिससे लोग कुएं का पानी पीने पर मजबूर हैं। दारू भटबीघा में जलमिनार दो साल से खराब पड़ा है। पेटो मंडप के रास्ते में चापाकल लगभग एक महीने से खराब है। मेढकुरी कला शिव मंदिर के सामने का चापाकल एक सप्ताह से खराब है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत मुखिया और वार्ड सदस्य इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। रामदेव खरिका पंचायत भवन के पास चापाकल कई सालों से खराब पड़ा है। दारू प्रखंड के पीछे स्थित सरकारी स्कूल के पास का चापाकल भी खराब है। ग्रामीणों ने कहा कि कई बार संबंधित अधिकारियों को सूचित किया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। इस भीषण गर्मी में पानी की कमी से जूझते ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ इस समस्या का समाधान करने की अपील की है।

स्पीड न्यूज

### अतिक्रमण के खिलाफ दुकानदारों का विरोध

**सिमरिया।** सिमरिया में अतिक्रमण के खिलाफ नोटिस मिलने के बाद सभी दुकानदार आंदोलन पर उतर आए हैं और गुरुवार देर शाम मशाल जुलूस निकालकर प्रशासन के फैसले का विरोध किया है। दुकानदारों ने शुक्रवार को अपनी दुकानें बंद रखने का फैसला लिया है। राजस्व विभाग ने बुधवार शाम को दुकानों के सामने नोटिस चिपका दिया था।

### हाईवा के बेकाबू परिचालन से ग्रामीणों में आक्रोश

**चतरा।** जिले के टंडवा सिमरिया पब्लिक रूट पर हाईवा के बेकाबू परिचालन से कई ग्रामीणों की मौत हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। सिमरिया विधायक ने नो इंट्री लगाने और सड़क पर जोरदार आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया था, लेकिन उसके बाद से वे चुप्पी साधे हुए हैं। ग्रामीणों का विश्वास है कि विधायक अपने बयान पर अमल नहीं करेंगे। विधायक द्वारा 6 माह पहले जारी अल्टीमेटम के बाद भी नो इंट्री नहीं लगाई गई और न ही कोई जोरदार आंदोलन हुआ।

### किसानों को मुआवजा देने की मांग को लेकर आंदोलन करेगी भाकपा

**सिमरिया।** अखिल भारतीय किसान सभा जिला चतरा का सम्मेलन कॉमरेड डा. राजेन्द्र दांगी की अध्यक्षता में टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्रांगण में हुई। इस सम्मेलन से किसानों ने रोल से इंदिरा मोड बलबल तक सड़क निर्माण कराने वाले ठेकेदार को यह बिना उचित मुआवजा दिए बगैर सड़क निर्माण नहीं करने की चेतावनी दी।

### 11 लाख 13 हजार रुपये का जुर्माना

**कोडरमा।** धनबाद-गया रेलखंड पर धनबाद मंडल के धनबाद, गोमो, कोडरमा, डालटनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान में दौरान कुल 1905 बेटिकट यात्रियों को पकड़ा गया, उनसे 11 लाख 13 हजार 785 रुपया जुर्माना वसूला गया। अभियान में 168 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था।

### छात्र-छात्राओं के बीच किया गया साइकिल वितरण

**कोडरमा।** कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना उन्नति का पहिया के तहत सरकारी विद्यालय में कक्षा आठ में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वहीं जिला कल्याण पदाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा मध्य विद्यालय चंदवारा, मध्य विद्यालय भोंडो, मध्य विद्यालय पिपराही, मध्य विद्यालय चौराही, मध्य विद्यालय सरदारोडीह, मध्य विद्यालय मंझालडीह, मध्य विद्यालय जोंगी, मध्य विद्यालय आरागारो के कुल 529 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।

### बंधक बना कर मारपीट करने व रंगदारी मांगने का आरोप

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत पचगांवा निवासी सोनू कुमार मेहता ने नवलशाही थाना के पुलिस कर्मियों के खिलाफ एसपी को आवेदन दिया है। इसमें पुलिस कर्मियों पर जंगल में बंधक बना कर मारपीट करने व एक लाख रंगदारी मांगने के साथ फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

### सड़क निर्माण में अनियमितता बरतने का आरोप, कराया काम बंद

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड अंतर्गत बेको से नयीटांड़ तक 2.5 करोड़ की लागत से सड़क कालीकरण का कार्य किया जा रहा है। वहीं कार्य में अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया है। वहीं भाजपा युवा नेता प्रदीप कुमार साव ने बताया कि संवेदक द्वारा गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है, मिट्टी के ऊपर अलकतरा का प्रयोग कर ढलाई की जा रही है। मौके पर प्रदीप साव, सिकंदर साव, राजू साव, अर्जुन साव, किशोर साव, सन्नी साव, केदार साव, दुलारी देवी, कौशल्या देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## रिकॉर्ड जीत पर चल रहे जिला में आभार कार्यक्रमों में उमड़ रहे भीड़

# सांसद अन्नपूर्णा देवी को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर पीएममोदी को कोटि-कोटि आभार : डॉ.नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी को केंद्र सरकार द्वारा अपने कैबिनेट मंत्रिमंडल में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का महत्वपूर्ण विभाग मिलने पर शिव वाटिका झुमरीतिलैया में भारतीय जनता पार्टी झुमरीतिलैया मंडल द्वारा आभार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव उपस्थित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष बलराम यादव व संचालन नगर महामंत्री नवीन चौधरी ने किया। वहीं विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आप सभी जनता जनार्दन भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को पुरे झारखंड में रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाए हैं। इसके लिए आप सबों की मेहनत को भूलाया नहीं जा सकता, पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने कैबिनेट मंत्री बनाया है, इसके लिए शीर्ष नेतृत्व को भी कोटि-कोटि आभार प्रकट करती हूं। वहीं उन्होंने कहा कि वर्तमान की भ्रष्ट झारखंड सरकार के रवैया से व्यवसायी त्रस्त है और मेरे द्वारा कराए गए कई योजनाओं एवं शिक्षण कार्य को ठप्प कर दी है। पुनः हमारी सरकार राज्य में आने वाली है, अब डबल इंजन की सरकार में पुनः विकास की रफ्तार पकड़ेगी और क्षेत्र में चहुंमुखी विकास होगा। वहीं उन्होंने सभी वक्ताओं द्वारा जनता एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया एवं आगामी विधानसभा चुनाव पर हूंकार भरते हुए कहा कि इसी तरह का जोश और जुनून कायम रखना है। वहीं रामचन्द्र सिंह ने कहा कि कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ. नीरा यादव के नेतृत्व और जनसंपर्क में किया गया इनके द्वारा मेहनत रंग लाया, जिस कारण आज लोकसभा में विशाल अंतर से ऐतिहासिक जीत दर्ज हुई है और सर्वाधिक मत कोडरमा विधानसभा में मिला। वहीं रवि मोदी ने कहा कि अन्नपूर्णा देवी कैबिनेट मंत्री बनी है, कोडरमा में पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। वहीं सभा को प्रकाश राम, श्याम सुन्दर सिंघानिया, अजय सिंह, रामप्रवेश पांडे, डॉ. नरेश पंडित, सुरेश झांझरी, उदय सोनी, हेमन्त रामपाल, अविनाश सेठ आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर देवनारायण मोदी, चंद्रशेखर जोशी, शशि भूषण प्रसाद, सुभाष मोदी, संजीव यादव, सुरज मेहता, राजेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, संजय शर्मा, गुरजीत सिंह खालसा, प्रमोद सिंह, शुशील छावड़ा, विकास सेठ, रितेश दुग्गड़, संजय बोटा, पंकज मोदी, संगीता शर्मा, राकेश शर्मा, नीलू सिंह, नीरज कर्ण, अनिल सिंह, रितेश माधव, बिनोद कुमार मुन्ना, राजकुमार यादव, विवेक सहल, दिपेश जेठवा, सज्जन शर्मा, सुनील बड़गवे, राजेश सिंह, पद्म सेठी, सुधीर यादव, प्रवीण पांडे, अजय मोदी, अमन कपसिमे, सतीश भदानी, ओमप्रकाश सिंह, रवि कपसिमे, अविनाश सिंह, मनीष पांडेय, इंद्रदेव बर्णवाल, पिंटू मजुमदार, सुधीर सेठ, अविनाश चंद्रवंशी, सुनीति सेठ, रीता लोहानी, रेखा भदानी, सोनी जायसवाल, वेवी देवी, किरण देवी, बिंदु देवी, अंजु जैन, लीना देवी, विजय राम, विनोद सिन्हा, महादेव दास, नवीन जैन, भीखारी राणा, राजा यादव, किशोर पंडित, संजय यादव, राजु यादव, हरि पंडित, विकास जैन, राजेश वर्मा, सागर खान, अजय झा, मदनमोहन गुप्ता, ज्योति पहाड़ी समेत सैंकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### गांव की समस्याओं को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने एसडीओ से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** एनटीपीसी टंडवा से स्थापित गांव के मुल भुत सुविधाओं को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया से मुखिया का एक प्रतिनिधिमंडल मिला। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि जनहित में समस्याओं का जल्द निदान किया जाएगा। पानी की समस्या पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और एक सप्ताह के अंदर वीडीएसी की बैठक की जाएगी। बिजली की समस्या पर भी विचार किया जाएगा। मुखिया पति सुभाष दास ने बताया कि राज्य सरकार के नियमा अनुसार विस्थापित युवाओं को 75% रोजगार से जोड़ने पर विचार किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में समाज सेवी सुभाष कुमार दास गाड़ीलौंग, मुखिया सबिदा खातून, राहम मुखिया विश्वजीत उरांव, कल्याणपुर मुखिया महेश मुंडा, मुखिया प्रतिनिधि मोइन अंसारी गाडीलौग उपस्थित थे।

## पर्व को सौहार्द व शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं : थाना प्रभारी

### शांति समिति की बैठक

**चंदवारा (कोडरमा)।** थाना परिसर में बकरीद त्योहार को लेकर प्रमुख मंजू देवी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। वहीं सीओ अशोक कुमार भारती ने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रशासनिक अधिकारी लगातार सोशल मीडिया समूहों पर नज़र रख रहे हैं। सभी लोग एक-दूसरे के धार्मिक त्यौहारों एवं उत्सवों का सम्मान करते हुए साम्प्रदायिक सद्भाव बनाए रखेंगे। मौके पर महादेव राम, लक्ष्मण प्रसाद यादव, महेंद्र यादव, मो अनवर, मो अफसर, विजय मोदी नवीन पांडेय, दिलीप मंडल समेत सभी पुलिस कर्मी मौजूद थे।



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** बकरीद पर्व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर गुरुवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी विजय गुप्ता की अध्यक्षता में शांति-समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि हर पर्व व त्योहार हमें शांति का संदेश देता है। वहीं उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण माहौल में बकरीद पर्व सम्पन्न कराने में सहयोग करने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि किसी तरह के अफवाह पर ध्यान नहीं देना है। अफवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को दें, ताकि उसपर त्वरित कार्रवाई की जा सके। वहीं उन्होंने असमाजिक तत्वों पर पुलिस की कड़ी नजर रहने की बात कही। मौके पर एसआई बृजनंदन प्रसाद, रौशन कुमार, एएसआई दिनेश मुर्मुर, आनंद कुमार, विजय सिंह, रामावतार चौधरी, जयशंकर प्रसाद, विनोद यादव, सुनील सिंह, श्रीकांत यादव, शंकर यादव, नंदलाल साव, रणधीर कुमार, मो. नईम मियां, विवेक पांडेय, नरेश यादव, प्रदीप यादव, मो. यूनुस अली, अरविंद सिंह, अजित यादव, अशोक यादव, चंद्रिका यादव, तारणी सिंह, मो. गुलाम रसूल, मो. फकरुद्दीन, अजित यादव, मो.इबरार उर्फ पिंटू, समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### टंडवा की लाइफलाइन सड़क से कोयला ढुलाई पर लगे रोकः सुभाष

**टंडवा (चतरा)।** हजारीबाग जिले में उत्पादित कोयले को चतरा की सार्वजनिक सड़क से ट्रांसपोर्ट करने के मामले में अब विरोध तेज हो गया है। एनटीपीसी की चट्टीबारियातू कोल माइंस के कोयले को टंडवा की लाइफलाइन सड़क से ढुलाई पर रोक लगाने की मांग जोर पकड़ रही है। बीससूत्री अध्यक्ष सह जिप सदस्य सुभाष यादव ने कहा है कि एनटीपीसी और सीसीएल केंद्र सरकार के अधीन हैं और सांसद उनके स्थाई सदस्य होते हैं। चतरा के लोगों के सौभाग्य से इस बार स्थानीय सांसद भी बने हैं। सांसद और विधायक से उम्मीद है कि वे अपनी घोषणा के अनुसार और समाज के हित में निर्णय लेंगे।

### भद्रकाली मंदिर के पूर्व पुजारी बालेश्वर पांडे का निधन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली मंदिर के पूर्व पुजारी इटखोरी निवासी 106 वर्षीय बालेश्वर पांडे का निधन हो गया। उनका निधन गुरुवार को सुबह 7:30 बजे के लगभग हुआ। उनका अंतिम संस्कार आज शुक्रवार सुबह मुहाने नदी घाट पर किया जाएगा। उनकी मृत्यु से ब्राह्मण समाज सहित अन्य समाज में शोक व्याप्त है। बालेश्वर पांडे ब्राह्मण समाज के लिए एक धरोहर थे और उनकी मृत्यु समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। वह माता भद्रकाली के प्रधान और पहले पुजारी थे और उन्होंने लंबे समय तक माता की पूजा-आराधना की। अस्वस्थ होने के बाद उन्होंने माता भद्रकाली का मंदिर छोड़ दिया और अपने पीछे एक पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी मृत्यु की खबर सुनते ही उनके शुभचिंतक घर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त कर रहे हैं।

#### एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण, कहा

## मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायें



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने सदर अस्पताल के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, मेडिसिन स्टोर समेत कई वार्डों का भ्रमण किया, जहां चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी उपस्थित पाये गये। वहीं एसडीओ ने सभी चिकित्सक व चिकित्सा कर्मियों को अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात चीत की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अस्पताल में चिकित्सक द्वारा ईलाज व अस्पताल में मिल रही सुविधा के संदर्भ में जानकारी ली। वहीं उन्होंने सदर अस्पताल प्रबंधन द्वारा दी जा रही व्यवस्था से संतुष्ट दिखी। मौके पर डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. रविकांत, डॉ. अभिषेक कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## अवैध माइका खनन रोकने को लेकर चला छापामारी, जेसीबी जब्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के वन परिक्षेत्र में खनन माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कार्य जारी है। वहीं वरीय अधिकारियों के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर जेसीबी मशीन को जब्त किया है। वहीं कोडरमा रेंज के क्षेत्र दक्षिणी सुरगी जंगल स्थित घटरवा माइंस में अवैध माइका खनन को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान टीम ने दक्षिणी सुरंगी की जंगल के नाला में छुपा कर रखे जेसीबी को जब्त कर वन परिसर लाया गया। वही रेंजर रामकुमार ने बताया कि दक्षिणी सुरगी जंगल में छापेमारी कर अवैध खनन कर नाला में जेसीबी मशीन छुपा दिया गया था, जिसे जब्त किया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया है। इस मामले में अवैध खनन में लगे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही हैं। वहीं उन्होंने बताया कि उनलोगों के ऊपर वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। मौके पर वनकर्मियों में वनपाल प्रभारी उस्मान अंसारी, शिवाजी, दुर्गा महतो, सिकंदर कुमार के अलावे हजारीबाग से आयी टीम के सदस्य भी मौजूद थे।

### अन्नपूर्णा घाटी से अज्ञात युवक का शव बरामद

**डोमचांच (कोडरमा)।** ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब-सतगावां रोड के अन्नपूर्णा घाटी में ढाब थाना पुलिस ने एक अज्ञात युवक के शव को बरामद किया। शव की पहचान फिलहाल नही हो पाई है। थाना प्रभारी नफीस अहमद ने कहा की शव होने की सूचना ग्रामीणों ने दोपहर लगभग 12:00 बजे दी। जिसके बाद शव थाना पुलिस द्वारा उक्त स्थल से बरामद किया गया। फिलहाल अज्ञात के खिलाफ धारा 302 व 201 के तहत मामला दर्ज है।

### शौच करने गई महिला का शव नदी के किनारे से बरामद, हत्या की आशंका

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मेघातरी पंचायत के बाराकुरा गांव में शौच करने गई महिला का शव गांव के ही नदी के किनारे मिली। वहीं मृतिका का पुत्र सूरज रजवार ने बताया कि शाम को शौच के लिए निकली देर रात वापस नहीं गई तो हमलोग गांव वालों के सहयोग से ढूंढने निकले जिसके बाद नदी ने किनारे मेरी मां का शव मिला। कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## नवनिर्वाचित गांडेय विधायक को गोपाल यादव ने गुलदस्ता भेंट कर दी बधाई

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नवनिर्वाचित गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से केंद्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव उनके आवास पर गुलदस्ता भेंट कर बधाई दिये और झारखंड में नियुक्ती को लेकर भी बात किये। कोडरमा जिला में गरीब गुरबों का एकमात्र जिवीकोपार्जन ढिबरा और पत्थर ही है, जो कि कोडरमा जिला का रोजगार का मुख्य साधन है। इसपर उन्होंने कहा कि इस पर हम कैबिनेट की बैठक में बात को रखेंगे और समास्या का समाधान करने की पुरजोर कोशिश करुंगी। मौके पर केन्द्रीय समिति सदस्य गोपाल यादव, केन्द्रीय समिति सदस्य गंगा प्रसाद यादव, कोडरमा जिला संगठन सचिव मो. कुदुस, कोडरमा बुद्धि मोर्चा अध्यक्ष गोविंद बिहारी, अजय यादव आदि मौजूद थे।

### शहर में चोरी की घटना से मोहल्ले वासी दहशत में, पुलिस की गश्ती तेज



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र स्थित सीडी कॉलोनी में बीती रात चोरों के धावा बोलने से पूरा मोहल्ला दहशत में है। चार की संख्या में आए चोरों ने मोहल्ले के करीब आधा दर्जन घरों को अपना निशाना बनाया, जहां उन्होंने कुछ घरों में चोरी करने का प्रयास किया तो कुछ घरों में घुसने में असफल रहे। वहीं करीब ढाई घंटे तक चारों चोरों ने मोहल्ले के अलग-अलग घरों में सेंध लगाने का भी प्रयास किया। चोरों की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। एक घर में घुसने के बाद इन चोरों ने कमरे में सो रही बुजुर्ग महिला को धमकाकर चुप करा दिया और अलमारी व लॉकर तोड़कर कीमती सामान लेकर फरार हो गए। वहीं चोरों की हरकत से मोहल्ले के सभी लोग दहशत में हैं और पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। सीसीटीवी में जिन चार चोरों की तस्वीर कैद हुई है, उन सभी के हाथ में गुलेल थी और सभी ने हाफ पैंट और टी-शर्ट पहन रखी थी। आपको बता दें कि जिस मोहल्ले में चोरों ने धावा बोला वह तिलैया थाना से महज आधा किलोमीटर की दूरी पर है।

स्थानीय लोगों के अनुसार चोरों के हाथ भले ही कोई कीमती सामान न लगा हो, लेकिन जिस तरह से चोरों ने पूरे मोहल्ले में अलग-अलग घरों में घुसकर ढाई घंटे तक उत्पात मचाने की कोशिश की, उससे लोगों में भय व्याप्त हो गया है।

## जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने किया नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के हाई स्कूल मैदान में बुधवार रात्रि को पांच दिवसीय इटखोरी प्रिमियम लीग नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्घाटन समारोह पूर्वक किया गया। टूनार्मेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर किया। टूनार्मेंट इटखोरी क्रिकेट टीम के द्वारा आयोजित किया गया है। टूनार्मेंट के सभी मैच रात में खेले जाएंगे जिसके लिए पर्याप्त रोशनी और टेंट आदि की व्यवस्था की गई।जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना से मैच खेलने की अपील की। उद्घाटन मैच फैशन प्लाजा 11 और सिंधु 11 के बीच खेला गया। टूनार्मेंट का आयोजन कर रहे इटखोरी क्रिकेट टीम के सदस्य गोल्डन ने बताया कि टूनार्मेंट में 16 टीमें भाग ले रही हैं। टूनार्मेंट के विजेता टीम को 35 हजार नकद और उपविजेता टीम को 15 नकद पुरस्कार से नवाजा जाएगा। जिसमें दस-दस ओवर का खेल खेला जायेगा। सेमीफाइनल और फाइनल मैच 16 जून रात में खेला जायेगा जो 16 ओवर का होगा। मौके पर भाजपा नेता सुजित भारती, जीप सदस्य सरिता देवी, जिला महामंत्री डॉ मृत्युंजय सिंह, मंत्री सतीश सिंह, उप प्रमुख संजय गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह, आजसू जिला मंत्री मंटू दांगी, पप्पू सिंह, विकास सिंह और आयोजक टीम के सदस्य मौजूद थे।

### फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर के लिए 9 से 14 वर्ष के खिलाड़ियों का 15 जून का होगा चयन

**चतरा।** चतरा के फुटबॉल ट्रेनिंग सेंटर (गैर आवासीय) को खेलो इंडिया सेंटर के तहत संचालित किया जाना है। इस संबंध में क्षेत्रीय निदेशक, खेलो इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) तथा कार्यकारी निदेशक, झारखंड खेल प्राधिकरण का भी निदेश है। फुटबॉल ट्रेनिंग केंद्र के लिए 9-14 वर्ष के खिलाडियों का चयन किया जाना है।



ये प्लेयर्स चतरा जिला मुख्यालय के 5 किमी के अंदर के होंगे। 15 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक चयन ट्रायल होगा। इच्छुक खिलाड़ी जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

### राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ चंदवारा प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** स्टेशन रोड स्थित राजकुमार मोदी के आवास पर राष्ट्रीय मोदी बर्णवाल विकास संघ का प्रखंड स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार बर्णवाल की अध्यक्षता में महाराज अहिवरण की प्रतिमा पर माल्याअर्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। वहीं उपस्थित जिले के पदाधिकारीयों को अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। वहीं जिलाध्यक्ष अजय मोदी ने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए जिला कमेटी हमेशा तत्पर रहेगी, पंचायत स्तरीय कमेटी के गठन से मोदी बर्णवाल समाज और मजबूती से आगे आएगा। वहीं युवा प्रदेश महासचिव अजय कुमार बर्णवाल ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा तथा पंचायत कमेटी का गठन समाज के विकास के लिए जरूरी है, साथ ही समाज के विकास में महिलाओं की भी भागीदारी हो। कार्यक्रम का संचालन सचिव मुन्ना कुमार बर्णवाल व धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष संतोष कुमार बर्णवाल ने किया।

स्पीड न्यूज



## आज रांची में सम्मानित किये जायेंगे राजेश मार्डी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सारजमदा निवासी ट्राईबल ब्लड मैन के नाम से मशहूर आदिवासी युवा रक्तदाता राजेश मार्डी को 74वीं बार रक्तदान कर कोल्हान प्रमंडल का पहला आदिवासी बनने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रक्तदान के उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 14 जून को रांची के नामकुम स्थित आईपीएच ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे सम्मानित किया जायेगा। आज विश्व रक्तदाता दिवस पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, रांची झारखंड के सौजन्य से इस सम्मान समारोह रखा गया है। राजेश मार्डी सामाजिक संस्था नयी जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के संस्थापक सचिव भी हैं तथा एक निजी कंपनी में मजदूर के रूप में कार्यरत हैं। ग्रामीण क्षेत्र के नए युवाओं को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करते हैं और स्वयं भी अब तक 74वीं बार रक्तदान कर चुके हैं।

## धालभूमगढ़ में लू लगने से एक युवक की मौत

**घाटशिला।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के बन्नै कॉलोनी में गुरुवार की अहले सुबह लू लगने से बिहार के जमुई का रहने वाला मोहम्मद रिजवान बेहोश हो गया। परिजनों ने उसे आनन-फानन में एक निजी चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां पर दो बोतल स्लाइन चढ़ाने के बाद अस्पताल प्रबंधन ने युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए दूसरे जगह ले जाने की सलाह दी। इस दौरान उस युवक को 108 एंबुलेंस से धालभूमगढ़ सीएचसी लाने के क्रम में ही उसकी मौत रास्ते में ही हो गयी। अस्पताल पहुंचने के बाद युवक की जब जांच चिकित्सकों ने किया तो उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही युवक की मौत हो चुकी थी, लेकिन संभावना है कि युवक की मौत लू लगने से ही हुई है। मो रिजवान धालभूमगढ़ में ही अपने किसी रिश्तेदार के यहां रहकर मोटर मैकेनिक के रूप में काम करता था। गुरुवार की अहले सुबह से उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गयी।

## ब्रह्मर्षि विकास मंच ने किया धर्मेंद्र को सम्मानित

**जमशेदपुर।** गत दिनों विकास मंच जमशेदपुर ने बारीडीह चुना मैदान स्थित क्लब हाउस में शाहिद बरमेश्वर सिंह मुखिया के शहादत दिवस पर रक्त दान समारोह आयोजित किया था, जिसमें शहर के गणमान्य भारी संख्या में उपस्थित हुए और 85 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। आयोजन में मदद करने के लिए ब्रम्हर्षि विकास मंच इस्टप्लांट बस्ती के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# टाटा स्टील ने ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के साथ किया एमओयू

- सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित सेंटर फॉर इनोवेशन स्थापित करने के लिए हुआ समझौता सस्टेनेबल सोर्स से रिसोर्स रिकवरी और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पर होगा काम
- दोनों देशों के बीच ज्ञान और प्रतिभा के आदान-प्रदान को मिलेगा बढ़ावा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मुंबई/जमशेदपुर।** टाटा स्टील और ऑस्ट्रेलिया की मोनाश यूनिवर्सिटी ने एनवायरनमेंट और इंटेलिजेंट मैन्युफैक्चरिंग पर सेंटर फॉर इनोवेशन स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि डीकाबोर्नाइजेशन, सस्टेनेबल सोर्स से रिसोर्स रिकवरी और उन्नत, एडिटिव और डेटा-संचालित मैन्युफैक्चरिंग के लिए प्रौद्योगिकियों जैसी समकालीन वैश्विक चुनौतियों पर सहयोग किया जा सके। यह समझौता ज्ञापन एक मील का पत्थर है जो किसी ऑस्ट्रेलियाई संस्थान के साथ टाटा स्टील के पहले प्रमुख अनुसंधान और विकास सहयोग की शुरुआत का प्रतीक है। यह सहयोग छात्रों और शिक्षाविदों के लिए शैक्षिक और व्यावसायिक अवसर प्रदान करेगा, जिससे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ज्ञान और प्रतिभा के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। व्यापक स्तर पर, यह साझेदारी ऑस्ट्रेलियाई इनोवेशन इकोसिस्टम को भारत के साथ मजबूत संबंध बनाने में मदद करेगी।

टाटा स्टील के सीईओ और प्रबंध निदेशक टी. वी. नरेंद्रन ने



एमओयू के पश्चात दस्तावेज का आदान प्रदान करते टीवी नरेंद्रन और प्रो डी बेन मीर।

कहा, दुनिया में दूसरे सबसे बड़े इस्पात उत्पादक देश के रूप में, वैश्विक इस्पात उद्योग में भारत की भूमिका ने न केवल मात्रा और गुणवत्ता के मामले में, बल्कि दुनिया के पसंदीदा मिश्र धातु के निर्माण के तरीके के मामले में भी काफी प्रगति की है।

भारत में सबसे पुराने इस्पात निर्माता के रूप में, टाटा स्टील ने अधिक सस्टेनेबल विनिर्माण विधियों की दिशा में बदलाव का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली है। आज, हम एक विस्तृत इकोसिस्टम का निर्माण कर रहे हैं जिसमें शिक्षा जगत और स्टार्टअप की दुनिया के भागीदार शामिल हैं। मोनाश विश्वविद्यालय के साथ हमारा समझौता, जो मटेरियल साइंस में एक प्रभावशाली तथा प्रतिष्ठित संस्थान है और अनुसंधान को बाजार के लिए तैयार समाधानों में बदलने की क्षमता रखता है, जो इस इकोसिस्टम में एक अतिरिक्त सुविधा है। हम एक उपयोगी साझेदारी की आशा करते हैं जो नये व्यावसायिक अवसरों के द्वार खोलेगी और हमारे लोगों और पृथ्वी के लाभ के लिए तकनीकी प्रगति को आगे बढ़ाएगी।



मोनाश विश्वविद्यालय के उप कुलपति (एंटरप्राइज तथा एंगेजमेंट) और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोफेसर डोरोन बेन-मीर ने कहा, हमें मटेरियल साइंस और रासायनिक प्रक्रिया अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए टाटा स्टील के साथ सहयोग करने पर खुशी है। इस कद के वैश्विक उद्योग साझेदार के साथ काम करना महत्वपूर्ण सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के विकास को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

इंजीनियरिंग संकाय के प्रोफेसर मैनाक मजूमदार और 2डी मटेरियल (एएम2डी) के साथ उन्नत विनिर्माण के लिए एआरसी अनुसंधान केंद्र के निदेशक ने कहा, सेंटर फॉर इनोवेशन स्थानीय रूप से सोचने, लेकिन वैश्विक रूप से कार्य करने के हमारे मिशन के साथ रणनीतिक रूप से संरेखित है, क्योंकि हम ऑस्ट्रेलिया में विकसित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए प्रभाव पैदा करने का प्रयास करते हैं।

# टाटा बस्तियों में पानी, बिजली व सफाई की सुविधा देने को तैयार

- विधायक सरयू राय और टाटा स्टील यूआईएसएल के बीच बनी सहमति
- मनीफीट, शिव सिंह बागान, काशीडीह, साकची में बनगी सड़क

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधायक श्री सरयू राय ने गुरुवार को टाटा स्टील यूआईएसएल के महाप्रबंधक श्री आर के सिंह के साथ जुस्को महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक किया। सड़क निर्माण, नाली निर्माण, जलापूर्ति, बस्तियों में बिजली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर वार्ता हुई। यह बैठक लगभग दो घंटे तक चली।

बैठक में यह तय हुआ कि भुइयांडीह, नंदनगर इलाके में जुलाई और लालभट्टा, बाबुडीह में जुलाई के अंतिम सप्ताह से पेयजल



टाटा स्टील यूआइएसएल के जीएम के साथ बैठक करते जमशेदपुर पूर्वी के लोकप्रिय विधायक सरयू राय।

कनेक्शन के लिए फॉर्म वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही ये भी तय किया गया कि जोजोबेड़ा बस्ती, नीलकंठ अपार्टमेंट एवं अन्य अपार्टमेंट में 15 जुलाई से पेयजल कनेक्शन का फॉर्म वितरण किया जायेगा। बैठक में इस बात का फैसला हुआ कि महानंद बस्ती, मनीफीट एवं आसपास के क्षेत्र के लोग पेयजल कनेक्शन ले सकते हैं। जुस्को जलापूर्ति करने के लिए राजी है।

श्री राय और महाप्रबंधक के बीच वार्ता में यह बात सामने आई कि बागुनहातु क्षेत्र में जुस्को बिजली देने के लिए नशामुक्ति केन्द्र के समीप सब स्टेशन निर्माण का कार्य शुरू हो गया है जो 2 महीने के भीतर तैयार हो जायेगा। उसके उपरांत बस्तियों में नेटवर्क बिछाकर घरों में कनेक्शन देने का काम शुरू हो जाएगा।

बैठक में बताया गया कि मोहरदा, मुराकाटी और आस्था क्षेत्र में जुस्को बिजली देने के लिए केबुल बिछाने का काम प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही सब स्टेशन निर्माण के लिए टेल्को सीवेज प्लांट, समीप रमनी काली मंदिर के पास स्थल का भी चयन हो गया है। एक-दो दिनों में टाटा मोटर्स से अनापत्ति प्रमाण -पत्र मिलते ही मोहरदा क्षेत्र के लिए सब स्टेशन निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

इस बैठक में क्षेत्र के बड़े नाले एवं बस्तियों से निकलने वाली नालियों को भी जीर्णोद्धार, पक्का करने एवं साफ-सफाई करने पर सहमति बनी।

ये तय हुआ कि मनीफीट, बमामाईंस, सिदगोड़ा, शिव सिंह बगान, काशीडीह, साकची आदि बगान एरिया में सड़क और नाली का निर्माण किया जायेगा।

बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि गोलमुरी, विजयनगर मंदिर के समीप खाली भूखंड पर पार्क का निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही ये भी फैसला हुआ कि मोहरदा, फेज 2 पर कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। फेज 1 के बचे इलाकों में लगभग 6 किलोमीटर तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य भी होगा। फेज 2 में भुवनेश्वरी मंदिर के तलहटी में पानी टंकी का निर्माण कराया जायेगा जिससे ऊंचाई पर बसे घरों में जलापूर्ति संभव हो सकेगा।

## राजनगर में सीएम चंपई सोरेन का आगमन 16 को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 16 जून को फुटबॉल मैदान मतकामबेडा, राजनगर में प्रस्तावित शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम मे माननीय मुख्यमंत्री के आवागमन, हेलीपेड, बेरीकेटिंग, वाहन पार्किंग, यातायात परिचालन, कार्यक्रम स्थल पर लाभुकों की बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर पेयजल एवं चलन्त शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था



आदी का जायजा ले सम्बन्धित पदाधिकारी को सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करनें के निर्देश दिये। मौके पर राजनगर बीडीओ मलय कुमार, सीओ हरीश चंद्र मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, विभिन्न विभाग का कार्यपालक अभियंता तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य उपस्थित रहे।

## पुत्र ने बुजुर्ग मां-पिता का साथ छोड़ा विधायक मंगल ने भेजवाया वृद्धाश्रम

- जुगसलाई के लोकप्रिय विधायक मंगल कालिंदी ने पेश की मानवता की मिसाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के परसुडीह के जगदीश बागान हालुदबनी में रहने वाले बुजुर्ग श्याम साहा 77 वर्षीय पति और 71वर्षीय पत्नी सती रानी साहा को उनके पुत्र ने अकेला छोड़ दिया था जिसकी वजह से उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं था। बुजुर्ग की हालत देख कर स्थानीय लोगों ने कुछ दिन तक होटल में रखकर मदद भी की। इसकी सूचना स्थानीय लोगों से जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी को मिली इसके बाद विधायक ने बुजुर्ग पति-पत्नी जिन्हें चलने में भी काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देख हुए विधायक ने वाकिंग स्टिक दी और उसके बाद सरायकेला के पास फुरीदा संस्था के वृद्ध आश्रम में भेजने का प्रबंध किया। बुजुर्ग पति-पत्नी ने नम आंखों से विधायक को इस मदद के लिए आशीर्वाद दिया।



ओल्ड एज होम में बुजुर्ग दंपत्ति को जगह दिलवाते विधायक मंगल कालिंदी।

## बकरीद को लेकर उपायुक्त से मिली ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की एक टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की एक टीम उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम अन्य मित्तल से उनके निवास स्थान पर जाकर मिली, जिसमें ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट एवं आजादनगर थाना शांति समिति के जनरल सेक्रेटरी मुख्तार आलम खान, सैयद आसिफ अख्तर, धातकीडीह से अजीज हसनैन, डॉ ताहिर हुसैन, मास्टर खुर्शीद अहमद खान, ढकीडीह के



समाजसेवी अजीज हसनैन और मास्टर सिद्दीक अली खास तौर से उपस्थित थे।

जिसमें आने वाले 17 जून को कुरबानी का पर्व बकरीद को लेकर चर्चा की गई उपायुक्त महोदय में आश्वासन दिया के जिस प्रकार पिछले सारे त्योहार मनाये गये हैं। उसी प्रकार ये पर्व भी उसी उत्साह के साथ मनाया जायेगा और प्रशासन की ओर से त्योहार में भरपूर सहयोग दिया जायेगा।

## चाईबासा के उपायुक्त ने बकरीद में विधि व्यवस्था को लेकर की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर/ चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम के जिला समाहरणालय स्थित सभागार जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में ईद-उल-जोहा (बकरीद) की विधि-व्यवस्था से संबंधित बैठक की गयी। बैठक में जिला उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाया जाए इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाये। बकरीद की नमाज के लिए जिले के विभिन्न मस्जिदों में नमाज-अदा की समय की भी जानकारी दी गयी।

## डीसी ने की भाईचारा और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील

- बकरीद को लेकर थाना स्तर पर आयोजित की जा रही शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार जिले में थाना स्तर पर बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। कई थानों में आयोजित बैठक में 17 जून को बकरीद (ईद-उल-अजहा) का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने और विधि व्यवस्था के संधारण पर चर्चा की गयी। इस दौरान सभी से आपस में भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की गई। शांति समिति सदस्यों से अपील किया गया कि त्योहार में किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, अपने स्तर से भी लोगों को जागरूक करें। कोई भी ऐसा कार्य नही करें जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। त्योहार के दौरान सोशल मीडिया माध्यम से अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जायेगी साथ ही असामाजिक तत्वों एवं अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त ने कहा कि उत्सव के वातावरण में



बकरीद को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए जिलेवासी त्योहार मनायें। उन्होने दोनों अनुमंडल पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में 14 जून तक शांति समिति की बैठक कर शांति की अपील करने का निर्देश दिया है। साथ ही नगर निकाय पदाधिकारियों को साफ सफाई सुनिश्चित कराने, स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइट के मरम्मती की आवश्यकता हो तो तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही कहा कि बकरीद पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जायं। ट्विटर फेसबुक, इंस्टाग्राम समेत किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अगर कोई आपत्तिजनक पोस्ट शेयर होता है, तो तत्काल संबंधित व्यक्ति को चिन्हित करते हुए सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करें। सीओ और थाना प्रभारियों को समन्वय स्थापित कर अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के विरुद्ध सघन छापामारी करने, समय-समय पर जिला मुख्यालय को अपने क्षेत्रों का खैरियत प्रतिवेदन देने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी करने आदि का भी निर्देश दिया गया है।

## एक नजर में

### श्री साईं देवस्थानम में गुरुवार भंडारा सेवा बहाल



**जमशेदपुर।** गुरुवार को साई परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वावधान में श्री साईंनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा में गुरुवार भंडारा सेवा फिर से प्रारंभ कर दी गयी है, मध्यान आरती के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमे आस पास के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अब से प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे मध्यान आरती पश्चात भंडारा का आयोजन किया जायेगा। ज्ञात हो कि भंडारा कोरोना के दौरान स्थगित रखा गया था। संस्थान के द्वारा भक्तों के सहयोग से गुरुचार भंडारा सेवा 2014 से नियमित रूप से आयोजन किया जाता था। कोई भी भक्त जन्मोत्सव, वर्षगांठ या विशेष तिथि में भंडारा का आयोजन करना चाहते हैं तो श्री साईंनाथ देवस्थानम मंदिर कार्यालय से 9031098102 पर संपर्क कर सकते है।

### फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में फिश टनल देखने उमड़ी भीड़



**जमशेदपुर।** आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर स्थित फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बहुप्रतिक्षित 48 मीटर लंबा और 11 मीटर गहरा वाटर फिश टनल का शुभारंभ होते ही काफी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। ज्ञात रहे कि दुबई स्थित एक मॉल के थीम पर आधारित यह फिश टनल भारत का अभी तक का फन वर्ल्ड में चलने वाला सबसे बड़ा फिश टनल है और इस कॉनसेप्ट को जमशेदपुर में पहली बार प्रदर्शित किया गया है। इसमें लगभग 400 प्रकार की काफी मंहगी मछलियाँ हैं जैसे फ्रेश वाटर डॉलफिन, इम्पोटेड ऑस्कर फिश, एलिगेटर गार फिश, वाइट ब्लैक शार्क, गोला फिश, किशिंग फिश, औरेंडा फिश, रैम्बो फिश, क्रोकोडाईल फिश सहित अनेकों प्रकार की रंग-बिरंगे मछलियाँ मंगायी गयी है। इसके अलावा फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झूले लगाये गये हैं उनमें सुपर ड्रैगन, ब्रेक डांस, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन आदि लगाया गया है।

### पोटका सीओ निकिता बाला ने बालू लदे हाइवा को किया जब्त, अब होगी कानूनी कार्रवाई



**पोटका।** अंचल पदाधिकारी निकिता बाला ने आज प्रातः 6 बजे कवाली थाना क्षेत्र के बानाकाटा रोड में औचक छापामारी कर अवैध रूप से बालू परिवहन करते एक हाइवा ट्रक को पकड़ा। जिसका नंबर जे एच 05ए एल 1297 है। हाइवा गाड़ी में किसी तरह का वैध चालान नहीं पाया गया। चालक भागने में सफल रहा। अंचल अधिकारी ने अवैध बालू परिवहन करने के खिलाफ भा द वि की धारा 379/411, 4/21 एम एम डी आर के अंतर्गत मामला दर्ज किया किया है। बालू तथा गिट्टी के अवैध खनन तथा परिवहन पर रोक लगाने के लिए अंचल अधिकारी पोटका के द्वारा प्रखंड क्षेत्र में लगातार छापामारी की जा रही है। इसके पूर्व 5 मई 24 को अंचल अधिकारी ने कवाली थाना क्षेत्र के रासुन चोपा मध्य विद्यालय के पास तीन हाइवा गाड़ी को बिना कागजात के अवैध रूप से परिवहन करते तीन गाड़ी जब्त की। तीनों गाड़ी पर कवाली थाना में मामला दर्ज किया गया। इसके पूर्व हाता टाटा मुख्य मार्ग पर गितीलता मवि के पास बिना कागजात के जप्त की। इस तरह सीओ के द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। इसके बावजूद अवैध खनिज परिवहन रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

### ब्राह्मण समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करेगा परशुराम परिवार



**जमशेदपुर।** ईसीसी फ्लैट कदमा में परशुराम परिवार की एक बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम को शुरू करने से पहले भगवान श्री परशुराम के फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवधेश कुमार पाठक जी के द्वारा किया गया। इस बैठक में कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों पर विचार विमर्श किया गया जिसकी विवरण निम्नलिखित तौर पर नीचे दिया गया है : 1) ब्राह्मण परिवार के वैसे बच्चे जो किसी भी प्रांत से हो जिन्होने मैट्रिक इंटर की परीक्षा में 95 प्रतिशत से उत्तीर्ण हुए हो उन्हें सम्मानित करने का कार्यक्रम किया जाएगा इसकी सूची बनाने के कार्य को शुरू कर दिया गया है। पिछले महीने 10 मई को परशुराम परिवार, जमशेदपुर के द्वारा परशुराम जयंती को मनाया गया था जिसके आय और व्यय का संपूर्ण ब्यौरा श्री राजीव रंजन पांडेय हमारे संस्थान के कोषपाल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आगामी 21 जून को परशुराम परिवार, जमशेदपुर के द्वारा विश्व योग दिवस पर योगा का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है और साथ ही जमशेदपुर के सभी ब्रह्मणगण नम्र निवेदन हैं की ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। परशुराम परिवार, जमशेदपुर के द्वारा जमशेदपुर के मशहूर साहित्यकार श्री राम पांडे भार्गव जी के मरणोपरांत उनकी दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्यक्रम सुनील तिवारी ने किया। कार्यक्रम में राजीव रंजन पांडे, भगवान मिश्रा, केपी तिवारी, रघुवर दुबे, बजरंग पांडे, रविशंकर पाठक, विष्णु भगवान पाठक, शैलेश तिवारी, राजेश दुबे, अशोक दुबे, किशोर कुमार दुबे, विजय शंकर चौबे, शशि भूषण तिवारी, शशिकांत तिवारी, वरुण पांडे, कोमल दुबे, पवन दुबे, सचिन पांडे, मनोज तिवारी, सत्यनारायण मिश्रा, अजय पांडे, विकास मिश्र उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### किन्नी में 16 जून को मनेगी स्व अनिल चौरसिया की पुण्य तिथि : विधायक



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया के दिवंगत पिता स्व अनिल चौरसिया की पुण्यतिथि डालटनगंज गढ़वा रोड में किन्नी अवस्थित उनकी प्रतिमा के पास 16 जून को मनायी जायेगी। जानकारी देते हुए विधायक ने सभी गणमान्य लोगों समेत क्षेत्र की जनता से पुण्य तिथि समारोह में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है। कहा कि श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे।

### मानसिक तनाव में युवक ने की आत्महत्या



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के बरसैता निवासी प्रमोद सिंह (29) पिता गंगेशवर सिंह ने प्रेम प्रसंग में फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली है। जानकारी मिलने पर पुलिस वहां पहुंच युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। समाचार के अनुसार मृतक की शादी के पूर्व से ही ग्राम भोंगा की लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रेमिका शादी का दबाव बना रही थी। इस कारण उसने मानसिक तनाव में आकर आत्महत्या कर ली। मृतक बिजली विभाग में गार्ड के पद पर कार्यरत था। मृतक की शादी वर्ष 2022 में हुई थी। मृतक की पत्नी गर्भवती है। उसके दो भाई हैं।

### बिजली चोरी में आठ पर मुकदमा दर्ज

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के हुसैनाबाद अभियंता के नेतृत्व में गठित दल ने विशेष छापामारी अभियान चलाया। जिसमें कुल 8 लोग अवैध बिजली जलाते पाये गये। इनके विरुद्ध हुसैनाबाद थाना में मामला दर्ज कराया गया है। बिजली चोरी में वृजदेव पासवान, सत्य प्रकाश पाठक, देव चौधरी, पूरण राम, रामराज चौधरी, जगदीश राम, महेंद्र उरांव, ओमप्रकाश कुमार शामिल हैं। सभी पर कुल 70 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। इसकी जानकारी जपला कनीय अभियंता प्रदीप सिंह ने दी।

### प्रमुख-पंसस ने किया शिलान्यास



**चैनपुर (पलामू)।** बंदुआ गांव में गुरुवार को 15वें वित्त के तहत सरदार वैध के घर से पुराना पंचायत भवन तक बनी पीसीसी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास प्रमुख गायत्री देवी और पसस सरिता कुमारी ने नारियल फोड़ व फीता काटकर किया। पीसीसी पथ निर्माण 2 .49 लाख की लागत से होनी है। प्रमुख ने कहा कि ग्रामीणों को पक्की सड़क, पक्की नाली और पीने का स्वच्छ जल पहुंचाना प्राथमिकता है। मौके पर बबलू पांडे, संतोष बैठा, रामासर बैठा, हरिहर बैठा सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

### पानी के अभाव में बंजर पड़े खेत





**मोहम्मदगंज (अनुप कुमार)।** बढ़ रहे तापमान और भीषण लू से लगातार जल स्तर नीचे जाने लगा है। जल के अभाव में धरती का भू भाग बंजर देख किसानों के चेहरे का रंग फीका पड़ने लगा है। अकाल और सुखाड़ की उम्मीद किसान जताने लगे हैं। बेमौसम बारिश भी फसल को नष्ट करने में अहम भूमिका निभाकर किसानों को झकझोर चुका है। अगर इस वर्ष भी मानसून ने दगा दिया तो किसानों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब होगी, इससे इंकार नही किया जा सकता। रोहिणी नक्षत्र में बारिश का नहीं होना भी शुभ संकेत नहीं है। कोयल नदी भी पूर्वी छोर में आंशिक जल को छोड़कर रेगिस्तान की तरह सूखा और भयावह तस्वीर बयां कर रही है।

### कोयल नगर और बैंक कॉलोनी में पानी यात्रा के दूसरे दिन का समापन



**मेदिनीनगर।** शहर में चल रहे पानी यात्रा के तहत कोयल नगर व बैंक कॉलोनी में पानी यात्रा के दूसरे दिन का समापन किया गया। आशीष भारद्वाज ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए आम आदमी को खुद आगे आना होगा, मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो शहर वासियों को शहर से पलायन करना पड़ सकता है। अभियान में आम लोगों को पौधरोपण के प्रति भी जागरुक किया जा रहा है। यात्रा में मनीष सिंह, पिंकू तिवारी, शैलेश तिवारी, नवीन तिवारी, पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में चल रहे पानी यात्रा में लोगों से हस्ताक्षर भी कराये गये। यात्रा में मनीष सिंह, पिंकू तिवारी, शैलेश तिवारी, नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, बीजू मिश्रा, बबलू चावला, संदीप प्रसाद, शिशु दुबे, साहेब जी नामधारी, मनीष तिवारी, रोशन तिवारी, मुन्ना दुबे, ज्ञानेश तिवारी, इंदु तिवारी, शालिनी श्रीवास्तव भी थे।

### नीलगाय से मुक्ति दिलाने की मांग

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने किसानों को नीलगाय से मुक्ति दिलाने की मांग उपायुक्त से की है। जिलाध्यक्ष दिलीप पांडे व महामंत्री अरविंद पांडे ने कहा कि पलामू सूखा प्रभावित जिला है। स्थानीय किसानों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है जो किसान कृषि कार्य करते हैं उनकी फसल नीलगाय बर्बाद कर देता है। खेत का घेराव कर पाना संभव नहीं है। पत्र की प्रतिलिपि भाजमो के मुख्य संरक्षक सरयू राय तथा केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी को भी प्रेषित किया है।

### समर कैंप हो रहा तो पढ़ाई क्यों नहीं



**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि राज्य के साथ पलामू जिले में पड़ रही भीषण गर्मी से राज्य सरकार के आदेश पर सभी कोटि के विद्यालय 15 जून तक छात्रों के साथ शिक्षकों और कर्मियों के लिए भी बंद हैं, मगर पलामू समेत कई जिलों में समर कैंप के नाम पर छोटे-छोटे बच्चों के साथ शिक्षक व कर्मियों को बुलाया जा रहा है, तो स्कूलों में पढ़ाई क्यों नहीं हो सकती।

# पांकी बराज की उपयोगिता शीघ्र होगी सिद्ध नहर से खेतों को मिलेगा पानी : कालीचरण

- दिल्ली से लौटे चतरा सांसद मतदाताओं का आभार और कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करने जायेंगे गांव-गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चतरा का सांसद बनने के बाद दिल्ली से लौटे कालीचरण सिंह मेदिनीनगर परिसदन में रुके। यहां कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। मौके पर पत्रकारों से बात करते हुए कालीचरण सिंह ने कहा कि दिल्ली से लौटने के बाद सीधे मतदाताओं से मिलने जा रहा हूं। उनका आभार जताऊंगा। कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करूंगा। क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने कहा कि योजनाएं तो कई बड़ी बनी, पैसे भी खर्च हुए, लेकिन वह मंजिल तक नहीं पहुंची।



पत्रकारों से बात करते चतरा सांसद कालीचरण सिंह व अन्य भाजपा नेता।

**खास बातें :** इसका लाभ ना तो किसानों को मिला और ना ही स्थानीय लोगों को। ऐसी योजनाओं में पांकी बराज भी शामिल है। बराज से नहर निकाली गई है, लेकिन किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंचता। बराज में पानी का ठहराव नहीं होता है। नहर से पानी छोड़े जाने पर आगे नहीं बढता। इसका लाभ नहीं मिलने की स्थिति में है। ऐसे में बारीकी से नहर वाले रूट का जायजा लेकर किसानों के खेतों की ओर जाने वाले रूट में नहर का पानी निकालने का प्रयास किया जाएगा, ताकि सिंचाई के लिए सालों भर पानी हो सके। उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) के संबंध में पूछे जाने पर सांसद कालीचरण ने कहा कि केंद्र सरकार प्रभावितों को मुआवजा राशि देने के लिए पैसे भेजी है। राज्य सरकार 4 महीने से पैसे अपने पास रखी है, उसका वितरण नहीं कर रही है। सरकार को यह डर है कि बीजेपी को यह क्रेडिट चला जाएगा। इसके बावजूद उनकी पूरी कोशिश होगी कि मंडल डैम परियोजना को पूरा करने में आ रही समस्याओं का निदान कर ससमय इसे पूरा किया जाए, ताकि इसका भी लाभ मिल सके।

# सांसद पहुंचे नीलांबर-पीतांबरपुर, सर्वप्रथम कोर्ट ठाकुरबाड़ी राम दरबार मंदिर में पूजा अर्चना की

- चतरा लोकसभा क्षेत्र में विकास की लंबी लकीर खिचेंगे : सांसद कालीचरण सिंह
- प्रधानमंत्री के नेतृत्व में होगा देश का सर्वांगीण विकास : विधायक डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**





चतरा सांसद को सम्मानित करते और संबोधित करते पांकी विधायक व अन्य।

**नीलांबर पितांबरपुर।** नवनिर्वाचित चतरा सांसद कालीचरण सिंह नीलांबर पितांबरपुर पहुंचे। जहां उन्होंने सर्वप्रथम कोटे ठाकुरबाड़ी मंदिर में रामलला का दर्शन एवं पूजा अर्चना कर आशीर्वचन प्राप्त किया। इसके उपरांत मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से प्राप्त पगड़ी, श्रीराम पट्टा और तलवार सांसद महोदय को देकर सम्मानित किया। लेस्लीगंज हाई स्कूल रोड स्थित कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। जहां पर मंडल कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर सांसद को बुके, माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद के साथ स्थानीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी भी मौजूद थे। साथ ही बजरंग दल के प्रखंड कमिटी द्वारा भी सांसद का स्वागत किया गया। सांसद ने कहा कि जिस प्रकार प्रखंड के लोगों ने अपना एक एक कीमती वोट भाजपा को दिए हैं और केंद्र में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में अपना योगदान दिया है इसके लिए सभी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर चतरा लोकसभा के सभी क्षेत्र में विकास की लकीर खींची जायेगी।

# पांकी के विधायक ने बुके देकर किया चतरा सांसद को स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रचंड बहुमत से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद कालीचरण सिंह को पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलांबर पीतांबरपुर अपने मौर्या फार्म हाउस में बुके देकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के राम जानकी मंदिर और थानेशवर मंदिर में पूजा अर्चना की। प्रखंड मनातू, पदमा में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। प्रखंड तरहसी में भी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कार्यालय में कार्यक्रम में उपस्थित हुए और तरहसी डॉ सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

प्रखंड पांकी में कर्पूरी ठाकुर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और राम-जानकी मंदिर में पूजा अर्चना किया और सगालिम, तेतराई, लोहरसी में जोरदार स्वागत किया। नवनिर्वाचित सांसद पांकी में ग्रामीणों की समस्या को लेकर समाधान करने का भरोसा दिलाया। पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्वागत अभिनंदन सम्मान समारोह में पलामू जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, संजय वर्मा, प्रो बच्चन ठाकुर समाजसेवी कमेश यादव अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, अजय तिवारी, जितेंद्र तिवारी, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, निर्मल मेहता, समाजसेवी संदीप यादव, मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, सुधीर तिवारी, ललित मेहता, अरुण सिंह, नीलकंठ गिरी, भीमानंद गिरी, दिलीप पांडे, गोपाल सिंह, अनुपम सिंह,



गोपाल प्रसाद साव, शत्रुघ्न सिंह, रोशन सिंह, संतोष वर्मा, श्याम नंदन ओझा, अनिल सिंह, विजय सिंह, रामगोविन्द सिंह, दिलीप मेहता, विजय ठाकुर, अरविंद यादव, अवधेश सिंह चेरो, चंचल यादव, सोनू सिकंदर, श्याम लाल व्यास, गुड्डू मेहता, रामराज सिंह, नीलम देवी समेत भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तृतीय दिवस समर कैंप का समापन

# कैंप से बच्चों में आंतरिक ऊर्जा का संचार होगा : प्राचार्य डॉ एके सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



समर कैंप में मस्ती करते ऑक्सफोर्ड के स्कूली बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में तृतीय दिवस समर कैम्प हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कैम्प में शामिल बच्चों की खुशी देखते ही बन रही थी। कैंप की गतिविधि से जुड़कर बच्चों के चेहरे पर रौनक झलक रही थी। बच्चों द्वारा पुलकित होकर सभी गतिविधियों में सम्मिलित होना उनके उत्साह को दर्शा रहा था। कैंप के तृतीय दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि खुशी हमारे आसपास सर्वत्र बिखरी पड़ी है, आवश्यकता है उसकी पहचान करने की। बच्चे सकारात्मक माहौल में रहकर अधिक से अधिक सक्रियता दिखाते हैं। कैम्प के माध्यम से उनमें आन्तरिक ऊर्जा का संचार किया जाना चाहिए। कैंप में पेटिंग, नृत्य, संगीत, तैराकी, योगा, आन्तरिक खेल एवं पाककला आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें बच्चों की सहभागिता विस्मित करने वाली है। दयानन्द जी के छटवें नियम के बारे में उन्होने बताया कि संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रातः संध्या योगाभ्यास से शारीरिक विकास करना चाहिए। कैंप के तृतीय दिवस में योगा, तैराकी, पेटिंग, जुम्बा डांस, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, पाककला, फोटोबूथ, फन विथ टैटू एवं स्टोरी टेलिंग इत्यादि विषय पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## भाजपा नेता डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कई केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात, दी बधाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने आज दिल्ली में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। डॉ चंद्रवंशी ने नितिन गडकरी मंत्री बनने पर बधाई दी। साथ ही अपने क्षेत्र से जुड़ी कई राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की। मंत्री नितिन गडकरी ने भी श्री चंद्रवंशी को शुभ आशीर्वाद देते हुये उनका कुशल क्षेम जाना। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तीसरी बार मजबूत सरकार बनी है। तीसरे कार्यकाल में गरीब कल्याण व विकास की गति और तेजी से होगी। यहां बताते चलें कि श्री चंद्रवंशी इन दिनों दिल्ली प्रवास पर हैं। दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ सहित कई नवनिर्वाचित सांसदों से भी मुलाकात की।

## जल नल योजना में बरती गयी अनियमितता मुखिया संघ में आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी

**अमित चौधरी**



**उंटारी रोड पलामू।** केंद्र सरकार की अति महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है नल-जल योजना। इस योजना के माध्यम से हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जिले के उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र में योजना का कार्य एक वर्ष पूर्व से चालू है परंतु कभी तक कार्य को पूर्ण नहीं किया गया जिससे प्रखंड क्षेत्र के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में नल-जल योजना में भारी अनियमितता बरती गई है। योजना में मानक के अनुसार कार्य नहीं किया जा रहा है जिसे लेकर प्रखंड के मुखिया संघ ने विरोध जताया है। गुरुवार को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष सह लहर बंजारी मुखिया अशोक कुमार सिंह,लुंबा सतबहिनी मुखिया सकुंतला देवी, जोगा मुखिया कमला देवी, मुरमा खुर्द मुखिया रामबच्चन राम व सामाजिक कार्यकर्ता रामकृष्णा पाल ने संयुक्त रूप से बैठक कर योजना में कार्य करा रहे संवेदक के खिलाफ विरोध प्रकट किया।

### मृतक के परिजनों से मिले कांग्रेस अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के पाटन प्रखंड के ग्राम सैदपुर निवासी मोहम्मद हदीस के छोटे पुत्र का निधन हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान एवं मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह उनके आवास जाकर परिजनों से मिले। निधन पर शोक जताते हुए कहा कि भगवान परिजनों को संकट की घड़ी में दुख सहन करने की शक्ति दें। मौके पर अशोक पासवान ने कहा कि दुख की घड़ी में कांग्रेस पार्टी मृतक के परिजनों के साथ है। उन्होंने परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि हरसंभव सहायता के लिए तैयार रहेंगे। मौके पर संजय पासवान, राकेश दुबे, लव सिंह, सज्जाद अली शामिल थे।

### मलवरिया स्कूल के पास बाराती गाड़ी पलटी



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला खड़ार पर से वापस नबीनगर के खीरी की ओर जा रही बाराती गाड़ी पिकअप अनियंत्रित होकर मलवारिया स्कूल के पास उत्तरी कोयल मुख्य नहर में पलट गयी। इस घटना में सवार कई बाराती गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों ने उन सबको नहर से निकाला। गाड़ी पर बक्सा पेटी सहित कई सामान लदा हुआ था एवं कई लोग उसमें बैठे हुए थे। एक्सीडेंट की वजह हाई स्पीड एवं गाड़ी ओवर टेक करना बताया जा रहा है। सभी घायलों को बस से नबीनगर अस्पताल भेजा गया है।

### रक्तदान जीवनदान के समान पुण्य कार्य : धीरज



**मेदिनीनगर।** पलामू के सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक धार्मिक व्यवसायिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर आयोजित करते हुए रक्तदान करने का अपील किया है। पलामू ब्लड बैंक में विभिन्न प्रकार के खास करके रेयर बल्ड ग्रुप ए निगेटिव, बी निगेटिव, एबी निगेटिव, ओ निगेटिव ब्लड समूहों के स्टॉक की कमी रहने के कारण रक्त के जरूरतमन्द मरीजों को हो रही परेशानियों को देखते हुए पिछले दस वर्षों से सहायक अध्यापक सह सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा रक्तदान जागरूकता अभियान को लेकर सक्रिय हैं। कई लोगों को रक्त दिलवाकर जान भी बचायी है।

## भाजपा नेता ने उपायुक्त से की शहर में जर्जर बिजली तार बदलने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष परशुराम ओझा ने उपायुक्त व बिजली विभाग के कार्यपालक अधीक्षक अभियंता को ज्ञापन देकर शहर में वर्षों से जर्जर बिजली तार बदलवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि शहर क्षेत्र में गणेश विद्यालय के पास ट्रांसफार्मर से विद्युत सप्लाई किया जाता है। एक सप्ताह से बिजली का तार बराबर टूट कर गिर रहा है। शहर वासी को बिजली नहीं मिलने से काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। उन्होंने उपायुक्त को शहर में जर्जर बिजली तार का तस्वीर भी भेजा है। कहा कि अति व्यस्ततम मार्ग जैन मंदिर रोड, घड़ा पट्टी रोड, पचमुहान चौक के पास, इंजीनियरिंग रोड, पंचमुहान से महावीर मंदिर जाने वाला रोड में पोल पर मकड़ जाल की तरह तार लटका हुआ है । यह जर्जर तार बराबर हादसा को निमंत्रण देता है। बिना केबल के नंगा तार लटकने से लोग हमेशा भयभीत रहते हैं।

### मलवरिया के पास ट्रक के धक्के से गिरा पोल, बिजली आपूर्ति बाधित

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के जपला- नबीनगर मुख्य सड़क के मलवरिया नहर के पास वृहस्पतिवार की सुबह में अनियंत्रित ट्रक ने बिजली के खंभे में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बिजली का पोल गिर गया। हालांकि इस घटना में ट्रक चालक बाल बाल बच गया एवं ट्रक लेकर भागने में सफल हो गया। मुख्य लाइन 11 हजार वोल्ट बिजली के खंभे को क्षतिग्रस्त होने से एकौनी, नावाडीह गांव का बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने बिजली

## तेजधार हथियार से हमले में कई घायल, कार्रवाई की मांग

- भुक्तभोगी ने थाना प्रभारी से कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सतहे में मामूली विवाद में तेजधार हथियार से हमला किया गया। इसमें कई लोग घायल हो गये। भुक्तभोगी राजु कुमार रवि पिता सुरेंद्र राम ने पाटन थाना प्रभारी को आवेदन देकर पिटाई करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। भुक्तभोगी के अनुसार 12 जून को रात आठ बजे ग्राम सतहे के सचिन कुमार पिता दिनेश राम, दिलीप राम पिता स्व भुनेश्वर राम मेरे दुकान की ओर जा रहे थे। उक्त आरोपियों ने हथियार से लैस होकर राजू पर हमला कर दिया। अजीत प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, पंकज प्रसाद पिता ललू साव, लल्लू साव, कौशल प्रसाद, नरेश साव व विरेंद्र तेजधार हथियार भाला व गड़ासा लेकर पहुंचे और हमला कर दिया।

# पथरा पंचायत सचिवालय बनेगा मॉडल व आत्मनिर्भर

- सीएससी और डिजिग्राम ने किया जागरूकता कार्यक्रम
- मेरा लक्ष्य हैं हुसैनाबाद में नम्बर वन पंचायत बने पथरा : नरेश पासवान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायत पथरा सचिवालय में आईएसओ 9001 : 2015 प्रदान करने के लिए सीएससी और डिजिग्राम ने पंचायत वासियों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें आईएसओ ट्रेनर संस्कृति कुमारी आईएसओ से संबंधित तीस बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

कहा कि आईएसओ 9001:2015 प्राप्त करने के लिए जिन व्यवस्था की जरूरत है। उसमें पूछताछ केंद्र कक्ष, नागरिक सीकायत सुझाव पंजी, पेंटी अग्निशमन रोक थाम, सफाई कूड़ा दान पेटी आदि सभी सुविधाओं का लाभ भारत सरकार से मिल जायेगी। इसके अलावा जन सुविधा के लिए अपना सक्षम सचिवालय होगा जिसमें जन सुविधा की सारी व्यवस्था अपना केंद्र में मिलेगी। मौके पर मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि मेरा एक मात्र उद्देश्य है कि पथरा पंचायत का तेजी से समग्र विकास हो एवम मेरा पंचायत हुसैनाबाद प्रखंड में पहला आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त पंचायत सचिवाल हो, ताकि पथरा पंचाय प्रखंड में नंबर वन और सक्षम ग्राम पंचायत बने।

प्रशिक्षण में रवि कुमार राय प्रोजेक्ट कोडिनेटर पंचायती राज एवं सीएससी सर्विस पलामू, सौरभ कुमार दुबे डिविजनल मैनेजर पलामू, बिरेंद्र कुमार सिंह डिस्ट्रिक इंचार्ज पलामू, राजेंद्र पासवान रोजगार सेवक, नारायण सिंह पंचायत सचिव, उप मुखिया कुसुम देवी पथरा पंचायत डिजिटल सेंटर के जितेंद्र कुमार विश्वकर्मा, राहुल कुमार कृत्रिम गभार्धान,वार्ड सदस्यो में रीना देवी, स्वीटी देवी, रीना देवी, धर्मेंद्र रविदास, ग्रामीणों में संजय कुमार, विजय पासवान, उदय मेहता, अरविंद कुमार, दीपक कुमार, विनय पासवान, गोविंदा देवी, शांति देवी, सुनीता देवी के आलावा सैकड़ो की संख्या में पथरा ग्राम पंचायत के ग्रामीण उपस्थित थे।

# केरल की तर्ज पर मॉडल बनेगा चियांकी का पंचायत सचिवालय : मुखिया बिनको

- आईएसओ प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिजिटल पंचायत बनाने की दी गयी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चियांकी ग्राम पंचायत भवन में आईएसओ जीपी अंतर्गत आईएसओ प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। जिसमें आइएसओ मानक के बारे में जानकारी दी गयी। डिजिटल पंचायत बनाने के भी टिप्स दिये गये। बताया गया कि पंचायत सचिवालय से ही मृत्यु, जन्म, आय, जाति प्रमाण पत्र निर्गत किये जायेंगे। साथ ही ग्रामीणों के हर कार्य किये जायेंगे। मुखिया विनको उरांव ने कहा कि पंचायतवासियों को कार्य के लिए सदर प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। केरल की तर्ज पर झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत चियांकी पंचायत सचिवालय को मॉडल व डिजिटल बनाया जायेगा, जहां ग्रामीणों की हर समस्या का समाधान होगा। पंचायत सचिवालय में सभी पदाधिकारियों का नंबर अंकित रहेगा। चियांकी पंचायत सचिवालय के बाहर पूछताछ केंद्र बनाया जायेगा। जहां से चियांकी के लोग पूछताछ केंद्र से हर जानकारी ले सकते हैं। चियांकी पंचायत सचिवालय व्यवस्थित हो जाने से आइएसओ सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा।




पंचायत सचिवालय के समक्ष एकजुट हुए लोग।

उन्होंने कहा कि अब ग्रामीणों का हर कार्य व सुविधा चियांकी पंचायत सचिवालय से ही मिलेगी। प्रशिक्षण में सचिव रवि कुमार राय, सौरभ कुमार दूबे, बिरेंद्र कुमार सिंह, आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया समेत कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

# 50 हजार करोड़ का रक्षा उपकरण होगा निर्यात

## राजनाथ सिंह ने दूसरी बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभाला, तय किया 100 दिनों का एजेंडा

▸▸ रक्षा मंत्री ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेना प्रमुखों, रक्षा सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष के साथ की बैठक की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राजनाथ सिंह ने गुरुवार को लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेना प्रमुखों, रक्षा सचिव और डीआरडीओ अध्यक्ष के साथ बैठक की। उन्होंने रक्षा मंत्रालय की प्रथम 100 दिवसीय कार्ययोजना की समीक्षा करते हुए कहा कि 2028-2029 तक 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के रक्षा उपकरणों का निर्यात करना होगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य आने वाले समय में रक्षा निर्यात को बढ़ाना होगा। लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए रक्षा मंत्री के रूप में राजनाथ सिंह ने आज कार्यभार संभाला। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में उनका स्वागत किया। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय की पहले 100 दिनों की कार्य योजना पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, वायु सेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश त्रिपाठी, रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने, रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत और



रक्षा मंत्रालय के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण विभाग से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को 100 दिनों की कार्य योजना में निर्धारित एजेंडे को पूरा करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का निर्देश दिया। रक्षा मंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए अपने विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि पहले से अधिक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र की स्थापना के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और सेवारत तथा सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों के कल्याण पर हमारा मुख्य ध्यान बना रहेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य आने वाले समय में रक्षा निर्यात को बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर को छू गया था। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य 2028-2029 तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के रक्षा उपकरणों का निर्यात करना होगा। रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस किया जा रहा है और वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने वीरता और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए जवानों की सराहना की। रक्षा मंत्री ने रक्षा तैयारी बढ़ाने और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर निरंतर जोर देने के उद्देश्य से कहा कि वह प्रमुख योजनाओं और रक्षा मंत्रालय की पहलों की प्रगति को तेज करने के लिए नियमित रूप से समीक्षा बैठकें करेंगे। हिंद महासागर क्षेत्र की बढ़ती प्रमुखता पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने इस कार्यकाल की पहली यात्रा पर पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापत्तनम जाने का फैसला किया है, जिसमें वे अधिकारियों और नाविकों के साथ बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय 2047 तक देश को 'विकसित भारत' बनाने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के उद्देश्य से नए जोश के साथ आगे बढ़ेगा।

## स्पीड न्यूज

### रियासी आतंकी हमले में 53 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया

जम्मू। पुलिस ने जम्मू-कश्मीर में पिछले सप्ताह यात्रा बस पर हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में गुरुवार को 53 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि 9 जून को रियासी जिले के पौनी इलाके के पास हुए हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए 53 संदिग्ध लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जो हमले की साजिश रचने में शामिल लोगों की पहचान और उन्हें पकड़ने में मदद करेंगे।

### कुवैत में 42 भारतीय मरे, घायलों से मिले विदेश राज्य मंत्री

**कुवैत सिटी/नयी दिल्ली।** कुवैत में अहमदी प्रांत के मंगाफ क्षेत्र में भारतीय श्रमिकों के आवास वाली छह मंजिला इमारत में लगी आग में मारे गये 49 लोगों में कम से कम 42 भारतीय हैं। विदेश राज्य मंत्री केवी सिंह ने गुरुवार को उन अस्पतालों में से एक का दौरा किया, जहां घायल भारतीयों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। वह कुवैत सिटी पहुंचने के बाद तुरंत जाबेर अस्पताल पहुंचे और वहां भर्ती घायल भारतीयों से मिले।

### कपड़ा मंत्रालय ने स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय ने नवाचार, स्थिरता और परिवर्तनकारी विकास को बढ़ावा देने के लिए तकनीकी वस्त्रों में स्टार्टअप को मंजूरी दे दी है। यह उद्योग के भविष्य को आकार देगा। गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय तकनीकी कपड़ा मिशन (ईटीटीएम) की अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए वस्त्र मंत्रालय में सचिव रचना शाह ने यह बात कही। ईपीसी ने रिसर्च एंड एंटरप्रेनरशिप एक्रॉस इंस्पायरिंग इनोवेशन इन टेक्सटाइल योजना के तहत 7 स्टार्टअप प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। भारत सरकार प्रति स्टार्टअप अधिकतम 50 लाख रुपये की फंडिंग सहायता प्रदान कर रही है।

### भूस्खलन से सिक्किम में छह लोगों की मौत

**गंगटोक।** उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में भूस्खलन से 6 लोगों की मौत हो गई है। उत्तरी जिले के महत्वपूर्ण स्थानों को जोड़ने वाला सांकलांग पुल भी नष्ट हो गया है। पिछले कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश से राज्य के विभिन्न हिस्सों में काफी नुकसान हुआ है। इस बीच मंगन जिले के पाक्सेप में कल रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद हुए भूस्खलन से तीन लोगों की मौत हो गई है। इसी तरह अम्बीथांग में भी तीन लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### अल्मोड़ा में जिंदा जले वन विभाग के 4 कर्मी

अल्मोड़ा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां बिनसर सेंचुरी वन क्षेत्र में जंगल की आग की चपेट में आने से वन विभाग के चार कर्मचारी जिंदा जल गए, जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा के डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह सभी वन विभाग के कार्मिक हैं और आग बुझाने गए थे।

### नागपुर : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 6 की मौत

**मुंबई।** नागपुर जिले के धामना गांव की एक पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार दोपहर जोरदार धमाके में चार महिलाओं समेत 6 की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना में गंभीर रूप से घायल 4 अन्य लोगों को नागपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।नागपुर-अमरावती हाइवे पर नागपुर से 25 किमी दूर धामना गांव स्थित पटाखा फैक्ट्री चामुंडा एक्सप्लोसिव में दोपहर करीब बारह बजे अचानक भीषण विस्फोट हुआ। छह लोगों की मौत हो गई ।

# आंध्र को गरीबी मुक्त राज्य बनाना मेरा लक्ष्य : नायडू

**तिरुपति।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा है कि उनका लक्ष्य आंध्र प्रदेश को गरीबी मुक्त राज्य बनाना है। तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद उन्होंने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि वह आमदनी बढ़ाने और गरीबों में उसका वितरण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं भारतीय समुदाय को दुनिया में शीर्ष पर देखना चाहता हूं और भारतीय समुदाय में 35 प्रतिशत तेलुगु लोगों को पहले स्थान पर देखना चाहता हूं। हमें शून्य गरीबी वाले राष्ट्र, शून्य गरीबी वाले राज्य और शून्य गरीबी वाले जिले के लिए काम करना चाहिए। बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नायडू ने कहा कि वह राज्य और



सभी तेलुगु लोगों की तरक्की के लिए प्रार्थना करते हैं। आर्थिक असमानताओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल सरकारी नीतियों के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने इस दिशा में संयुक्त आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा की गई पहलों को याद किया। उन्होंने कहा कि सीबीएन 1.0 की शुरूआत 1995 में हुई थी। हमने सचिवालय तक सीमित शासन को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाया। काफी विकास हुआ, जिसके नतीजे सबने देखे। दुनिया के नेता हैदराबाद आए। मैंने उन्हें आमंत्रित नहीं किया। वे खुद ही आए, और वह लोग वहां आते हैं, जहां अच्छा काम होता है। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने परिवार व्यवस्था को देश की सबसे बड़ी संपत्ति बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार आपकी ऊर्जा को रिचार्ज करता है, आपको सुरक्षा और खुशी देता है। भारत की परिवार प्रणाली पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श है। जब मैं जेल में था तो परिवार ही मेरा सबसे बड़ा सहारा साबित हुआ। नायडू ने स्पष्ट किया कि किसी को निशाना नहीं बनाया जाएगा, लेकिन जिन लोगों ने गलत किया है, उन्हें कानून के अनुसार दंडित किया जाएगा। एनडीए को भारी जीत मिलने को उन्होंने ऐतिहासिक जनादेश बताया। हमने इतना बड़ा जनादेश पहले कभी नहीं देखा था।





### भाजपा ने पूरा किया वादा, जगन्नाथ पुरी मंदिर के चारों द्वार खुले

**पुरी।** ओडिशा में समुद्र तट पर स्थित विश्व प्रसिद्ध भगवान जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वार गुरुवार सुबह प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में खोल दिए गए। बुधवार को ओडिशा कैबिनेट ने चारों द्वारों को खोलने का प्रस्ताव पारित किया था। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि कैबिनेट मीटिंग में जगन्नाथ मंदिर के चारों द्वारों को खोलने का हमने प्रस्ताव रखा था। गौरतलब है कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव घोषणापत्र में जगन्नाथ मंदिर के सभी द्वार खोलने का वादा किया था।

# मध्य प्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा शुरू

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा शुरू हो गई है। गुरुवार को राजधानी भोपाल के राजाभोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा की पहली उड़ान (एयर टैक्सी) को रवाना किया। इसी के साथ भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रीवा, खजुराहो और सिंगरौली एक-दूसरे से सीधे जुड़ गए। इन शहरों के बीच छह सीटर दो एयर टैक्सी संचालित होंगी। इस वायु सेवा के शुरू होने से भोपाल से इंदौर का सफर 55 मिनट में पूरा हो जाएगा। शुरूआती 30 दिन तक किराए में 50 फीसदी डिस्काउंट भी मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ह्यपीएम श्री पर्यटन वायु सेवासंचालन के शुभारंभ अवसर पर भोपाल एयरपोर्ट स्थित सेवा का टिकट बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ किया तथा यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए। यह फ्लाइट भोपाल से जबलपुर होकर रीवा जाएगी और वहां से सिंगरौली लैंड होगी। इसके बाद इसी रूट से वापस भोपाल आएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम श्री

### भोपाल से जुड़े आठ शहर



पर्यटन वायु सेवा से प्रदेश में पर्यटन के साथ-साथ उद्योग, व्यापार, शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र को भी लाभ होगा। प्रदेश में बढ़ रही एयर कनेक्टिविटी की सौगात सभी सेक्टरों को मिलेगी और प्रदेश के विकास को नये आयाम मिलेंगे। यह नियमित एयर टैक्सी सेवा भोपाल से प्रातः 7.45 बजे चलकर प्रातः 9.15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। इसके बाद जबलपुर से प्रातः 9.45 बजे प्रस्थान कर प्रातः 11.15 बजे रीवा पहुंचेगी। भोपाल से केवल साढ़े तीन घंटे में यात्री रीवा पहुंच जाएंगे। इसके बाद एयर टैक्सी प्रातः 11.30 बजे रीवा से प्रस्थान कर 12 बजे सिंगरौली पहुंचेगी। सिंगरौली से एयर टैक्सी की वापसी यात्रा दोपहर 12.15 बजे होगी। एयर टैक्सी दोपहर 12.45 बजे रीवा पहुंचेगी। रीवा से दोपहर 1.15 बजे प्रस्थान कर दोपहर 2.35 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

### पीएम मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली रवाना



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुवार को इटली के लिए रवाना हो गये। प्रधानमंत्री वहां जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और विश्व नेताओं के साथ बैठक करेंगे। जी-7 अपुलीया शिखर सम्मेलन के लिए इटली की यात्रा से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर, मैं 14 जून को जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इटली के अपुलीया क्षेत्र की यात्रा पर जा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल में मेरी पहली यात्रा जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की है। मैं 2021 में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए अपनी इटली यात्रा को गर्मजोशी से याद करता हूं।

# खांडू तीसरी बार बने अरुणाचल के सीएम

## राज्यपाल ने 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पेमा खांडू को दिलायी शपथ, 11 विधायक भी बने मंत्री









एजेंसी

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा नेता पेमा खांडू को राज्यपाल केटी परनाइक ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राज्यपाल परनायक ने 11 विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू तीसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री और चोना मीन को फिर से उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। गुरुवार को डीके कन्वेंशन सेंटर में राज्यपाल केटी परनाइक ने सबसे पहले पेमा खांडू को अरुणाचल प्रदेश के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद 11 विधायकों को भी राज्यपाल ने मंत्री पद की शपथ दिलाई। पेमा खांडू के मंत्रिमंडल के कैबिनेट मंत्रियों में ब्यूराम वागे, न्यातो दुकम, गेब्रियल डी वांगशु, वांग्की लोवांग, पीडी सोना, मामा नातुंग, दासंगलू पुल, बालो राजा, केन्टो जिनी और ओजिंग टैसिंग को शामिल किया गया है। शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री खांडू ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने भरोसा कर भाजपा को चुना है।

हम मंत्रिमंडल के साथ मिलकर राज्य की जनता का भरोसा कायम रखेंगे और राज्य के विकास के लिए और राज्य को और आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मंत्रिमंडल की टीम भाजपा के संकल्प पत्र का पालन करते हुए काम करेंगे। उन्होंने राज्य के लोगों को भाजपा पर भरोसा करने और दोबारा चुनने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके मंत्रिमंडल का भी आभार जताया।शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर के साथ ही पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्री असम के डॉ. हिमंत बिस्व सरमा, मणिपुर के एन बीरेन सिंह, त्रिपुरा के डॉ. माणिक साहा, सिक्किम के प्रेम सिंह तमांग आदि प्रमुख गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### उप मुख्यमंत्री बने चोना मीन
### शपथ में गृह मंत्री अमित शाह समेत कई मंत्री व मुख्यमंत्री हुए शामिल

# फिर नये शिखर पर पहुंचा शेयर बाजार

▸▸ सेंसेक्स 204अंक उछलकर 76,810 पर पहुंचा निफ्टी 75 अंक चढ़कर 23,398 पर बंद

मुंबई । विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत पंद्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार एक बार फिर ऊंचाई के नये शिखर पर पहुंच गया। सेंसेक्स 204.33 अंक उछलकर एक बार फिर 76,810.90 अंक के नये शिखर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.95 अंक चढ़कर 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,521.86 अंक स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत मजबूत होकर 50,678.94 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3984 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2345 में लिवाली जबकि 1539 में



बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर बंद हुईं। बीएसई में धातु, बैंकिंग, यूटिलिटीज, एफएमसीजी और दूरसंचार में 0.89 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर 15 अन्य समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कैपिटल गुड्स 2.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.01, रियल्टी 2.15, कमोडिटीज 0.55, सीडी 0.88, ऊर्जा 0.54, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 1.67, आईटी 1.08, ऑटो 0.87, तेल एवं गैस 0.53, टेक 0.45 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.79 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.44, जर्मनी का डैक्स 1.03, जापान का निक्केई 0.40 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.28 प्रतिशत गिर गया। वहीं, हांगकांग के हैंगसेंग में 0.97 प्रतिशत की बढ़त रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 495 अंक की तूफानी तेजी के साथ 77,102.05 अंक पर खुला और लिवाली के बल पर थोड़ी देर बाद 77,145.46 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर से पहले 76,719.70 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 76,606.57 अंक के मुकाबले

### चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8 प्रतिशत रहने का अनुमान : सीआइआइ

**नयी दिल्ली** । प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8 प्रतिशत को छूने के लिए तैयार है, जो लगातार चौथे वर्ष 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है। यह अनुमान अन्य अनुमानों से अधिक है लेकिन पिछले वर्षों का अनुभव यह है कि भारत ने शुरूआती अनुमानों से काफी बेहतर प्रदर्शन किया है।

### सनी देओल ने किया 'बॉर्डर-2' का एलान



मुंबई। अभिनेता सनी देयोल सनी देओल ने आगामी फिल्म बॉर्डर-2 की घोषणा की है। सनी देयोल गदर-2 की रिलीज के बाद बॉर्डर-2 को लेकर काफी चर्चा में है। इसके साथ ही सनी लाहौर 1947 की शूटिंग कर रहे हैं। देओल की 1997 में रिलीज हुई बॉर्डर फिल्म का सीक्वल करीब 27 साल बाद आ रहा है। सनी देओल ने बॉर्डर-2 की घोषणा करते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इसमें सनी की आवाज सुनाई दे रही है और वह कह रहे हैं कि 27 साल पहले एक सैनिक ने वादा किया था।

VERMA PRESS ®
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran–II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !